किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
समाज जागरण
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200
वर्षः 4 अंकः 08 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर की प्रेरणा से महिलाओं ने बनाए विशेष दीपावली दीपक

नई दिल्ली।। हाल ही में भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ किए गए सफल सैन्य हवाई अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' का रंग अब दीपावली के पर्व पर भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन की 'उम्मीद स्कीम' से जुड़ी महिलाएं इस ऑपरेशन से प्रेरित होकर विशेष प्रकार के दीपक बना रही हैं, जो न केवल पर्व की रौनक बढ़ाएंगे, बल्कि देशभक्ति का संदेश भी देंगे।

'ऑपरेशन सिंदूर' की शानदार सफलता ने पूरे देश में एक नया उत्साह और गर्व पैदा किया था, जिसका प्रभाव अब इन स्थानीय कारीगरों के हस्तशिल्प में झलक रहा है। 'उम्मीद स्कीम' के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इन दीपकों को विशेष रूप से डिजाइन कर रही हैं।

इन विशेष दीपकों में ऑपरेशन सिंदूर की भावना को दशार्ने वाले डिजाइन और सिंदूरी रंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये दीपक 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

OPERATION
SINDOOR

इस पहल से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि वे देश के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेकर अपने उत्पादों को नया रूप दे रही हैं। इन दीपकों की बिक्री से होने वाली आय से उन्हें आर्थिक संबल भी मिलेगा।

दीपक बनाने वाली रीमा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम लोग हर साल दीये बनाकर बिक्री करते हैं। इस बार वीर सैनिकों के सम्मान में हम लोग इस तरह के दीपक बना रहे हैं। ये दीपक हम उन सैनिकों को भी समर्पित करते हैं जिन्होंने हर परिस्थिति में देश और जम्मू-कश्मीर की रक्षा की है। हमारी सेनाएं हर समय हमारे रक्षक के रूप में तैयार रहती हैं।"

लवली ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि हम जो विशेष दीपक तैयार कर रहे हैं, उनका उद्देश्य हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सैनिकों के साहस को सम्मान देना है। पाकिस्तान ने हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को निशाना बनाया था। उनकी याद में हम यह दीपक तैयार कर रहे हैं ताकि हर घर में इन्हें जलाकर उनके प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त किया जा सके। (इनपुट-आईएएनएस)

भारत-ब्राजील की संयुक्त घोषणा, मकोर्सुर-भारत व्यापार समझौते को और प्रगाढ बनाने के लिए सहमत

ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन दो दिनों के भारत दौरे पर पहुंचे हैं। ब्राजील के उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार और सेवा मंत्री गेराल्डो अल्कमिन गुरुवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। नई दिल्ली में बैठक के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, अपने मौजूदा अधिमान्य व्यापार समझौते को प्रगाढ़ करने में भारत और मकोर्सुर सदस्य देशों की रुचि का स्वागत किया। भारत और मकोर्सुर के बीच 17 जून 2003 को हस्ताक्षरित रूपरेखा समझौते को याद करते हुए, जिसका उद्देश्य संबंधों को मजबूत करना और विश्व व्यापार संगठन के नियमों और अनुशासनों के अनुरूप व्यापार के विस्तार को बढ़ावा देना था,

भगोड़े चाहे कहीं भी छुपे क्यों न हों, भारतीय अदालत के सामने लेकर आएंगे: केंद्रीय गृहमंत्री

समाज जागरण

नई दिल्लीः केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भारत में अब भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को और अधिक सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ देश में बैठे अपराधियों पर ही नहीं, बल्कि बाहर से देश में अपराध कराने वालों पर भी जीरो टॉलरेंस होना चाहिए।

दरअसल, गृहमंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित 'भगोड़ों के प्रत्यर्पण पर सम्मेलनः चुनौतियां और रणनीतियां' को संबोधित किया। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा किया गया। उन्होंने कहा, "हम करप्शन, संगठित अपराध और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाते हैं।"

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में अब भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को और अधिक सख्ती से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ देश में बैठे अपराधियों पर ही नहीं, बल्कि बाहर से देश में अपराध कराने वालों पर भी जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। उन्होंने कहा, "जो लोग देश के बाहर बैठकर भारत में अपराध, भ्रष्टाचार और आतंकवाद फैलाने की कोशिश करते हैं, उन्हें भी कानून के दायरे में लाने के लिए एक सुनिश्चित तंत्र बनाना हमारी जिम्मेदारी है।" गृह मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने भगोड़ों के खिलाफ कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए 'भारतपोल' और तीन नए आपराधिक कानूनों में ट्रायल इन एब्सेंशिया (बिना आरोपी की मौजूदगी के मुकदमे की सुनवाई और फैसला किया जाना) जैसी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा, "इन प्रावधानों के माध्यम से कोई भी भगोड़ा, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो, उसे हम अदालत के सामने पेश करने में सक्षम होंगे।"

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, "अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज क्यों न हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिमान होनी चाहिए।" गृहमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है जब हर भगोड़े के खिलाफ रुथलेस अप्रोच अपनाने की जरूरत है, चाहे वह आर्थिक अपराधी हो, साइबर अपराधी, आतंकी या किसी संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी अपराधियों को भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करना ही सरकार का संकल्प है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत की एजेंसियां अब एकीकृत और तकनीक आधारित तंत्र के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भगोड़ों का पता लगाने और उन्हें भारत लाने में सक्षम हो रही हैं।

गृहमंत्री ने कहा, "मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य एक मजबूत भारत है, जो सीमाओं की सुरक्षा, कानून के शासन और स्मार्ट डिप्लोमेसी के माध्यम से विश्व में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाएगा। आज हम ग्लोबल ऑपरेशन्स, स्ट्रांग कोऑर्डिनेशन और स्मार्ट डिप्लोमेसी इन तीनों क्षेत्रों के संयोजन पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।" कार्यक्रम में देश-विदेश के कानून विशेषज्ञ, प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी और कानूनी प्रतिनिधि शामिल हुए।

अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना ICC के सितंबर महीने के श्रेष्ठ खिलाड़ी

समाज जागरण

आईसीसी ने भारतीय टी20 टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सितंबर महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा है। बाएं हाथ के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एशिया कप 2025 में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अभिषेक ने सात मैचों में 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए थे। वे टूनार्मेंट के श्रेष्ठ स्कोरर थे। इसी प्रदर्शन के आधार पर अभिषेक को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया।

अभिषेक ने इस पुरस्कार के दौर में अपनी टीम के साथी खिलाड़ी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को पछाड़ा। आईसीसी द्वारा जारी एक बयान में अभिषेक ने गुरुवार को कहा, "पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह पुरस्कार कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मैं टीम को जीत दिलाने में मदद कर सका। मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर गर्व है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत दिला सकती है।"

अभिषेक ने कहा, "टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी उत्कृष्ट टीम संस्कृति और सकारात्मक सोच को दशार्ता है। मैं टीम प्रबंधन को उनके मार्गदर्शन के लिए और अपने सभी साथियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उस पैनल का भी आभारी हूं जिसने मुझे इस पुरस्कार के लिए चुना।"

महिला श्रेणी में सितंबर महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार स्मृति मंधाना को दिया गया। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में 58, 117, और 125 रनों की पारी खेली थी। मंधाना ने सीरीज में 77 की औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए थे। मंधाना ने इस पुरस्कार की रेस में दक्षिण अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन को पछाड़ा।

मंधाना ने कहा, "सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस तरह का सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने और विकसित होने के लिए प्रेरित करता है। यह सम्मान उस समर्थन, विश्वास और प्रयास को भी दशार्ता है जो हम एक टीम के रूप में सामूहिक रूप से एक साथ देते हैं। मेरा लक्ष्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और टीम के लिए मैच जीतना रहा है। मैं उन अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं जिनसे आगे आने वाले मैचों में भारत को यादगार जीत मिलेगी।"

एनसीआर में अब सिर्फ 'ग्रीन पटाखे' ही जलेंगे!

गाजियाबाद. सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली ने 15 अक्टूबर 2025 को एमसी मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए एनसीआर में पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर सख्त नियम लागू किए हैं. आदेश के अनुसार अब केवल 'ग्रीन पटाखे' ही बनाए, बेचे और उपयोग किए जा सकेंगे. इनकी बिक्री 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक ही की जा सकेगी. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित अधिकृत स्थलों पर ही की जाएगी. इसके लिए जिला कलेक्टर/कमिश्नर पुलिस अधीक्षक से परामर्श कर निर्धारित स्थल तय करेंगे, जिनकी सूचना जनता को व्यापक रूप से दी जाएगी.

कोई चॉइस नहीं, हमें अंदर जाकर उन्हें मारना होगा... हमास को ट्रंप की धमकी, क्या अब आर्मी एक्शन होगा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर गाजा में लोगों की हत्या करना जारी रखा तो हमारे पास कोई चॉइस नहीं बचेगा. अमेरिका के पास विकल्प कम रह जाएंगे और हमें अंदर जाकर उन्हें मारना होगा. ट्रंप के इस मैसेज ने मिडिल ईस्ट में एक बार फिर आग भड़का दी है. ऐसी संभावनाएं जताई जाने लगी हैं कि अमेरिकी सेना कहीं हमास पर अटैक न कर दे. उधर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि मारे गए बंधकों के शव नहीं मिले तो हम तबाही मचा देंगे. इजरायल पूरी ताकत के साथ हमास से बात करेगा.

पिछले कुछ दिनों में हमास ने कुछ बंधकों के शव वापस किए हैं, जिनमें से दो की पुष्टि इनबार हैइमैन और सार्जेंट मेजर मुहम्मद अल-अतारश के तौर पर हुई. इन हालिया सौंपियों के बाद सोमवार से अब तक मृत बंधकों की वापसी की संख्या नौ बताई गई है, जबकि अभी भी कई शव गाजा में बने हुए हैं. इस बीच वह 20 जीवित बंधक जिन्हें सोमवार को रिहा किया गया था, उनके बदले इजराइल ने 250 फिलिस्तीनी कैदियों और 1,718 गाजा कैदियों को रिहा कर दिया था.

हमास ने क्या कहा

हमास की सैन्य शाखा ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि शेष शवों की तलाश जारी है और इसके लिए बड़े प्रयास और विशेष तकनीकी उपकरणों की आवश्यकता होगी. वहीं इस देरी के चलते इजरायली जनता में हमास के प्रति गुस्सा तेज हुआ है और कुछ आवाजें यह कह रही हैं कि हमास ने पिछले सप्ताह के सीजफायर समझौते के तहत अपनी ज़िम्मेदारियों का पालन नहीं किया. हालांकि संयुक्त राज्य की प्रशासनिक वकि्तयों ने इस बात को बहुत अधिक तौर पर "समझौते का उल्लंघन" बताने से हतोत्साहित किया है.

मिडिल ईस्ट में जंग को नया मोड़

ट्रंप के ट्वीट ने मिडिल ईस्ट में जंग को नया मोड़ दे दिया है. कूटनीतिक मामलों के जानकारों का मानना है कि ट्रंप का यह मैसेज सिर्फ हमास के लिए नहीं है बल्कि रूस, ईरान और अन्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए भी है. दूसरी ओर, नेतन्याहू का पूरी ताकत वाला संदेश इजरायल की सैन्य नीति और आक्रामकता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दोहराता है. हालांकि, लोगों का अभी भी मानना है कि अमेरिका आर्मी ऑपरेशन को आखिरी विकल्प मानेगा. उससे पहले मुद्दों को सुलझाने की कोशिश करेगा.

दीपावली पर मुख्यमंत्री योगी का बड़ा उपहार: प्रदेश के 28 लाख कर्मचारियों व पेंशनरों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि

समाज जागरण

लखनऊ, 16 अक्टूबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर प्रदेश के 28 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की दरों में वृद्धि का उपहार दिया है। गुरुवार को लिए गए मुख्यमंत्री के इस निर्णय के अनुसार अब प्रदेश के सभी पात्र 16.35 लाख कर्मचारियों एवं 11.52 लाख पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को 01 जुलाई 2025 से 55 प्रतिशत के स्थान पर 58 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभ प्राप्त होगा।

बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। महंगाई के प्रभाव से उन्हें राहत पहुंचाना और उनके जीवनस्तर में सुधार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति संवेदना और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपावली का यह उपहार उनके जीवन में नई ऊर्जा, प्रसन्नता और समृद्धि लेकर आएगा। इस निर्णय का लाभ सभी कर्मचारियों को मिलेगा, जिनमें सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के कर्मचारी, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारी, कार्यप्रभारित कर्मचारी तथा यूजीसी वेतनमान के कर्मचारी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एवं राहत का भुगतान माह अक्टूबर 2025 से नकद रूप में किया जाए। व्यापक हित मे लिए गए इस निर्णय से मार्च 2026 तक राज्य सरकार पर 1960 करोड़ का अतिरिक्त व्यय भार आएगा।

"हम पिछड़े समुदाय से नहीं हैं": नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण में शामिल होने से किया इनकार

समाज जागरण

बैंगलोरः राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति और उनके पति तथा इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा कराए जा रहे सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण, जिसे कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण के रूप में जाना जाता है, में भाग लेने से इनकार कर दिया है।

मूर्ति ने कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को लिखे एक स्व-सत्यापित पत्र में परिवार द्वारा सर्वेक्षण में भाग लेने से इनकार करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वे पिछड़े समुदाय से नहीं हैं और इसलिए इस सर्वेक्षण में भाग नहीं लेंगे।

पत्र में, नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति ने कहा कि वे व्यक्तिगत विवरण देने से इनकार कर रहे हैं। पत्र में लिखा है, "हम और हमारा परिवार जनगणना में भाग नहीं लेंगे, और हम इस पत्र के माध्यम से इसकी पुष्टि कर रहे हैं।"

इस बीच, एक पुस्तक विमोचन समारोह के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से जब सुधा मूर्ति के इस बयान के बारे में पूछा गया कि वे जाति जनगणना के लिए जानकारी नहीं देंगी, तो उन्होंने कहा, "हम किसी को जानकारी देने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। यह उनकी इच्छा है।"

इससे पहले, शिवकुमार ने जोर देकर कहा था कि राज्य सरकार द्वारा 8 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 10 दिनों की छुट्टी घोषित करने के बाद, सभी को न्याय दिलाने के लिए सरकार एक सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण करा रही है, जिससे इन स्कूलों के शिक्षक सर्वेक्षण में भाग ले सकें।

कर्नाटक का सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण 22 सितंबर को शुरू हुआ था और राज्य के बाकी हिस्सों के लिए 12 अक्टूबर को और बेंगलुरु के लिए 24 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है, क्योंकि 7 अक्टूबर की मूल समय सीमा को बढ़ा दिया गया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य राज्य के लगभग 7 करोड़ लोगों की गणना करना और समाज में उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति के बारे में जानना है।

अब तो पुलिस सिस्टम का रिफार्म कीजिए

हरियाणा में आईपीएल अधिकारी की आत्महत्या और मप्र में एक महिला डीएसपी की लूट के मामले में गिरफ्तारी के बाद ये बहुत जरूरी हो गया है कि देश के पुलिस सिस्टम पर गंभीरता से न सिर्फ विचार किया जाए बल्कि पुलिस रिफार्म की दिशा में तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं. कितने अफसोस की बात है कि आत्महत्या करने वाले हरियाणा कैडर के आईपीएस अफसर के शव का पोस्टमार्टम आठ दिन बाद हुआ, वो भी तब जब मृतक की पत्नी ने बुधवार सुबह पूरन कुमार के पोस्टमार्टम की लिखित इजाजत दे दी.

इससे पहले मंगलवार को चंडीगढ़ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अदालत का रुख किया था. इस बात की इजाजत लेने के लिए कि चूंकि परिवार तैयार नहीं है, लिहाजा अदालत मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरन कुमार के शव के पोस्टमार्टम की इजाजत दे. लेकिन इससे पहले कि अदालत इस पर सुनवाई करती, बुधवार सुबह पूरन कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार ने चंडीगढ़ पुलिस को बाकायदा लिखित में पोस्टमार्टम कराने की इजाजत दे दी.

कब सुधरेंगी देश की पुलिस

दूसरी तरफ रोहतक के साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर का शव अब पोस्टमार्टम का इंतजार कर रहा है. ठीक आईपीएस पूरन कुमार की तरह ही संदीप के परिवार वालों ने भी पोस्टमार्टम के लिए जरूरी इजाजत देने से इनकार कर दिया है. उनकी मांग है कि पहले संदीप की मौत की न्यायिक जांच हो और संदीप की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

संदीप के परिवार की ये भी मांग है कि संदीप ने मौत से पहले फाइनल नोट के साथ-साथ वीडियो के जरिए जो अपना आखिरी बयान दर्ज किया है, उस वीडियो बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाए

इस वीडियो में संदीप ने सीधे-सीधे आईपीएस वाई पूरन कुमार और उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के इल्जाम लगाए हैं. संदीप लाठर ने दिवंगत पूरन कुमार को लेकर अपने आखिरी वीडियो में बहुत कुछ कहा है.ये शायद देश का पहला और इकलौता मामला होगा, जब एक सीनियर आईपीएस अफसर खुदकुशी करता है और उस अफसर की सीनियर आईएएस पत्नी अफसर पुलिस थाने में एक रिपोर्ट लिखाती है. इस रिपोर्ट में वो अपने आईपीएस पति की खुदकुशी के लिए राज्य के सबसे बड़े पुलिस अफसर यानि डीजीपी और एक एसपी की गिरफ्तारी की मांग करती है.

खुदकुशी करने वाले आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के सुसाइड नोट में उन्होंने कुल 15 आईएएस और आईपीएस अफसरों को उन्होंने अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है. इनमें हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, डीजीपीशत्रुजीत कपूर, पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिवराजीव अरोड़ा, पूर्व डीजीपीमनोज यादव, पूर्व डीजीपी हरियाणा पीके अग्रवाल, संदीप खिरवार, के अलावा 7अन्य प्रशासनिक अफसरों के नाम शामिल हैं.

आपको बता दूं कि चंडीगढ़ में अपने घर के बेसमेंट में रिक्लाइनर कुर्सी पर बैठकर 7 अक्टूबर की दोपहर हरियाणा कैडर के 2001 बैच के आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी की थी. उसी कमरे से 9 पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला था, जाहिर है कि नौकरशाही में चल रही उठापटक से या तो हरियाणा के मुख्यमंत्री मुंह चुराते रहे या उन्हे इसकी खबर ही नही थी. इस तरह दोनों ही स्थितियां गंभीर हैं और ये इशारा कर रहीं हैं कि सिस्टम पंगु हो चुका है. किसी की बात कोई सुनने को तैयार नहीं है.

मप्र में भी कमोवेश यही दशा है. यहाँ पुलिस हत्यारी और डकैत बन चुकी है. मप्र में गृह विभाग खुद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास है इहलिए यदि पुलिस की महिला डीएसपी गिरोह बनाकर डकैती करती है या पुलिस मालखाने का माल खा जाती है या चौथ न मिलने पर किसी निर्दोष को पीट पीटकर मार डालती है तो इसके लिए मुख्यमंत्री के अलावा किसी दूसरे पर दोष नहीं मढा जा सकता. क्योंकि सिपाही से लेकर एसपी तक की पदस्थापना सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है.

ऐसी तमाम घटनाएं ये कह रही हैं कि केवल हरियाणा या मप्र कीही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की पुलिस वर्दी वाले गुंडे का रूप ले चुकी है. इसलिए सिस्टम में तत्काल रिफार्म की जरुरत है. पुलिस रिफार्म केंद्र का मामला है. अब देखना है कि केंद्र पुलिस को सुधारती है या फिर उनका इस्तेमाल आर एस एस के स्वयं सेवकों की तरह ही करना चाहती है.

उल्लेखनीय है कि भारत में अभी भी अंग्रेजो के बनाये गये अधिनियम से प्रेरित भारतीय पुलिस अधिनियम, 1861" ही वजूद में है।यह अधिनियम ब्रिटिश सरकार ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद लागू किया.स्वतंत्र भारत में यह अधिनियम अभी भी कई राज्यों में लागू है, परंतु कई राज्यों ने अपने नए पुलिस अधिनियम बनाए हैं।इनमें केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली,मप्र ने अपने पुलिस अधिनियम बनाए हैं.

पुलिस रिफार्म के लिए भी कई आयोग बने हैं जिन्होंने 1861 के पुराने कानून को बदलने की सिफारिश कीः इनमें राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977झ1981),रिबेरो समिति (1998),पद्मनाभैया समिति (2000),मालिमथ समिति (2003) के अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश (2006, प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार) प्रमुख हैं किंतु अधिकांश राज्य अब भी 1861 के कानून या उसके संशोधित रूप का पालन कर रहे हैं।.केंद्र सरकार ने 2023 में "भारतीय न्याय संहिता", "भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता" आदि नए कानून प्रस्तावित किए हैं, जिनसे पुलिस व्यवस्था पर भी असर पड़ेगा। सुना है कि एक नया ऑल इंडिया पुलिस अधिनियम लाने पर चर्चा चल रही है, पर अभी तक लागू नहीं हुआ है।

@ राकेश अचल

बिहार: नामांकन के अंतिम दिन तक महागठबंधन में सीटों के लिये घमासान

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए शुक्रवार, 17 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन है, लेकिन उससे पहले ही विपक्षी इंडी गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर घमासान चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच सीटों की हिस्सेदारी को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं, वहीं तीसरे और छोटे सहयोगी दल भी अपनी-अपनी सियासी हैसियत के हिसाब से ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। गठबंधन को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरना था ताकि सत्ता पक्ष को टक्कर दी जा सके, लेकिन आज की स्थिति देखकर लगता है कि अंदरूनी सिर फुटव्वल ने विपक्षी एकजुटता की तस्वीर को धुंधला कर दिया है।बिहार की सियासत में राजद और कांग्रेस का साथ नया नहीं है, लेकिन इस बार की परिस्थिति कुछ अलग है। लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक उत्तराधिकारी मानी जाने वाली पार्टी राजद को गठबंधन का नेतृत्वकर्ता दल माना जा रहा है, जबकि कांग्रेस अपने परंपरागत वोट बैंक और राष्ट्रीय पहचान के आधार पर अधिक सीटों की मांग पर अड़ी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुलाकात बंद कमरे में करीब एक घंटे तक चली, जिसमें तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने करीब 80 सीटों की मांग रखी है, जबकि राजद उसे 50 से अधिक देने के मूड में नहीं है। इस खींचतान के बीच यह गठबंधन कमजोर दिखने लगा है।

राजद की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि बिहार में उनकी संगठनात्मक पकड़ कांग्रेस से कहीं ज्यादा गहरी है। 2020 के चुनाव में भी कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन केवल 19 सीटें जीत पाई थी। इससे राजद नेतृत्व यह तर्क दे रहा है कि कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद से काफी खराब रहा था, इसलिए इस बार उसे कम सीटों पर लड़ा जाना चाहिए। उधर कांग्रेस का कहना है कि उसकी उपस्थिति राज्य के लगभग सभी जिलों में है और गठबंधन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने के लिए उसे पर्याप्त राजनीतिक स्पेस मिलना चाहिए। दोनों दलों के बीच सीटों की अपनी-अपनी दावेदारी के बीच इन दलों की राजनीतिक बयानबाजी सड़क चौराहों पर पहुंच गई है, जिससे कार्यकताओं में भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश साहनी गठबंधन में असंतोष के सबसे मुखर आवाज बनकर उभरे हैं। साहनी, जो खुद को ह्यमल्लाह समाज का चेहराह्न बताते हैं, को अब तक केवल 4 से 5 सीटों की पेशकश की गई है, जबकि वे कम से कम 15 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की मांग कर रहे हैं। राजद नेताओं का कहना है कि वीआईपी की संगठनात्मक ताकत सीमित है और इतनी सीटें देना समीकरणों के हिसाब से संभव नहीं है। इससे नाराज मुकेश साहनी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर अपनी रणनीति स्पष्ट करने का ऐलान किया है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि साहनी इंडी गठबंधन छोड़ स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं या किसी तीसरे मोर्चे से हाथ मिला सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो गठबंधन की एकजुटता और कमजोर पड़ जाएगी।

बिहार
विधानसभा चुनाव 2025

उधर, कांग्रेस और राजद के बीच जो पेंच फंसा है, उसमें मध्यस्थता की जिम्मेदारी वामपंथी दलों को सौंपी गई है। लेकिन सीपीआई और सीपीएम जैसे दलों की राज्य में सीमित ताकत होने के कारण वे इस विवाद को सुलझा पाने की स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। बीजेपी और एनडीए खेमे में इस खेमेबाजी को लेकर खुशी का माहौल है। एनडीए रणनीतिकारों का कहना है कि जब विपक्ष खुद एक मंच पर नहीं टिक पा रहा तो जनता को क्या भरोसा दिलाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुनः सत्ता में आने के बाद से राजद और कांग्रेस लगातार एनडीए सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसान मुद्दों और भ्रष्टाचार को लेकर हमले कर रहे हैं, लेकिन अंदरूनी मतभेदों ने उनकी राजनीतिक धार को कुंद कर दिया है।बिहार के राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि सीट बंटवारा केवल संख्या का खेल नहीं बल्कि जातीय समीकरणों, क्षेत्रीय प्रभाव और स्थानीय नेतृत्व की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है। राजद यादव-मुस्लिम समीकरण पर टिके रहना चाहता है, जबकि कांग्रेस ब्राह्मण, बनिया और अनुसूचित जाति के मतदाताओं को साधने की रणनीति बना रही है। वीआईपी का आधार मल्लाह समुदाय में है, और इस वर्ग के वोट कई सीटों पर निर्णायक हो सकते हैं। यदि यह वर्ग अलग दिशा में चला गया, तो नुकसान राजद-कांग्रेस गठबंधन को ही होगा।अंदरूनी खींचतान का दूसरा पहलू स्थानीय नेताओं की नाराजगी है। राजद के कुछ पुराने नेताओं को टिकट वितरण की प्रक्रिया में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराते देखा गया है। कई जगहों पर कार्यकताओं ने कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस में भी असंतोष खुलकर सामने आ गया है, क्योंकि टिकट मांगने वालों की संख्या अत्यधिक है लेकिन सीटें सीमित। राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक से पहले कांग्रेस हाईकमान ने अपने बिहार प्रभारी को निर्देश दिया था कि वे युवा चेहरों को प्राथमिकता दें, लेकिन इससे पुराने नेताओं में असंतोष फैला है।

राजनीतिक पर्यवेक्षक यह भी मानते हैं कि राहुल गांधी की लालू यादव से मुलाकात एक 'सेव-द-एलायंस' प्रयास थी, जहां दोनों वरिष्ठ नेताओं ने गठबंधन को अंतिम क्षण तक टूटने से बचाने की कोशिश की है। लेकिन बिहार जैसे राज्य में, जहां जातीय और क्षेत्रीय समीकरण हर चुनाव को प्रभावित करते हैं, वहां सीट बंटवारा केवल ऊपर के स्तर का समझौता नहीं बल्कि जमीनी परिघटना होती है। अगर इस पर मजबूत तालमेल नहीं बैठा तो उम्मीदवारी फॉर्म भरने के अंतिम दिन तक कई सीटों पर गठबंधन की स्थिति अस्पष्ट रह सकती है। अब जबकि नामांकन की अंतिम तारीख सिर पर है, हर घंटे गठबंधन के भीतर नई खींचतान और बयानबाजियां सामने आ रही हैं। राजद चाहती है कि अंतिम सूची इसी रात तक जारी कर दी जाए ताकि शुक्रवार को नामांकन संभव हो सके, जबकि कांग्रेस ने अपने केंद्रीय नेतृत्व की दिल्ली में बैठक बुला ली है। उसी समय मुकेश साहनी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और उसके संभावित नतीजे पूरे समीकरण को और उलझा सकते हैं।

बिहार की जनता इन सब राजनीतिक जटिलताओं को बारीकी से देख रही है। जनता के लिए मुद्दे वही हैं रोजगार, शिक्षा, कानून व्यवस्था और महंगाई लेकिन विपक्ष जब खुद के भीतर बंटा हुआ दिखता है तो उसकी वैकल्पिक राजनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। 2020 के चुनाव में भी विपक्षी एकता के बावजूद एनडीए ने मुश्किल से जीत हासिल की थी, पर इस बार के भीतरूनी मतभेद विपक्ष को और कमजोर बना सकते हैं। कल के दिन नामांकन की अंतिम तिथि बीतते ही तस्वीर कुछ साफ जरूर होगी कि गठबंधन एकजुट होकर मैदान में उतरता है या सीट बंटवारे की इस खींचतान में उसका ढांचा बिखर जाता है। अभी के संकेत बताते हैं कि राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक के बावजूद समन्वय पूरी तरह नहीं बन पाया है। ऐसे में बिहार के मतदाता अब इस इंतजार में हैं कि क्या विपक्षी दल अपनी अंतर्विरोधी राजनीति से ऊपर उठकर सत्ता पक्ष को वास्तविक चुनौती देंगे या फिर आंतरिक सिर फुटव्वल ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनेगी।

बिहार में जदयू का ओबीसी तो बीजेपी का अगड़ों-दलितों पर बड़ा दांव

संजय सक्सेना,लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए ने सीटों का बंटवारा पूरी रणनीतिक सोच और जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए किया। भाजपा और जदयू दोनों ने अपनी परंपरागत और मजबूत जातीय आधारों को साधने के लिए टिकट वितरण में खासा फोकस रखा। दोनों दलों की सूची से साफ है कि वे बिहार के वोट बैंक की विविधता को समेटने की कोशिश में हैं, ताकि किसी भी वर्ग या समुदाय की नाराजगी ना हो और विरोधी दलों की सामाजिक न्याय की राजनीति को चुनौती दी जा सके।

इस चुनाव में दागी उम्मीदवारों की संख्या भी चर्चा का विषय रही है, जिसमें एनडीए के नाम कई गंभीर आरोपों वाले प्रत्याशी शामिल हैं। एनडीए के सीट बंटवारे की शुरूआत इस बार 243 में से भाजपा और जदयू को 101-101 सीटें देकर हुई और बाकी सीटें सहयोगी दलों को दी गईं। सीटें तय करते वक्त एनडीए ने यह ध्यान रखा कि जदयू यानी नीतीश कुमार की पार्टी पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्गों में मजबूत है, जबकि भाजपा का प्रभाव सवर्ण, वैश्य, कुछ पिछड़ी जातियों एवं दलितों में पसंद किया जाता है। टिकट वितरण के समय भाजपा ने अपनी पहली सूची में 71 उम्मीदवार उतारे, जिसमें सवर्ण यानी राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण, कायस्थ जैसी पारंपरिक जातियों के 34 नेताओं को मौका दिया गया। ये वो जातियां हैं, जिनका बीजेपी के साथ वोट बैंक सबसे मजबूत माना जाता है।

इसके साथ ही भाजपा ने सामाजिक संतुलन साधते हुए करीब 50 फीसदी टिकट ओबीसी, दलित, ईबीसी जैसी सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को दिए। पार्टी ने 9 महिला उम्मीदवारों को भी जगह दी, ताकि महिला मतदाताओं को साधा जा सके। मुस्लिम प्रत्याशी भाजपा ने एक भी नहीं उतारे। यह भी भाजपा की परंपरागत रणनीति का हिस्सा है, जहां वह हिंदू बहुल सीटों पर फोकस कर रही है। टिकट पाने वालों में दोनों डिप्टी सीएम, कई पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ विधायक शामिल हैं, वहीं कुछ पुराने दिग्गजों का टिकट काटकर नई पीढ़ी को मौका भी दिया गया।

जदयू ने भी जातीय समीकरणों को साधते हुए अपनी पहली सूची में 57 उम्मीदवार उतारे, जिसमें 22 पिछड़ा वर्ग और 10 अति पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी हैं। यानी कुल 56 फीसदी टिकट पिछड़ी और अत्यंत पिछड़ी जातियों को दिए गए। महादलित, दलित और मुस्लिम प्रत्याशी भी जदयू की प्राथमिकता में रहे, मगर जदयू की पहली सूची में मुस्लिम उम्मीदवार नहीं मिले जबकि दूसरी सूची में चार मुस्लिम प्रत्याशी उतारे गए हैं। अति पिछड़ा वर्ग की संख्या के लिहाज से यह फैसला बिहार के सामाजिक ताने-बाने पर सीधा असर डालता है, क्योंकि राज्य की आबादी में 36 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं जातियों का है। जदयू ने अपने पुराने मंत्रियों एवं विधायकों को दोबारा मौका दिया, जिससे इन वर्गों में पार्टी की पकड़ मजबूत बनी रहे। कुछ सीटों पर जदयू व लोजपा (चिराग पासवान) के बीच विवाद देखा गया, मगर जदयू ने अपने दावे वाली सीटों पर समझौता नहीं किया।

एनडीए की सूची दागी उम्मीदवारों के मसले पर भी सवालों की जद में रही है। चुनावी विश्लेषण और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पूरे राज्य के उम्मीदवारों को देखें तो लगभग 32 प्रतिशत प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं, जिनमें से करीब 25 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनडीए के कई उम्मीदवारों की गिनती विवादित श्रेणी में होती है। एनडीए में जदयू के कई उम्मीदवार, जैसे चर्चित बाहुबली नेता अनंत सिंह, जिनके खिलाफ 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं, टिकट पाने वालों की फेहरिस्त में शामिल हैं। इनके अलावा भाजपा और जदयू दोनों की सूचियों में करोड़पति प्रत्याशियों के साथ-साथ बड़े मुकदमों वाले "बाहुबली" भी नजर आ रहे हैं।

महागठबंधन की तुलना में, एनडीए में दागियों की संख्या थोड़ी कम बताई जा रही है, लेकिन राज्य के चुनावी माहौल में ऐसे चेहरों को टिकट देने पर बहस जारी है। कई बार ऐसा देखा गया है कि जातीय और स्थानीय प्रभाव के कारण दलों को ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना पड़ता है जिन्होंने भूतकाल में गंभीर आपराधिक मामले झेले हों, क्योंकि वे अपने इलाके में विकल्पहीन, मजबूत या लोकप्रिय माने जाते हैं। एनडीए के अंदर इस बार भी ऐसे नामों को शामिल किया गया है जो वोट बैंक को साधने के लिए जरूरी समझे गए हैं।

कुल मिलाकर बिहार चुनाव 2025 में एनडीए ने सीट बंटवारे व टिकट वितरण में जातीय संतुलन को ही अपनी जीत की कुंजी माना है। भाजपा ने सवर्णों, दलितों व ओबीसी पर, जदयू ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के नेताओं पर दांव लगाया है। दोनों ने अपने मजबूत क्षेत्रों के पुराने चेहरों को दोबारा मौका देते हुए नए वर्गों में भी संदेश देने का प्रयास किया। दागी उम्मीदवारों की मौजूदगी भी दिखाती है कि सिर्फ "साफ-सुथरी राजनीति" का दावा करके बिहार जीतना फिलहाल नामुमकिन है। जातीय समीकरण और आपराधिक छवि वाले बाहुबली नेताओं के बलबूते ही पार्टियां चुनावी मजबूती हासिल करने की कोशिश करती रही हैं और यही समीकरण इस बार भी पूरी तरह हावी रहा।

कहीं कोई शायद।

कमरे के दरवाजे से गुजरती
हल्की हवा,
मुझे अपने भीतर ले जाती है।
सन्नाटे में भी कोई
मौन सुनाई देता,
जो मेरी खोई हुई यादों से
आती है।

कुर्सी मेरी प्रतीक्षा में खड़ी है,
पर मैं अकेला, बस अपने
सन्नाटे के साथ।
दीवारें भी कहती हैं कुछ,
पर उनकी बातें सिर्फ.मेरी
यादों को छूती हैं।

पुराने फोटो, पुराने खत –
हर चीज मुझे फिर वही पल
दिखाती है,
जहाँ मैं और मेरी खुशियाँ
अब नहीं हैं।
एक मुस्कान, एक आँखों की
चमक,
सिर्फ.स्मृतियों में जीवित हैं।

रास्तों की भीड़ में भी,
मन कहीं और खो जाता है।
कहीं कोई नहीं, बस यादें हैं
–
और मैं, उनके बीच अकेला,
धीरे-धीरे घुलता हुआ।

संजीव ठाकुर रायपुर
छत्तीसगढ़ 9009 415 415

घरों में मिठाइयाँ, बाजारों में रोशनी और हाथों में पटाखों की चकाचौंध।

दिवाली का मौसम आया और देश की गलियों में खुशियाँ लौट आई हैं। घरों में मिठाइयाँ, बाजारों में रोशनी और हाथों में पटाखों की चकाचौंध। लेकिन कांग्रेस और वामपंथी नेताओं की आँखों में चिंता की गहरी लकीरें बन गई हैं। वजह? ग्रीन पटाखा! अब उनका नया मोर्चा बन गया है – "ध्वनि और धुआँ कम करो, पर्यावरण बचाओ।" वे हर मंच, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया पोस्ट में यह याद दिलाते नहीं थकते कि यह पटाखा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि उनके विरोध की आवाज को दबाने का हथियार बन गया है। लेकिन जनता का नजरिया अलग है – बच्चों के लिए यह उत्सव है, दुकानदारों के लिए बिक्री का मौसम और नेताओं के लिए रोजमर्रा का व्यंग्य।

दुकानदार सोच रहे हैं – "भाई, ग्रीन पटाखा लाए हैं, बिके या न बिके, अब हर नेता इसे अपनी राजनीति में इस्तेमाल कर रहा है!"। बच्चों के लिए यह सिर्फ रंग और धमाका है, पर नेताओं के लिए यह चिंता का नया तंत्र बन गया।

कांग्रेस वाले सोच रहे हैं झ ह्ये ग्रीन पटाखा हमारी विरोध की आवाज तो दबा देगा न?" और वामपंथी नेताजी शायद गहरी सांस लेते हुए कह रहे हों – "भले धुआँ कम हो, लेकिन हमारा विरोध कभी कम नहीं होगा।"

दूसरी ओर, जनता और सोशल मीडिया भी इस पर हंस-हंस कर ट्रेंड बना रही है – "ग्रीन पटाखाः पर्यावरण-अनुकूल, नेताओं के सिरदर्द-अनुकूल।" अब केवल रंग ही नहीं, तंज और व्यंग्य भी हर घर में फूट रहे हैं।

असल में ग्रीन पटाखा अब सिर्फ पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस और वामपंथियों के सिरदर्द के लिए भी एक अनिवार्य उपकरण बन गया है। दिवाली पर रोशनी और मिठाइयाँ तो हर घर में हैं, लेकिन राजनीतिक व्यंग्य की चिंगारी अब हर पटाखे के साथ चमक रही है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने किया 'यूपी ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025' का अवलोकन

कारीगरों, उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों से किया संवाद, स्वदेशी उत्पादों की सराहना

गौतमबुद्धनगर, 16 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण ब्यूरो): उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान ने गुरुवार को नोएडा हाट, सेक्टर–33अ में आयोजित 'यूपी ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025' का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया तथा प्रदेशभर से आए कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से गौतम बुद्ध नगर में 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' का सफल आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत माह उद्घाटित "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो–2025" की सफलता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सभी 75 जनपदों में 'यूपी ट्रेड शो–स्वदेशी मेला' आयोजित करने का निर्णय लिया है।

हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक उत्पादों तथा पारंपरिक उद्योगों से जुड़े स्टालों का अवलोकन करते हुए कहा कि –

> "प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों की सृजनशीलता वास्तव में उत्तर प्रदेश की पहचान है। हमारे स्वदेशी उत्पाद आज न केवल देश में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।"

मंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने का आह्वान करते हुए नागरिकों से अपील की कि वे दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करें, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दें और जीएसटी बचत का भी लाभ उठाएँ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने मंत्री राकेश सचान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मेले में नागरिकों, कारीगरों और उद्यमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रदेश के स्वदेशी उत्पादों को नई पहचान और विस्तृत बाजार मिल रहा है। यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'वोकल फॉर लोकल' मुहिम को सशक्त बना रहा है और उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर कर रहा है। – सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

ग्राम्य जलवायु परिवर्तन एवं आपदाओं के अनुकूलन पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

दादरी स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किया सहभाग

गौतमबुद्धनगर, 16 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण ब्यूरो): जिला ग्राम्य विकास संस्थान, दादरी में गुरुवार को "ग्राम्य जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्द्धन" विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला प्रशिक्षण अधिकारी प्रियंका शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रशिक्षण के पहले दिन ग्राम्य विकास, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व एवं पंचायतीराज विभागों के कुल 30 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। सत्र के दौरान विनोद कुमार, निरीक्षक/जी.डी., एनडीआरएफ गाजियाबाद ने अपनी टीम के सहयोग से आपदा के प्रकार, आपदा प्रबंधन की अवधारणा तथा देश एवं राज्य की संवेदनशीलता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और सीपीआर (CPR) का व्यवहारिक प्रदर्शन किया।

विजयपाल सिंह, विषय विशेषज्ञ ने "आपदा क्या है एवं उससे बचाव के उपाय" पर चर्चा की, जबकि अशोक कुमार राघव, मास्टर ट्रेनर ने आपदा प्रबंधन अधिनियम एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी।

इससे पूर्व, 13 से 15 अक्टूबर 2025 तक इसी संस्थान में "अग्नि आपदा प्रबंधन" विषयक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया था, जिसमें एनडीआरएफ गाजियाबाद के निरीक्षक विनोद कुमार ने टीम सहित व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं सीपीआर प्रदर्शन किया। ऋषभ तोमर, डीआरपी हाथरस ने राज्य एवं राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि की प्रक्रिया और व्यवहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में 31 प्रतिभागियों ने सफलता पूर्वक भाग लिया।

दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे भविष्य में ग्राम्य एवं शहरी स्तर पर आपदाओं से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

– सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में – शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को अभियान तेज

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापेमारी कर 04 नमूने किए संग्रहित, दूषित पनीर और खोया नष्ट

गौतम बुद्ध नगर, 16 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण ब्यूरो): आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद में विशेष अभियान शुरू किया है।

GPS Map Camera
Dankaur, Uttar Pradesh, India

अभियान के तहत सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह, विशाल गुप्ता एवं अमर बहादुर सरोज की टीम ने सूरजपुर स्थित सोनू पनीर भंडार से पनीर का एक नमूना तथा संगम स्वीट्स से खोया का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया।

निरीक्षण के दौरान लगभग 100 किलोग्राम दूषित पनीर मिलने पर उसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया।

इसी क्रम में जेवर टोल प्लाजा पर सुबह की गई कार्रवाई में विजय बहादुर पटेल व रविन्द्र वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने कौशल कुमार शर्मा के वाहन से ले जाए जा रहे लगभग 450 किलोग्राम खोया की जांच की। प्राथमिक परीक्षणों में खोया फेल मिलने पर उसका नमूना लेकर शेष सामग्री नष्ट करा दी गई। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती द्वारा दनकौर स्थित शिव नमकीन भंडार से नमकीन का एक नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल चार नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि दीपावली के दौरान उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ ही प्राप्त हों। – सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का भव्य समापन

गौतम बुद्ध नगर, 16 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण ब्यूरो): बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग गौतम बुद्ध नगर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन समारोह आज विकास भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और सशक्त महिला के निर्माण का संकल्प है। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से कुपोषण मुक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति 5.0, विकसित उत्तर प्रदेश 2047, और राष्ट्रीय पोषण माह को एक साझा लक्ष्य से जोड़ा गया–जहाँ पोषण, सशक्तिकरण और विकास समाज को आगे ले जाने के तीन स्तंभ हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पोषण केवल महिलाओं की नहीं, पूरे परिवार की जिम्मेदारी है और पुरुष सहभागिता को भी बढ़ावा देने की जरूरत है।

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अनुप्राशन संस्कार, पोषक आहार प्रदर्शन और संतुलित थाली प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

25 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार ने किया। समारोह में विभागीय अधिकारी, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ, आशा बहनें, पंचायत प्रतिनिधि और छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

आईएमएस डीआईए में दीप और रंग के संग मनी दीपावली

समाज जागरण

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एंड इनोवेशन एकेडमी (डीआईए) में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां लक्ष्मी एवं गणेश पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात रंगोली प्रतियोगिता एवं रैंप वॉक ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम के दौरान आईएमएस एवं डीआईए की सीएमडी शिल्पी गुप्ता ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिवाली का पावन पर्व आपके जीवन में नई रोशनी, खुशियां और सफलता लेकर आए। हम सभी को अंधकार से उजाले की ओर बढ़ने की प्रेरणा दे। साथ ही दीपों की तरह अपने जीवन में ज्ञान और सद्गुणों का प्रकाश फैलाएं। वहीं वाइस प्रसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि आप सभी इस दिवाली अपने परिवार और दोस्तों के साथ सुरक्षित एवं खुशहाल दिवाली मानाएं। अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें एवं अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने सभी स्टाफ एवं फैकल्टी को संबोधित करते हुए कहा कि दिवाली का यह पावन पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद लेकर आए। यह त्यौहार आप सभी को परिश्रम, समर्पण और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दे। आपके मार्गदर्शन, सेवा और समर्पण से संस्थान उन्नति के पथ पर अग्रसर हो साथ ही आपका योगदान विद्यार्थियों के जीवन में अनमोल बदलाव लाएं।

वहीं डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर ने कहा कि आज दीपावली उत्सव के दौरान रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, पारंपरिक परिधान और डिजाइन कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। रैंप वॉक में छात्रों ने फैशन के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

होटल,ढाबा,वर्कशॉप मालिकों को चेतावनी दी गई कि बालश्रम न करायें

जनपद बलरामपुर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति श्री (नोडल अधिकारी) के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव थाना ए0एच0टी0 मय सयुंक्त टीम के हमें कोतवाली नगर व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत त्योहार के दृष्टिगत अभिभावक को चेतावनी /निर्देश दिए गए तथा बाल तस्करी से आजादी 3.0 अभियान के अन्तर्गत बालश्रम,बालभिक्षावृत्ति, बाल विवाह,बचपन बचाओ आन्दोलन - एक युद्ध नशे के विरुद्ध आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। गया 1- थाना प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत राव ,2 २ शनि कुमार 3- हेड कांस्टेबल रूपेश कुमार ,4- का असलम सिद्दीकी 5 -आरक्षी संजीत तिवारी 6. महिला आरक्षी अर्चना द्वारा अभियान के दौरान मौके पर मौजूद जनता को जागरूक किया गया कानपुर बॉडी वर्कशॉप बनकटवा थाना कोतवाली देहात बलरामपुर में मालिकों को चेतावनी नोटिस दी गई कि बाल श्रम करना व कराना दंडनीय अपराध है।

गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु संचालित है शासन की "शादी अनुदान योजना"

अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

(समाज जागरण ब्यूरो)

गौतमबुद्धनगर, 16 अक्टूबर 2025 : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ह्लशादी अनुदान योजनाह्व संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के पात्र अभ्यर्थी उठा सकते हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थी की पुत्री के विवाह पर शासन की ओर से ड्ट20,000 की अनुदान धनराशि प्रदान की जाती है। आवेदक विवाह की तिथि से 90 दिन पूर्व या 90 दिन बाद तक पोर्टल http://shadianudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कमरा संख्या-111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं। – सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए निम्न शर्तें अनिवार्य हैं –

**विवाह की तिथि पर पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।*

**ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 1,00,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।*

**वृद्धावस्था, विकलांगता एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है; केवल पेंशन रजिस्ट्रेशन नंबर भरना पर्याप्त होगा।*

आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना आवश्यक है (जिला सहकारी बैंक के खाते स्वीकार नहीं होंगे)।

आवेदन के साथ पहचान पत्र, बैंक पासबुक, शादी का कार्ड, पुत्री की आयु प्रमाणपत्र, आधार कार्ड और आवेदक का फोटो संलग्न करना आवश्यक है।

नोएडा मीडिया क्लब ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

समाज जागरण

नोएडा। बृहस्पतिवार को नोएडा मीडिया क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने किया। क्लब के सदस्य पत्रकारों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने कहा कि ह्लदीपावली हमारी आस्था, परंपरा और सांप्रदायिक सद्भाव का अद्भुत संगम है। दीपावली रोशनी का पर्व है और दीपक प्रकाश का प्रतीक है, जो अंधकार को दूर करता है। दीया हमारे जीवन की रोशनी, सीख और आशा का प्रतीक है। यह हर्ष और उल्लास का त्योहार है ह्लकार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका डॉ. बबीता शर्मा ने अपने मनमोहक भजनों से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित अतिथियों ने उनके भजनों का आनंद लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस मौके पर नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन एवं उनकी टीम, समाजसेवी एवं उद्योगपति पीयूष द्विवेदी, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विकास जैन, बाबा बालक नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर धीरज जी महाराज, शिव शक्तिपीठ के यश जी महाराज, वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री, राणा यशवंत, संजय गिरी, राजनीतिक विशेषज्ञ सुनील कौशिक, ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब के अध्यक्ष आदेश भाटी, समाजसेवी यू. के. भारद्वाज, नोएडा के डीसीपी यमुना प्रसाद एवं एसीपी प्रवीण कुमार सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, रविकांत मिश्रा, अमित त्यागी, नीता बाजपेई, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, यतेन्द्र शर्मा, पुरुषोत्तम नागर, सपा नेता राघवेंद्र दुबे, सुभाष भाटी, आरएलडी से विजेंद्र यादव सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और समाज में आपसी सद्भाव, एकता और प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया।

प्रख्यात शायर दीक्षित दनकौरी मुंबई में होंगे सम्मानित

समाज जागरण



दिल्ली। हिंदी काव्य साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ शायर दीक्षित दनकौरी को 'नंदलाल पाठक साहित्य पुरस्कार (पांच लाख रुपए) और युवा गजलकार अभिषेक कुमार सिंह को नंदलाल पाठक प्रतिभा पुरस्कार (एक लाख रुपए) से सम्मानित किया जाएगा। 'साहित्यायन फाउंडेशन' की ओर से शनिवार दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को शाम 5 बजे होटल फोर सीजन्स, वर्ली, मुम्बई में आयोजित एक साहित्यिक समारोह में मुख्य अतिथि सुधांशु त्रिवेदी (सांसद) दोनों रचनाकारों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती राजश्री बिरला करेंगी। इस अवसर पर प्रो नंदलाल पाठक के गजल संग्रह 'जीवन एक गजल है' का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शायर देवमणि पांडेय करेंगे। समारोह में आयोजित गजल संध्या में सुश्री पूनम विश्वकर्मा, वृषाली बियानी, सुमन जैन, अभिषेक कुमार सिंह, देवमणि पांडेय, दीक्षित दनकौरी और नंदलाल पाठक अपनी गजलों का पाठ करेंगे।

महाराजा लाखन पासी लखनऊ को बसाया था –: देवी पाटन मंडल गोंडा उपाध्यक्ष गुलाब चन्द्र पासी

समाज जागरण

बहराइच जनपद के ककरा गांव में लाखन आर्मी टीम द्वारा मनाया गया महाराजा लाखन पासी की जयंती जनपद बहराइच विकास खण्ड रिसिया ग्राम ककरा में में लाखन आर्मी टीम द्वारा महाराजा लाखन पासी की जयंती मनाया गया लखनऊ महाराजा लाखन पासी के नाम से बसाया गया था। आज जिस टीले पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज की भव्य इमारत खड़ी है। उसी टीले पर महाराजा लाखन पासी का किला हुआ करता था। लाखन पासी का राज्य 10-11 वीं शताब्दी में था। लखनऊ का टीला बताता है कि यह किला डेढ़ किलोमीटर लम्बा तथा उतना ही चौड़ा था। यह किला धरातल से 20 मीटर ऊंचा था। उक्त किले के मुख्य भाग पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज स्थापित है। यही स्थान महाराजा लाखन पासी किला के नाम से जाना जाता है। टीले पर ही बड़ा इमाम बाड़ा मेडिकल कॉलेज, मच्छी भवन टीलें वाली मस्जिद तथा आस पास का क्षेत्र है।

इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट ने मनाया दशहरा उत्सव, विजेता को मिला 20 लाख रुपये का बंपर कैश प्राइज

समाज जागरण

नई दिल्ली, त्योहारों के मौसम में ग्राहकों को खुशियों की सौगात देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट, भारत का अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल ब्रांड, ने आयोजित किया दशहरा फेस्टिव बंपर ड्रॉ, जिसमें एक भाग्यशाली विजेता को मिला 20 लाख रुपये का नकद पुरस्कार।

दिल्ली-एनसीआर में आयोजित इस विशेष समारोह में बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्रियां रूखसर ढिल्लों और मालवी मल्होत्रा ने बंपर ड्रॉ का लकी कूपन निकाला और विजेता का नाम घोषित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और खुशी का माहौल देखने लायक था। ड्रॉ में कूपन नंबर 25128702 को विजेता घोषित किया गया, जिसने 20 लाख रुपये का शानदार इनाम जीता।

ELECTRONICS MART
20 LAKHS

इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट ने इस अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए "इंडिया का सबसे बड़ा फेस्टिव ऑफर" की भी घोषणा की, जिसके तहत ग्राहकों को कुल 1 करोड़ रुपये तक के कैश प्राइज जीतने का मौका मिल रहा है। कंपनी का उद्देश्य इस ऑफर के माध्यम से ग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना और उनके विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करना है।

अभिनेत्रियों रूखसर ढिल्लों और मालवी मल्होत्रा ने विजेता को बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार खुशियां और सौभाग्य लेकर आया है। उन्होंने उपस्थित ग्राहकों से कहा कि वे इस सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट से शॉपिंग जारी रखें और आकर्षक इनाम जीतने का मौका पाएं।

इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट के सीईओ श्री करण बजाज ने कहा,

"दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में हमारी शुरूआत को ग्राहकों ने जिस तरह से सराहा है, वह हमारे लिए गर्व की बात है। इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट ने बहुत ही कम समय में लोगों का विश्वास जीता है। बंपर ड्रॉ हमारे लिए ग्राहकों का आभार व्यक्त करने का माध्यम है। हम आगे भी अपने ग्राहकों के साथ इस रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि कंपनी आने वाले समय में और भी रोमांचक ऑफर और इनाम लेकर आने वाली है, जिससे ग्राहकों का त्योहार और भी खास बन सके। इलेक्ट्रॉनिक्स मार्ट ने अपने पारदर्शी और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल सेक्टर में अपनी अलग पहचान बनाई है। कंपनी का यह बंपर ड्रॉ ग्राहकों के लिए न केवल उत्सव का कारण बना, बल्कि त्योहारों के इस मौसम में खुशियों का जश्न भी बढ़ा गया।

'संस्कार और संस्कृति पर हो रहा हमला – अब मौन नहीं साधु समाज' : सुरेश चव्हाणके

रामगिरी महाराज ने सनातन की रक्षा का लिया संकल्प – शिवशक्ति धाम डासना में संतों का संगम

रिपोर्टः रविंद्र आर्य

डासना, ग़ाज़ियाबाद। ह्लहर हर महादेवह्व के जयघोष से शिवशक्ति धाम डासना का आकाश गूंज उठा। महाराष्ट्र के नासिक से पधारे स्वामी रामगिरी महाराज ने मां और महादेव के दर्शन कर सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्रजागरण का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, यति सत्यदेवानंद सरस्वती, रणसिंहानंद गिरी महाराज, मोहित बजरंगी, इकला बाबा (सीताराम कुटी आश्रम) तथा मां बगलामुखी साधना पीठ से जुड़े संत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन न्यूज चैनल के मुख्य संचालक सुरेश चव्हाणके ने किया, जिन्होंने सनातन, संस्कृति, और राष्ट्रीय अस्मिता पर एक विचारोत्तेजक संवाद संचालित किया।

सनातन की रक्षा – साधु समाज की एकजुट पुकार स्वामी रामगिरी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा –

"यह भारत भूमि वेदों की आर्यभूमि है, जहां धर्म, करुणा और पराक्रम एक साथ प्रवाहित होते हैं। लेकिन आज उसी भूमि पर राक्षसी प्रवृत्तियाँ पनप रही हैं, जो वेद संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रही हैं। यह केवल धर्मांतरण नहीं, बल्कि राष्ट्रांतरण की साजिश है।"

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया, शिक्षा और समाज के हर मंच पर सनातन के पक्ष में खड़े हों।

"जो हमारी संस्कृति को मिटाना चाहता है, वह हमारे अस्तित्व पर वार कर रहा है – अब यह साधु समाज चुप नहीं बैठेगा,"

उन्होंने कहा।- सांस्कृतिक संवाद में उठे तीखे प्रश्न

सुरेश चव्हाणके ने चर्चा के दौरान कहा –

"जब सनातन पर लगातार हमले हो रहे हैं, तब मुख्यधारा मीडिया मौन क्यों है?

आज धर्म की नहीं, संस्कार और संस्कृति की रक्षा की लड़ाई है। यदि साधु समाज मौन रहेगा, तो समाज दिशाहीन हो जाएगा।"

इस पर संतों ने सामूहिक रूप से उत्तर दिया –

"अब मौन नहीं, प्रतिकार का समय है। जो संस्कृति हमें ऋषियों से मिली है, उसकी रक्षा हमारा परम कर्तव्य है।" महंत नारायण गिरी महाराज का संदेश – 'धर्म ही राष्ट्र की आत्मा है'

महंत नारायण गिरी महाराज, जो जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष हैं, ने कहा –

"भारत का आधार धर्म है, और धर्म का आधार सत्य। जब तक संत समाज जागृत रहेगा, तब तक कोई भी शक्ति भारत की आत्मा को नहीं मिटा सकती। हम न किसी के विरोध में हैं, न किसी के साथ शत्रुता में – हमारा संकल्प केवल इतना है कि भारत धर्मराष्ट्र बने और सनातन सुरक्षित रहे।" उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी संगठन और कुछ तथाकथित उदारवादी समूह भारत की जनसंख्या और संस्कृति की संरचना को बदलने की योजनाओं में जुटे हैं।

"इन सबके विरुद्ध जागरण ही रक्षा है," उन्होंने कहा।

रणसिंहानंद गिरी महाराज – ह्यमाँ बगलामुखी की शक्ति से अधर्म का विनाश होगा'

रणसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि सनातन की जड़ें केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति में हैं जो सत्य के साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा –"माँ बगलामुखी की शक्ति अधर्म और असत्य का नाश करेगी। जो सनातन के शत्रु हैं, वे चाहे किसी रूप में हों – उनका अंत निश्चित है।"

यति सत्यदेवानंद सरस्वती – 'धर्मयुद्ध आत्मरक्षा है, आक्रोश नहीं'

यति सत्यदेवानंद सरस्वती ने कहा –

"आज धर्मयुद्ध का अर्थ तलवार नहीं, बल्कि संस्कारों की रक्षा है। यह युद्ध किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि उस मानसिकता के विरुद्ध है जो भारत की आत्मा को तोड़ना चाहती है।"

मोहित बजरंगी व इकला बाबा – 'जन-जन तक पहुंचे संतों की बात'

मोहित बजरंगी और इकला बाबा (सीताराम कुटी आश्रम) ने कहा कि साधु-संत केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि जनता के बीच जाकर सनातन का संदेश फैलाएँ।

"धर्म का अर्थ कर्म है, और कर्म का अर्थ है राष्ट्रसेवा। हर गांव, हर नगर में संतों की शिक्षा और सनातन का प्रकाश पहुँचना चाहिए।"

डासना – सनातन चेतना का जीवंत केंद्र

शिवशक्ति धाम डासना को आज संतों ने "सनातन की नई राजधानी" कहा। यह वही धाम है जहां से बार-बार धर्मरक्षा की पुकार उठती रही है। संतों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया – "भारत को पुनः धर्मराष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित किया जाएगा, और सनातन की जड़ें विश्वभर में फैलेंगी।"

संघर्ष नहीं, संरक्षण का आह्वान

सुरेश चव्हाणके ने समापन में कहा

—"जब संत और समाज एक साथ खड़े होंगे, तब न कोई राक्षसी प्रवृत्ति टिकेगी, न कोई विदेशी एजेंडा। हमें संघर्ष नहीं, संरक्षण का मार्ग अपनाना है – और यही सनातन की विजय का पथ है।"

"हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण एक बार फिर गुंजायमान हुआ। डासना शिवशक्ति धाम से आज एक नया संकल्प उठा – "संस्कारों की रक्षा ही सनातन की विजय है।"

लेखक : रविंद्र आर्य
(भारतीय लोकसंस्कृति, धर्म और समाज पर केंद्रित विश्लेषणात्मक लेखन)

विधालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को दिए टिप्स अर्पणा बंसल

समाज जागरण

गुन्नौर में प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण अभियान के तहत मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला पुलिस कर्मियों ने गांव सैजना मुस्लिम के विधालय में पहुंचकर छात्राओं को जानकारी दी। इस दौरान मिशन शक्ति टीम की प्रभारी उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने प्रदेश सरकार की कल्याकणकारी योजनाओं के बारे में छात्राओं को अवगत कराया और उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर क्राइम अभियान के तहत अपराधों के बारे में महिला उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल के साथ-साथ मिशन शक्ति टीम महिला ने शासन द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा जिला साइबर क्राइम नंबर 941222 3343 के बारे में जानकारी दी गई।

प्रधानाध्यापक व पूर्व ग्राम प्रधान अख्तर अली सहित छात्रावास मौजूद रहे।

लोन लेने में कमीशन खोरी का आरोप, दी तहरीर

समाज जागरण

बबराला थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी सत्यवीर पुत्र छत्रपाल ने बताया कि बीते कुछ महीने पहले गांव के सहयोग से लोन करने को लेकर तीन लोग आए और बोले कि आपका हम लोन कर देंगे इसके बाद मेंने लालच में आकर आरोपियों की बात में आकर बात मान ली इसके बाद आरोपी व्यक्ति कैलाश व कपिल ने मिलकर फाइल तैयार करने के लिए 30 हजार रुपए व बैंक की चेक बुक ले ली जब काफी दिन तक लोन नहीं हुआ तो मेरे द्वारा इन लोगों ने अपने पैसे व चैक बुक मांगी तो इन लोगों ने मुझे 9 चेक वापस कर दिए इसके बाद मुझे एक व्यक्ति और से मिलवाया जैसे मैं जानता नहीं उसे व्यक्ति को आरोपी सुनील ने लोन करने के लिए 10 हजार रूपए व और चैक चेक दिलवा दिए इसके बाद उन्होंने 7 लाख रुपए का लोन भी कर दिया जिसमें कमीशन तौर पर 60 हजार रुपए खाते से काट लिए जिसके बाद उसके खाते में 6 लाख 40 हजार रुपए आए थे उसके बाद इन आरोपियों ने 60 हजार कमीशन के अतिरिक्त 30 हजार और मांगे मेरे द्वारा मना करने पर मेरी चैक बुक के एक चेक से 31 हजार 680 रुपए और निकल लिए जब मैं इनसे पूछा तो दोनों लोग मना कर रहे हैं धमकी दे रहे हैं तुम जो चाहो कर लेना ।

पीड़ित सत्यवीर ने बताया कि कमीशन तौर पर कुल रकम धोखाधड़ी के साथ 1 लाख 31 हजार 680 रुपये ले चुके हैं इसके साक्ष्य मेरे पास मौजूद है हालांकि पीड़ित नूरपुर निवासी सत्यवीर ने बबराला थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानून कारवाई करने की मांग की है

गृह क्लेश में युवक ने खाया कीटनाशक

समाज जागरण

संभल।थाना बहजोई क्षेत्र के गांव अतरासी में गृह अखिलेश में युवक ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ती गई परिजन युवक को आनन फानन में बहजोई के निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी जगपाल पुत्र करतार उम्र 30 वर्ष का अपने भाई राजे से बुधवार की शाम को किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया घर में रखे कीटनाशक को शराब में मिलाकर सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ती गई परिजन युवक को आनन फानन मे बहजोई के निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया युवक का इलाज चल रहा है और युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।।

GGIC की छात्रा रिया रानी बनी एक दिन की जिलाधिकारी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर दिनांक 16,10,2025 को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी बिजनौर के आदेशानुसार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा रिया रानी को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया ,जिसमें जिलाधिकारी महोदया के आदेशानुसार रिया रानी को जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठा कर कार्यभार संभाला गया, रिया रानी द्वारा जनता दरबार में जनता की समस्याओं को सुना गया, संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए, रिया रानी द्वारा सभी अधिकारियों की बैठक ली गई ,जिसमें रिया रानी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया सभी अपने-अपने विभागों के कार्यों को सुचारु रुप से करें उसके बाद रिया रानी के द्वारा विकास भवन का भी निरक्षण किया गया ,उसके बाद प्राथमिक विद्यालय का भी निरक्षण किया गया नुमाइश ग्राउंड में लग रहे स्वदेशी मेले का भी एक दिन की जिलाधिकारी रिया रानी द्वारा दौरा किया गया ,जिला अधिकारी महोदया श्री मति जसजीत कौर जी के द्वारा रिया रानी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी गई।

डीएम ने किया नैथला गौशाला का औचक निरीक्षण

--गौवंश की देखभाल, चारे और अभिलेखों की व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण

बागपत। डीएम अस्मिता लाल ने गुरुवार को जनपद की नैथला ग्राम स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की समग्र व्यवस्थाओं, गौवंश की स्थिति, चारे की उपलब्धता और अभिलेखों के रख-रखाव की विस्तार से समीक्षा की।

अस्थाई गौशाला में कुल 110 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 52 मादा और 58 नर शामिल हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध कराई जाए और खल, चोकर, हरा चारा एवं पेयजल हर समय सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से भ्रमण करें और बीमार पशु का तत्काल उपचार सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान गौशाला के अभिलेखों की स्थिति का भी जायजा लिया गया और सुव्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए गए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा संचालन और सफाई व्यवस्था को भी अनिवार्य बताया। डीएम ने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी अनियमितता या उपेक्षा पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से कहा कि गौवंश का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है और हर स्तर पर संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद त्रिपाठी, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

श्री गीता सत्संग भवन में दीपोत्सव महिला मंडल ने भजन-कीर्तन के साथ मनाया दीपोत्सव

समाज जागरण

सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में आस्था, संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम दीपोत्सव महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा रंगोली एवं दीप प्रज्वलित कर, भजन एवं कीर्तन करके धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल ने लक्ष्मी- गणेश पूजन क्यों किया जाता है एवं दीपावली क्यों मनायी जाता है बताया। पहली कथा सतयुग से जुड़ी है।

सतयुग में जब समुद्र का मंथन हुआ था उसमें से श्री लक्ष्मी जी ने प्रकट होकर श्री विष्णु भगवान का वरण इसी दिन किया था इसलिए लक्ष्मी पूजन होता है तथा गणेश जी को लक्ष्मी जी ने अपना मैनेजर बनाकर उनसे धन बटवाने का कार्य करवाया था इसलिए लक्ष्मी - गणेश का पूजन होता है।

दूसरी कथा त्रेता युग से जुड़ी है इसमें श्री राम जी 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। इसलिए दीपोत्सव मनाया जाता है।

तदोपरांत सभी सदस्यों ने सूक्ष्म जलपान, गेम्स ,हाउजी, नृत्य एवं रिटर्न गिफ्ट के द्वारा यह उत्सव धूमधाम से मनाया एवं एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे संयोजिका इंदु अग्रवाल ,अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष रानी अग्रवाल ,मंत्री सीमा अग्रवाल, उप मंत्री मीरा अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष साधना अग्रवाल ,कविता ,पूनम ,रूपाली, क्षमा ,शोभा ,नीलम ,कल्पना ,उषा, सीमा, रेनू ,मंजू ,अलका, शोभा, प्रतिभा, कमलेश, सुनीता ,परिश्मा, माधुरी ,मनीषा, शशि, नीरा,मृदुल , मधु, लता, रुचि ,अंजू ,मीरा , चंचल, गार्गी ,रश्मि , रेशमा, सुनीता, चंचल, अलका , सोनिका ,रेखा ,रीता, रुचि, बीनू, बीना,पारुल ,माया , अरुणा, पवन ,उमा, , आदि उपस्थित रही

रामलीला में सीता खोज देख मनमुग्ध दर्शक

समाज जागरण

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर ईटाऊआ में चल रही रामलीला में सीता हरण व जटायु वध, सीता खोज का मंचन कलाकारों के द्वारा दिखाया गया गांव के ही कलाकारों ने रामलीला में बुधवार की रात को सीता हरण का आकर्षक मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को मन मोह लिया कि सोने का मृग देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की जिसके बाद भगवान राम ने मृग का पीछा किया। जहां माया रूपी मृग भगवान राम को जंगल की ओर दूर लेकर चला गया। हाय राम-हाय राम की आवाज सुन सीता जी परेशान हो गईं। कहा कि मेरे राम संकट में हैं। उनकी मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण ने जाते समय उन्होंने कुटिया के चारों ओर तीर से रेखा खींच दी और मां सीता से सीमा रेखा से पार ने करने आग्रह किया लक्ष्मण को जाते ही रावण अपने पुष्पक विमान से एक ऋषि का वेश बनाकर आश्रम पर पहुंच जाता है और द्वार पर खड़े होकर भिक्षा मांगने लगता है। सीता के भिक्षा देने पर रावण लक्ष्मण रेखा पार करने का आग्रह करता है, लेकिन सीता रेखा पार करने से मना कर देतीं है। तभी रावण भिक्षा लेने से मना कर देता है।रावण के वापस लौटने के डर से सीता रेख पार कर देतीं है और रावण अपने असली रूप में आते ही सीता का हरण कर लेता है। जब रावण माता सीता का हरण कर लंका की ओर जाता है तो रास्ते में रावण का सामना जटायु से होता है। जिससे रावण को युद्ध करना पड़ता है। अखिर में रावण जटायु को लहुलुहान कर नीचे गिरा देता है और माता सीता को लंका लेकर पहुंच जाता है। जब राम और लक्ष्मण दोनो भाई वापस कुटी पहुंचते ही तो देखते ही सीता कुटी में नहीं है और राम व लक्ष्मण सीता की खोज में वन-वन भटकते व विलाप करते है। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं। मंगलवार की रात्री पंडाल में महिला दर्शकों की भारी भीड़ नजर आई। इस दौरान देवेन्द्र, देवपाल, राजाराम, भूपेंद्र, प्रताप,भूरे , सहित आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दीपावली त्यौहार को लेकर सुरक्षा संबंधी दिए आवश्यक दिशा निर्देश

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। थाना प्रभारी अवनीत मान व्यापारियों की बैठक कर दीपावली त्यौहार को लेकर सुरक्षा संबंधी अती आवश्यक दिशा निर्देश दिए

थाना प्रभारी अवनीत मान ने बृहस्पतिवार की दोपहर 2 बजे थाना प्रांगण में नगर के सभी व्यापारियों की बैठक बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी। व्यापारी नेता संजय गुप्ता बिजली वालों ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर सबसे ज्यादा भीड़ मंडी मालगंज से लेकर गांधी चौक तक रहती है जहां से का गुजरा तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल रहता है ऐसे में अंबेडकर रोड नगर पालिका तिराहे पर कोई चौपाइयां वाहन आ जाता है तो घंटो घंटो तक जाम लग जाता है जिससे दुकानदार और खरीदार परेशान हो जाते हैं ऐसे में चौपाइयां वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। पहाड़ी दरवाजा व्यापारियों ने बताया कि बढ़ापुर रोड पहाड़ी दरवाजा तिराहे पर भी ठीक-ठाक भीड़ रहती है लेकिन तिराहे के आसपास एक से डेढ़ दर्जन भर ई रिक्षाएं खड़ी होने और बढ़ापुर से आने वाली बस की सवारियां लेने के लिए सवारी के पैरों तक में रिक्शा चालक अपनी रिक्शा खड़े कर देते हैं जिससे और परेशानी बढ़ जाती है उन्होंने तिराहे से ई रिक्शा हटाए जाने की मांग की थाना प्रभारी अवनीत मान ने व्यापारियों को उनकी समस्याओं का समाधान कराए जाने का आश्वासन देते हुए कहां के दीपावली का त्योहार चल रहा है ऐसे में दो-चार रोज के लिए कोई भी दुकानदार अपनी बाइके दुकानों के सामने खड़ी ना करें क्योंकि आपकी खड़ी होगी तो ग्राहक भी खड़े करेगे जिससे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि दीपावली के मौके पर अपनी सुरक्षा के मध्य नजर रखते हुए दुकानदारों के लगे सीसी कैमरे रात्रि में भी चलते रहने चाहिए ताकि सुरक्षा कवच और मजबूत हो सके उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वह हर समय व्यापार भाइयों के साथ है और जब तक हुए रहेंगे व्यापारियों के साथ ही रहेंगे थाना प्रभारी ने व्यापारियों से भी सहयोग करने की अपील की।

बैठक में सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ज्वेलर्स वाले, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष व्यापारी शीतल अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, दीपक गर्ग, राजकुमार सेठी, व्यापारी नेता दीपक अग्रवाल बरतन वाले, सभासद बदर मुनीम, कयूम राइन, टिल्लू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, लवी मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, संजय गुप्ता राजीव गुप्ता, समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जुटेगे पत्रकार

बिजनौर से भी भारी संख्या में पत्रकारों के पहुंचने की संभावना

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर देशभर के पत्रकार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जुटेगे जहां से पत्रकार सुरक्षा कानून की आवाज को बुलंद किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में जनपद से भी भारी संख्या में पत्रकारों के पहुंचने की संभावना बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के 22 राज्यों से पत्रकार अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के छत्तीसगढ़ अधिवेशन में आएंगे जहां से पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार की आवाज को बुलंद करते हुए भारत वर्ष में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की आवाज का आगाज किया जाएगा जिसके बाद प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी पत्रकार सुरक्षा कानून की आवाज को बुलंद किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावड़िया के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव रत्नाकर त्रिपाठी, महफूज खान, राकेश प्रताप सिंह परिहार, गोविंद शर्मा, सुनील चौधरी, शेख रईस अहमद सहित दो दर्जन राष्ट्रीय पदाधिकारियो ने भिन्न-भिन्न प्रदेशों का दौरा करना शुरू कर दिया है। संगठन के बिजनौर जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित होने वाले अधिवेशन में जिले से भी पत्रकार सम्मिलित होंगे।

पत्रकार सुरक्षा कानून के मुद्दे ने पकड़ा जोर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से पूरे भारत में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर आयोजित होने वाले अधिवेशन को लेकर तैयारिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में भी इसकी जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावड़िया ने फोन पर बताया कि पूरे भारत में पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है, आए दिन कहीं ना कहीं से पत्रकारों के खिलाफ उत्पीड़न की खबरें मिलती रहती है और सरकार चुपचाप बैठकर उसे सुनती है। पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

बाल विद्या मंदिर को सम्भल जनपद का नं. 1 विद्यालय घोषित किया गया

समाज जागरण/पंकज राघव

EW
INDIA SCHOOL RANKINGS 2025-26 AWARDS
Uttar Pradesh

संभल।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के लिए प्रसिद्ध बाल विद्या मंदिर, सम्भल को वर्ष 2025-26 के लिए "एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल रैंकिंग" में जनपद सम्भल का नं. 1 विद्यालय घोषित किया गया है। यह सम्मान विद्यालय को Co-Ed Day School Categoryमें प्रदान किया गया। यह पुरस्कार समारोह 14 से 16 अक्टूबर 2025 के बीच होटल पुलमैन, एरोसिटी, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

विद्यालय को यह प्रतिष्ठित सम्मान शिक्षण, प्रबंधन और छात्र विकास के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त हुआ। मूल्यांकन के प्रमुख मानदंडों में शिक्षक कल्याण एवं विकास, शिक्षकों की दक्षता, अकादमिक प्रतिष्ठा, सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ एवं अंतरराष्ट्रीयता, खेल शिक्षा, पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-पद्धति (हाइब्रिड लर्निंग), छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान, नेतृत्व एवं प्रबंधन गुणवत्ता, अभिभावक सहभागिता, आधारभूत संरचना, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य, विशेष आवश्यकता शिक्षा, धन के अनुपात में मूल्य और सामुदायिक सेवा जैसे क्षेत्र शामिल थे।

विद्यालय के प्राचार्य श्री मनीष पंवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सम्मान हमारे शिक्षकों की समर्पित निष्ठा, छात्रों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। हमारा लक्ष्य हमेशा समग्र शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए तैयार करना रहा है।

विद्यालय के प्रबंधक श्री अमिताभ गर्ग ने भी इस सफलता पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि, बाल विद्या मंदिर ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ जब आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को जोड़ा जाता है, तो उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते हैं। यह सम्मान सम्भल जनपद के लिए गौरव की बात है।

बाल विद्या मंदिर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने सम्भल जनपद का नाम शिक्षा जगत में गौरवान्वित किया है और उत्कृष्ट विद्यालयी शिक्षा का नया मानक स्थापित किया है।

दीवार में नकब लगाकर सोने चांदी जेवरात ले गए अज्ञात चोर बैखोफ चोर



बबराला। बबराला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैंजना अहरान में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

बबराला थाना क्षेत्र गांव सैजना अहरान निवासी वीरेश पुत्र भोदल दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। जबकि उसके परिजन गांव में रहकर खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बीती रात वीरेश के परिजन घर के आंगन में सो रहे थे तभी देर रात अज्ञात चोरों ने घर की पिछली दीवार में नकब लगाकर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे बक्सों के ताले तोड़ दिए। चोर घर से एक दूरिया सोने की, दो ओम सोने की, एक तविजिया सोने की, एक बेसर सोने की, दो बजर गुच्छा चांदी, दो जोड़ी खडुआ चांदी, कुल 11 सोने-चांदी के जेवरात, 60,000 नगद, चार बाल्टियां पीतल की, एक परात पीतल की, एक कुठिया पीतल की तथा कुछ नए कपड़े और घरेलू सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो देखा कि घर की पिछली दीवार में नकब लगी हुई थी और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे। तलाशी लेने पर पता चला कि घर से जेवरात, नकदी और अन्य सामान गायब हैं। पीड़ित की पत्नी रेशमा ने बताया कि चोरी की इस वारदात में करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंची बबराला पुलिस ने मौके का मुआयना किया और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

वही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिल गई है ,जांच पड़ताल की जा रही है ।

रंगोली एवं दीप प्रज्वलित कर महिलाओं ने मनाया दीपोत्सव पर्व

समाज जागरण

चंदौसी। सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में आस्था, संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम दीपोत्सव महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा रंगोली एवं दीप प्रज्वलित कर, भजन एवं कीर्तन करके धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल ने लक्ष्मी- गणेश पूजन क्यों किया जाता है एवं दीपावली क्यों मनायी जाता है बताया। पहली कथा सतयुग से जुड़ी है।

सतयुग में जब समुद्र का मंथन हुआ था उसमें से श्री लक्ष्मी जी ने प्रकट होकर श्री विष्णु भगवान का वरण इसी दिन किया था इसलिए लक्ष्मी पूजन होता है तथा गणेश जी को लक्ष्मी जी ने अपना मैनेजर बनाकर उनसे धन बटवाने का कार्य करवाया था इसलिए लक्ष्मी-गणेश का पूजन होता है। दूसरी कथा त्रेता युग से जुड़ी है इसमें श्री राम जी 14 वर्ष का वनवास पूरा करके अयोध्या लौटे थे अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। इसलिए दीपोत्सव मनाया जाता है। तदोपरांत सभी सदस्यों ने सूक्ष्म जलपान, गेम्स ,हाउजी, नृत्य एवं रिटर्न गिफ्ट के द्वारा यह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। उसके बाद सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष रानी अग्रवाल, मंत्री सीमा अग्रवाल, उप मंत्री मीरा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष साधना अग्रवाल, कविता, पूनम, रूपाली, क्षमा, शोभा, नीलम, कल्पना, उषा, सीमा, रेनू ,मंजू, अलका, शोभा, प्रतिभा, कमलेश, सुनीता ,परिश्मा, माधुरी ,मनीषा, शशि, नीरा, मृदुल, मधु, लता, रुचि, अंजू, मीरा, चंचल, गार्गी, रश्मि , रेशमा, सुनीता, चंचल, अलका, सोनिका, रेखा, रीता, रुचि, बीनू, बीना,पारुल ,माया , अरुणा, पवन, उमा, आदि मौजूद रहीं।

सड़क हादसे में ऑपरेटर की मौत: ड्यूटी जाते समय ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक में हुई टक्कर

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर के रामपुर कला के पास कल्लूवाला-बादीगढ़ मार्ग पर एक सड़क हादसे में सिद्धार्थ पेपर मिल के एक ऑपरेटर की मौत हो गई। यह हादसा ड्यूटी जाते समय ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक की टक्कर से हुआ। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान केहरीपुर जंगल निवासी ओमप्रकाश सिंह (47) के रूप में हुई है। रविवार शाम वह अपने भतीजे राजू पुत्र वीरेंद्र के साथ बाइक से काशीपुर (उत्तराखंड) जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि राजू को मामूली चोटें आईं।घटना की सूचना पर पीआरवी टीम के भूपेंद्र गंगवार और शकील अहमद मौके पर पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल ओमप्रकाश को कासमपुरगढ़ी पीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश की पत्नी मीनाक्षी देवी ने बताया कि वह काशीपुर स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल में ऑपरेटर का काम करते थे और रविवार शाम ड्यूटी पर जा रहे थे। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियों को छोड़ गए हैं थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अन्जार पब्लिक स्कूल, मंडावर रोड प्रांगण में, प्रतिष्ठित मिर्जा हॉस्पिटल के डॉक्टर टीम द्वारा फ्री मेडिकल कैम्प आयोजित हुआ

समाज जागरण अजमल अंसारी

जनपद बिजनौर किरतपुर कैम्प का मुख्य उद्देश्य गरीब वंचित वर्ग को फ्री चिकित्सा सुविधा देकर सहयोग करना था, जिसमें लाभान्वित लोगों को मुफ्त औषधि वितरण किया गया। औषधि वितरण किया गया।

संबंधित रोगों की जाँच बाजार से बेहतर कम मूल्य पर करवा कर रोगियों को लाभ दिया गया। कैम्प में डॉक्टर मोहतशिम मिर्जा एवं डॉक्टर तोहा मिर्जा ने 260 रोगियों का स्वास्थ्य चेकअप किया। लोगों को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स विशेषज्ञ टीम द्वारा दिए गए।

वजन नियंत्रण, बी.पी. मेंटेनेंस, शुगर का रखरखाव, ह्रदय रोग से बचाव एवं आदतों के बारे में रोगियों को विस्तार से बताया गया। कैम्प में किशोर युवतियों को मासिक चक्र और उससे संबंधित बीमारियों तथा शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में डॉक्टर तोहा मिर्जा द्वारा सुझाव दिए गए। कैम्प को सफल बनाने में अनस सिद्दीकी (बिजनौर चैप्टर हेड, एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल), डॉक्टर सैयद फरहत अली (सचिव, ए.एम.पी.), प्रधानाचार्य मास्टर मजहर नामी, प्रवक्ता निजामुल हक, डॉक्टर एहसान, कैप्टन महफूज अली,स्टाफ ऑफ सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज, अन्जार पब्लिक स्कूल और मिर्जा हॉस्पिटल आदि का विशेष सहयोग रहा।

मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के बनत बाईपास पर अज्ञात वाहन द्वारा मॉर्निंग वॉक पर निकले एमआर को टक्कर मार दी। टक्कर लग जाने से व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना आदर्श मंडी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

AMBULANCE
UP15JT1260

गुरूवार को थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के कस्बा बनत के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी 36 वर्षीय अमरदीप पुत्र बाबूराम सवेरे करीब 6:30 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। बताया जाता है कि जब वह बनत बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने अमरदीप को टक्कर मार दी। बताया जाता है कि सवेरे हाईवे पर कोई न होने कारण घायल अमरदीप हाईवे पर पडा रहा, लेकिन कोई उसको उठाने के लिए नही पहुंचा। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शिक्षकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। अमरदीप के पास से मिले मोबाईल फोन से उसकी शिनाख्त हो सकी। अमरदीप की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। मृतक अमरदीप एफडीसी कंपनी में एमआर के पद पर कार्य करता था। मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड गया है।

धनतेरस व दीपावली की खरीदारी के लिए सजने लगे बाजार

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) धनतेरस व दीपावली की खरीदारी के लिए बाजार सजने लगे हैं। बाजारों में कपडा, जूता, साज सज्जा, बर्तन, रेडीमेंट गारमेंट आदि की दुकानें सज गई है। दुकानदारों ने दिवाली पर्व को देखते हुए दुकानों पर अनेकों आकर्षक ऑफर भी निकाले है। दीवाली पर्व पर घरों और प्रतिष्ठानों को सजाया जाता है, जिसके लिए बाजारों में कंडील, रंगबिरंगी झालर आदि से पूरी तरह से गुलजार हो गए है।

करवाचौथ पर्व के बाद धनतेरस व दिवाली की खरीदारी के लिए बाजार में पहुंचने लगे है। 18 अक्टूबर को धनतेरस का पर्व मनाया जायेगा। कारोबारियों को उम्मीद है कि धनतेरस तक बाजार पूरी तरह से गुलजार हो जाएगा। जिसके लिए बर्तन कारोबारियों से लेकर कपडा, जूता, रेडीमेट गारमेंट, साज सज्जा के कारोबारियों ने पूरी तैयारी कर ली है। बाजार में सभी तरह के आईटमों की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 10 से 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि, इसके बावजूद कारोबारियों को धनतेरस और दीवाली पर बहुत अच्छे कारोबार की उम्मीदें हैं। बर्तन बाजार में पीतल के हीरा पन्ना के बर्तन खूब पसंद किए जा रहे हैं। महिलाओं के कपडों में मलमल वाली साडी, जर्कन वाली साडी, आकर्षक डिजाईनों के सूट महिलाओं की पसंद बने हुए है। व्यापारी विपिन कुमार, रजत निर्वाल ने बताया कि इस बार हम ग्राहकों के लिए अनकों ऑफर निकाले गए है। कपडों में एक सूट के साथ एक फ्री दिया जा रहा है। इससे अधिक खरीदने पर 70 फीसदी तक की छूट कंपनियों द्वारा निकाली गई है। इलैक्ट्रोनिक की दुकानों पर अनेकों प्रकार की झालर आई हुई है। इस बार पिछले वर्ष की सामान की कीमतों में मामूली इजाफा हुआ है, लेकिन इससे धनतेरस व दिवाली की खरीदारी पर असर पड़ता नहीं दिख रहा। दीवाली में घरों में साफ सफाई के साथ साथ सजाने की परंपरा भी है, जिसको लेकर बाजारों में रंगबिरंगी झालर आदि से पूरी तरह से गुलजार हो गए है। इस बार लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह है, जिससे बाजार में अच्छे बूम की उम्मीद है।

मकान निर्माण कर रहे पिता, पुत्र पर लाठी डंडों से हमला

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मकान निर्माण कर रहे पिता, पुत्र पर परिवार के अन्य लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मकान निर्माण कार्य रुकवा दिया पीड़ितों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी जबरदीन ने बताया कि गुरुवार को वह अपनी भूमि पर मकान निर्माण कर रहा था आरोप है कि तभी उसके परिवार के ही भाई व उसके पुत्रों ने आकर निर्माण कार्य रुकवा दिया जब उसके पुत्र फुरकान एवं पीड़ित के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से उन पर हमला बोल दिया और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर गांव के अन्य लोग भी मौके पर आ गए जिन्होंने बीच बचाव कराया। पीड़ित व्यक्ति ने अपने पुत्र के साथ थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने मकान के निर्माण कार्य करने की भी मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पुलिस ने अवैध हथियार सहित तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और चाकू बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी थाने की पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों चेकिंग करने के निर्देश दे रखे हैं। गुरुवार की सवेरे गंगेरू पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पुलिस तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से तमंचे और कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अंकित चौहान पुत्र महिपाल सिंह,व दूसरे ने विशाल पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम डुन्डुखेडा, बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया दुसरी और भभीसा चौकी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव मतनावली के निकट एक युवक चाकू लेकर खड़ा हुआ है और किसी घटना को अंजाम दे सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया जिसे अपना नाम मुन्ना पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम मतनावली बताया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है पुलिस पकड़े गए तीन अभियुक्तों के अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में जूठी हुई है।

कोर्ट में गवाही देने पर भाजपा कार्यकर्ता को मिली जान से मारने की धमकी

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में पुलिस को ऑडियो उपलब्ध कराते हुए अभियोग दर्ज कराया था पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के द्वारा पीड़ित के साथ गाली गलौज करते कोर्ट मे गवाही देने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बदरूजमा ने बताया कि वह भाजपा का एक कार्यकर्ता है। उसके गांव के ही अजहर पुत्र इरशाद ने विगत 15 अप्रैल वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की थी। जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग करके पीड़ित ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोप है कि गुरुवार को आरोपी अजहर की कैराना कोर्ट में पेशी होनी थी और तारीख थी। तारीख पर जाने से पूर्व ही आरोपी पीड़ित के पास पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मुकदमे में गवाही देने की धमकी दी। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कोर्ट में उसके विरुद्ध गवाही दी तो जान से मार दूंगा। पीड़ित ने पुलिस को मामले में एक वीडियो उपलब्ध कराते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

15-10-2025 PM 03:26:35
AI IPC

विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकत्रियों का सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) गुरुवार को आशा कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीएमओ कार्यालय से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर अपनी नाराजगी जताई। बाद में आशा कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम सत्येंद्र सिंह को सौंपा। आशा कार्यकत्रियों ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना कर रही हैं। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में उन्होंने वेतनवृद्धि की मांग की। कहा कि वर्तमान में उन्हें बहुत कम मानदेय दिया जाता है, जबकि कार्यभार अत्यधिक है। ऐसे में आशा कार्यकत्रियों को कम से कम 30 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि समाज और विभाग में आशा कार्यकत्रियों को सम्मानजनक स्थान नहीं मिलता। इसलिए उन्हें राज्य कर्मचारियों का दर्जा दिया जाए, जिससे उन्हें सामाजिक और प्रशासनिक सम्मान मिल सके। रात्रिकालीन ड्यूटी समाप्त करने की मांग की। कहा कि ड्यूटी केवल दिन के समय तक सीमित की जाए। कहा कि विभाग द्वारा उनसे ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन कार्य भी कराया जा रहा है, जो उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। अतः उनसे केवल ऑफलाइन कार्य ही लिया जाए। उन्होंने कहा कि मृत्युदर और शिशु मृत्युदर संबंधी कार्यों के अलावा विभाग आरसीएच रजिस्टर और पोर्टल पर ऑनलाइन डेटा अपलोड कराने जैसे अतिरिक्त कार्य करवा रहा है, जबकि यह कार्य उनके दायरे से बाहर है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगी। इस अवसर पर राजकुमारी, रीनु, कविता, बबीता, शर्मिष्ठा, कुसुम, सोनिया, ममता, गीता, ज्योति, विमलेश, पुष्पा, कविता, राजवती, रेशमा, बेबी, ममता, नजमा, राजेश, सारिका, मिनाक्षी आदि मौजूद रही।

भारत विकास परिषद अमृत ने किया दीपावली मिलन कार्यक्रम

समाज जागरण

शामली। भारत विकास परिषद अमृत शामली की ओर दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

गत बुधवार देर शाम शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में भारत विकास परिषद अमृत शामली की ओर दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, संगठन सचिव एनसीआर शरद चंद्र, प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, महासचिव अरूण खंडेलवाल, संस्थापक श्रीपाल गोयल ने किया। इस दौरान परिषद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। जिसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के कलाकारों द्वारा श्रीराम दरबार, श्री हनुमान, श्री गणेश की झांकी भी प्रस्तुत की गई। परिषद के संस्थापक श्रीपाल गोयल ने सभी सदस्यों को दीपावली उपहार भेट किए। कार्यक्रम संयोजक अजय गर्ग, राजेश चौधरी रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, संस्थापक श्रीपाल गोयल, संरक्षक डा. अर्जुन वर्मा, सुरेन्द्र बंसल, संजीव कश्यप, अध्यक्ष प्रमोद मास्टर, सचिव ब्रजेश सैनी, अंकित जैन, विकास रत्न, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिताक समापन

शामली। शहर के आरके इंटर कॉलेज में आयोजित जनपदीय त्रिदिवसीय बालक-बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का समापन गुरुवार को भव्य समारोह के साथ हुआ। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जैन कन्या इंटर कॉलेज और हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने डॉली और टीना मित्तल के निर्देशन में प्रस्तुत किए गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन जीत लिया। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईओएस लता राठौर ने समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि यही भावना आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भी दिखाई देनी चाहिए। यह प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से एस-डी इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत चौंपियनशिप में सीनियर बालिका वर्ग में नेहा, जूनियर वर्ग में रिया और निधि सैनी, जबकि सब-जूनियर वर्ग में नरगिस और मानवी ने बाजी मारी। सीनियर बालक वर्ग में साहिब चौधरी, जूनियर वर्ग में अक्षित सैनी, और सब-जूनियर वर्ग में देव श्योरान चौंपियन रहे।

टीम चौंपियनशिप में शामली तहसील ने 407 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऊन तहसील 275 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। निर्णायक समिति में शिक्षक योगेंद्र मालिक, अशोक बालियान, अमरपाल सिंह, अतुल वर्मा, मदनपाल, फूलकुमार और प्रमोद कुमार नें अहम भूमिका निभाई। खेल संयोजक प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, अलका संगल, डॉ. अमित मलिक ने बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, नीरज बेनीवाल, रवि खन्ना, अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, रतनेश, नवाब सिंह मालिक, प्रदीप मालिक, अनिल कुमार, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का पीला पंजा

समाज जागरण

कांधला।(फुरकान जंग) कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कबाड़ियों के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध पालिका प्रशासन ने ठोस कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण हटवाया और दोबारा से अतिक्रमण करने पर सख्त चेतावनी दी। कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कई कबाड़ियों ने अपनी दुकान खोल रखी है। दुकानदार अपनी दुकान के बाहर लोहे कबाड़ डालकर अतिक्रमण कर रखा है अतिक्रमण होने से सड़क से गुजरने वाले वाहन स्वामियों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कस्बे के लोगों ने पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम से शिकायत कर अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी। गुरुवार को नगर पालिका परिषद की टीम जेसीबी मशीन लेकर गंगेरू मार्ग पर पहुंची और सख्ती के साथ अतिक्रमण हटवाया। नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा से अतिक्रमण किया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

घर में चोरी की घटना में दो गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना। (फुरकान जंग) घर में चोरी करने की घटन में पुलिस ने दो आरोपियों को सामान समेत गिरफ्तार किया।

गांव पावटीकलां निवासी रामपाल ने गत 21 सितंबर को कोतवाली में तहरीर दी थी। आरोप था कि गांव के ही आशु उर्फ लेमन व उसके साथियों ने उसके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी आशु उर्फ लेमन व साबिर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक एलईडी व एक पंखा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कैराना। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। गुरुवार को क्षेत्र में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा पौनिया व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रहीस निवासी गांव मलकपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

अज्ञानी जीव अपने छोटे छोटे दुखों को समझता है, जैन मुनि

समाज जागरण

शामली। गुरुवार को शहर के जैन धर्मशाला में श्री विव्रत सागर मुनिराज के सान्निध्य में प्रवचन का आयोजन किया गया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में दुख और सुख के वास्तविक स्वरूप पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख बाहरी और क्षणिक इंद्रिय सुखों में नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर निहित होता है।

मुनि श्री ने कहा कि अज्ञानी जीव तात्कालिक सुख की चाह में भटकता रहता है, जबकि ज्ञानी जीव पूरे संसार के व्यापक दुख को समझकर परम मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। सभी जीव, 84 लाख योनियों में, स्वयं को दुखी अनुभव करते हैं। अज्ञानी जीव अपने छोटे-छोटे दुखों को ही समझता है और उन्हें दूर करने के लिए सांसारिक साधनों का सहारा लेता है, जबकि ज्ञानी जीव पूरे संसार को ही दुखमय मानकर स्थायी सुख की खोज करता है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति को यह बोध हो जाता है कि संसार दुखमय है, तब वह समझता है कि सुख का उपाय संसार में नहीं, बल्कि मोक्षमार्ग में है। यह बोध व्यक्ति को सच्चे गुरु, धर्म और सम्यग्दर्शन की ओर प्रेरित करता है। मुनि श्री ने कहा कि बचपन में खिलौनों या युवावस्था में अंकों की चाह जैसे लक्ष्य अस्थायी सुख देते हैं, परंतु ये सब सीमित होते हैं। आँखों से दृश्य देखने या स्वादिष्ट भोजन खाने जैसे इंद्रिय सुख भी क्षणिक हैं और अंततः दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का दुख कोई दूसरा पूरी तरह दूर नहीं कर सकता, क्योंकि कर्म का उदय प्रत्येक जीव को स्वयं भोगना पड़ता है। इस अवसर पर इंग्लेश जैन, रेखा जैन, विनोद जैन, अनिल जैन, सत प्रकाश जैन, शशि जैन, रेशु जैन, अंकुश जैन आदि मौजूद रहे।

लोकप्रिय ब्रांड मोर्चा ने बाजार में उतारे जूतों के कई मॉडल

समाज जागरण

शामली। दीपावली पर्व के अवसर पर शामली इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एनएमएम एलिगेंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय ब्रांड मोचा के तीन नए जूता मॉडल और एक सैंडल-चप्पल मॉडल को बाजार में उतारा है।

M-LITE
CROZZ
MOCHA
M-LITE

कंपनी के डायरेक्टर सचिन मित्तल और निखिल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि नए मॉडल्स में स्लीपर ओएमओसी 503, जूता एमओसी 4002 और एमओसी 2001 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाले लेदर से तैयार किए गए हैं, जिनके सोल टिकाऊ और आरामदायक हैं। बारिश या कीचड़ के मौसम में भी इनके सोल खराब नहीं होते। सचिन मित्तल ने कहा कि कंपनी के सभी उत्पादों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। पिछले पांच वर्षों में मोचा ब्रांड ने देश के कई राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि नए मॉडल्स स्टाइल, आराम और भरोसे का शानदार संगम हैं, जो ग्राहकों की पसंद को और बढ़ाएंगे।

बैनामा रजिस्ट्री का सर्वर डाउन नहीं हुए बैनामे, लोग परेशान

समाज जागरण

शामली। बैनामा रजिस्ट्री की साइट न चलने और सर्वर डाउन होने से बेनामा कराने पहुंच रहे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सर्वर डाउन रहने से विभाग को राजस्व के नुकसान का भी सामना करना पड रहा है।

पिछले काफी दिनों से बैनामा रजिस्ट्री के दौरान सर्वर डाउन रहने से बेनामा कराने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। गत बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने सहायक स्टाम्प आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा रजिस्ट्री के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होने उपनिबंधक कार्यालय का कार्य बंद रखते हुए धरना प्रदर्शन भी किया था। शुक्रवार को भी बेनामा रजिस्ट्री की वेबसाइट का सर्वर डाउन रहने से बेनामा कराने आये लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। सहायक स्टाम्प आयुक्त ने बताया कि सर्वर डाउन रहने से बेनामा कार्य धीमी गति से चल रहा है। बेनामा कराने पहुंचे लोगों ने कहा कि इस तकनीकी अव्यवस्था को ठीक किया जाये। रजिस्ट्री की साइट को सुचारू रूप से चलाया जाए और इंटरनेट की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही कार्यालय में वर्तमान में संचालित एक काउंटर के स्थान पर कम से कम दो काउंटरों को संचालित किया जाए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।

दो दुकानों से पटाखे बरामद, दो गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग)पुलिस ने दो दुकानों पर छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार हो गया।

गुरुवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौक बाजार में सुभाष जनरल स्टोर पर छापेमारी की। जहां पटाखों से भरे हुए 12 प्लास्टिक के कट्टे और पांच गत्ते के कार्टून बरामद हुए, जिनमें बुलेट बम, सुतली बम, फुलझड़ी, अनार व चरखी आदि भरे हुए थे। मौके से दुकानदार सुभाष चंद फरार हो गया। जबकि उसके साले भीमरतन उर्फ टीटू निवासी लोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने चौक बाजार में ही एक मोबाइल की दुकान पर छापा मारा। पुलिस से दुकान के अंदर से पटाखों से भरे दो प्लास्टिक के कट्टे बरामद किए। मौके से दुकानदार आशु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

घर में घुसकर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

कैराना। घर में घुसकर लाठी–डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला आलदरम्यान निवासी कय्यूम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि मोहल्ला इकबालपुरा निवासी असलम, मुरसलीन उर्फ मुन्नका, मेहरबान और सुहैल उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर पर बैठा था। इस दौरान चारों आरोपी तीन अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज की तथा विरोध करने पर लाठी–डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिस कारण वह और उसका पिता मकबूल व माता महमूदा घायल हो गए। शोर–शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

गरीब लोगों से मिट्टी के बर्तन व दीये खरीदकर बांटी दीपावली की खुशियां

समाज जागरण

गरीब लोगों से मिट्टी के दीये व बर्तन खरीदती महिलाएं

बागपत। दीपावली दीयों की रोशनी की जगमगाहट का त्यौहार है। यह सिर्फ रोशनी और पटाखों का त्योहार नहीं, बल्कि उम्मीद, खुशी और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। भू दृष्टि फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाज सेविका कुसुम चौहान ने मिट्टी के बर्तन और मिट्टी के दीये खरीदकर गरीब परिवारों की खुशियां बढ़ाने का छोटा सा प्रयास किया और इसी के साथ दीपावली पर बनावटी मोमबत्ती ना जलाकर दीयों से दीपावली की खुशियों को साझा करने का संदेश दिया। पूनम, रेशमा, गीता, अंशु आदि बहनों ने भी सावित्री दीदी से दीये और मिट्टी के बर्तन खरीदे। इस त्योहार पर लोग अपने घरों को दीयों और रंगोली से सजाते हैं। मिठाइयाँ और उपहार बांटते हैं और देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। यह परिवार और दोस्तों के साथ इकट्ठा होकर खुशी मनाने का समय है, जो आने वाले वर्ष के लिए एक नई शुरूआत का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि दीपावली को प्रकाश का त्योहार भी कहते हैं और इसका मूल भाव अंधकार को दूर भगाना है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार जीवन में खुशी, समृद्धि और शांति लाने के लिए मनाया जाता है। यह हमें सिखाता है कि थोड़ी सी रोशनी भी अंधेरे को मिटा सकती है और हमें अपने अंदर के सकारात्मकता को जगाना चाहिए। लोग दीपावली से पहले अपने घरों की सफाई और सजावट करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है। घर के बाहर सुंदर रंगोली बनाई जाती है। लोग एक-दूसरे को उपहार और मिठाइयाँ देते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और आतिशबाजी का आनंद लेते है।

डीआईओएस कार्यालय पर तीसरे दिन भी डटे रहे शिक्षक

समाज जागरण

बागपत। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठाकुरई गुट द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बागपत पर चलाए जा रहे क्रमिक अनशन के तीसरे दिन भी शिक्षकों में भारी उत्साह रहा। ज्ञात है की जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत की कार्यशैली के विरुद्ध उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठाकुरई गुट धरनारत है। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव श्री सुखबीर सिंह गठिना ने धरना स्थल पर पहुंचकर शिक्षकों का समर्थन किया तथा उन्होंने विश्वास दिलाया कि शिक्षकों के इस संघर्ष में पूरी पार्टी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा की शिक्षकों के अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक जी ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर धरने का समर्थन किया तथा संगठन को विश्वास दिलाया कि पूरा संगठन उनके साथ है तथा आर पार की लड़ाई में तन मन धन के साथ भी शिक्षकों के साथ खड़े हैं। संगठन के प्रांतीय मंत्री सुशील चौधरी जी ने बताया की जैसा कि प्रस्तावित है कि कल दिनांक 17 अक्टूबर को महिला शिक्षिकाओं द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को चूड़ियां भेंट की जाएगी तथा दिनांक 18 अक्टूबर को सभी शिक्षक धरना स्थल से पैदल मार्च द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे तथा अपने हक की मांगों को जिलाधिकारी के समक्ष रखेंगे। जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रकाश शर्मा आपने बताया की दिवाली के 3 दिन शेष रह गए हैं और अभी तक भी कुछ विद्यालयों के वेतन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी नहीं किए गए है। ऐसे में शिक्षकों के सामने वित्तीय संकट आ गया है। इनके द्वारा समय पर वेतन न देने से सरकार के आदेशों की भी अवहेलना हो रही है। धरने पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष भरत सिंह, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, प्रधानाचार्य शकील अहमद, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र खोखर, मंडलीय कोषाध्यक्ष तेजवीर सिंह यादव, प्रदीप कुमार शर्मा, रामवीर राठी, ललित जैन, समरकांत, दिनेश जैन, सुमित जैन, गौरव डबास, शिखा, सहारन, शालिनी गर्ग, रजनी कुमारी, आकाश, विनोद कुमार, मोहम्मद इरफान, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश, भारती इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

पांची नाले के विवाद के बाद की गयी पैमाईश

--एक वर्ष से विवाद के चलते रूका था नाला निर्माण

समाज जागरण

पांची गांव में नाले की पैमाईश कराते तहसीलदार अभिषेक सिंह व राजस्व टीम।

चांदीनगर। पांची गांव में लंबे समय से चले आ रहे नाला निर्माण विवाद को सुलझाने के लिए बागपत तहसीलदार अभिषेक सिंह ने गुरुवार को राजस्व टीम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर नाले की पैमाईश कराई। पैमाईश के बाद नाला निर्माण में बाधा बन रही जमीन को दो दिन में खाली कराने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि पांची गांव में तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर गांव में घुस जाता था, जिससे ग्रामीण पिछले दस वर्षों से परेशान थे। समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए करीब एक वर्ष पहले पांचीझ्चमरावल मार्ग पर नाले का निर्माण शुरू कराया गया था, लेकिन गांव के ही दो लोगों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। तब से मामला विवाद में उलझा हुआ था। गुरुवार को तहसीलदार अभिषेक सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचकर नाले की स्थिति का निरीक्षण किया और राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी की टीम से पैमाईश कराई। पैमाइश के दौरान चिन्हित भूमि पर निशान लगाए गए और संबंधित व्यक्तियों को दो दिन के भीतर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान नासिर अली, राजस्व विभाग के कर्मचारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा बस्तियों में नि:शुल्क सेवा कैंपों का आयोजन करता है भारतीय वैश्य महासंघ : डॉ मनोज बिश्नोई

बेटियों को प्रशिक्षण देना भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की प्राथमिकता है : डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी

समाज जागरण

बागपत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के द्वारा सूजरा गांव में निशुल्क पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूटा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज विश्नोई द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी, विभाग संयोजक सामाजिक समरसता गतिविधि डॉ मनोज विश्नोई ने कहा कि बेटियों के प्रशिक्षण से दो परिवारों को प्रशिक्षित किया जाता है। सेवा बस्ती की बेटियां बेटों से कहीं कम नहीं है। जब बेटियां कढ़ाई बुनाई सिलाई से प्रशिक्षित होंगी तो आर्थिक रूप से भी सबल होगी और स्वयं के बोध से अपने स्वाभिमान स्वालंबन की रक्षा भी करेंगी। साथ ही बताया कि सेवा बस्तियों में नि:शुल्क सेवा कैंपों का आयोजन भारतीय वैश्य परिवार महासंघ द्वारा कराया जाता है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि बेटियों से ही घर में उजाला है। इस अवसर पर निशुल्क पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 38 बेटियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल राजपूत प्रधान ने की व संचालन सचिन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर हीरालाल, नितिन गुप्ता, विवेक गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता, सोनिया, मौसम, सोनी आदि उपस्थित रहे।

तालाब पर अवैध कब्जे के विरोध में किसान भूख हड़ताल पर

समाज जागरण

बागपत। ग्राम निबाली के निवासी पंकज धामा ने तालाब खसरा संख्या 520 (ख) पर अवैध कब्जे और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। पंकज धामा ने आरोप लगाया कि तालाब की खुदाई भू-अटल योजना के तहत लघु सिंचाई विभाग द्वारा की जा रही है, लेकिन विभागीय ठेकेदार और राजस्व विभाग की अनदेखी के कारण भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जा बन गया। गुरुवार को डीएम कार्यालय के पास टैंट लगाकर धरने पर बैठे पंकज धामा ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के एक दबंग ने तालाब में डेयरी का निर्माण कराया और इसमें ग्राम प्रधान एवं हल्का लेखपाल ने दो लाख रुपये लेकर सहयोग किया। बताया मामले को लेकर कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तालाब खसरा 520 (ख) की पैमाइश उपजिलाधिकारी की देखरेख में कराई जाए, अवैध डेयरी को ध्वस्त किया जाए और खसरा संख्या 556 (कब्रिस्तान) तथा 516 (पुरानी परती) की पैमाइश भी उपजिलाधिकारी की निगरानी में हो। पंकज धामा ने हल्का लेखपाल को निलंबित करने की भी मांग की है। प्रशासन की लापरवाही पर नाराज पंकज अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गया हैं।

"बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत बालिकाओं को मिली योजनाओं की जानकारी

समाज जागरण

बागपत। बागपत में आयोजित यू.पी. ट्रेड शो मेला में आज बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को ह्लबेटी बचाओझ्बेटी पढ़ाओह्व अभियान के अंतर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में उचित सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों ही सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने बालिकाओं को विभाग की समस्त योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों तथा सहायता के लिए उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वंदना गुप्ता ने बालिकाओं को बताया कि यदि उन्हें कभी भी किसी प्रकार की कठिनाई या संकट का सामना करना पड़े, तो वे 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) जैसे नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। साथ ही सहायक लेखाकार रवि ठाकुर ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों ने भी बालिकाओं से संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और कई प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षा के प्रति विश्वास जगाना और उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

बिजली चोरी के मामले को पैसे लेकर रफा दफा करने का जेई की टीम पर लगा आरोप

-- सोशल मीडिया पर ऑडियो और वीडियो बटौर रहा है सुर्खियां

--रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय उपभोक्ताओं से पैसे लेकर मामले को रफा दफा करने के लगे आरोप

समाज जागरण

बड़ौत में जेई टीम पर लगे पैसे लेकर बिजली चोरी रफा-दफा करने के आरोप का वायरल वीडियो।

बड़ौत। नगर में बिजली विभाग के जेई की टीम पर पैसे लेकर बिजली चोरी के मामले को रफा दफा करने का आरोप लगा है जिसका ऑडियो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चेकिंग के बाद जेई की टीम ने बिजली चोरी के मामले को पैसे लेकर रफा दफा कर दिया है। मामले में एक्सईएन ने जांच का आश्वासन दिया है। वायरल वीडियो में बड़ौत उपखंड द्वितीय में तैनात जेई विपुल मोहन अपनी टीम के साथ करीब सुबह 6 बजे मोटरसाइकल से बड़ौत के गुराना रोड की उर्दू कॉलोनी में पहुंचते है और महिला के मकान में अंदर घुस कर बिजली चोरी के मामले की जांच करते है और वीडियो भी बनाते है। उसके बाद वहां से जेई अन्य उपभोक्ता के यहां पहुंचते है और वहां भी जांच करके वापस आ जाते है। बताया जा रहा है कि जेई की टीम ने दो-तीन घरों में बिजली चोरी की जांच की थी और जेई की टीम पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय उपभोक्ताओं से पैसे लेकर मामला रफा दफा करने के आरोप लग रहे है। वायरल ऑडियो में महिला यह कहते सुनाई दे रही है कि जेई की टीम ने मामले को लेकर पांच हजार रुपए लिए है और मामले में क्या कार्रवाई की गई है यह नहीं बताया गया है। इस मामले का सोशल मीडिया पर वीडियो और ऑडियो वायरल होने पर बड़ौत एक्सईएन उपखंड द्वितीय प्रदीप कुमार सोनकर का कहना है कि जेई का वीडियो प्रसारित होने का मामला संज्ञान में आया है। बड़ौत उपखंड-क्क के एक्सईएन प्रदीप कुमार सोनकर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है वीडियो में कुछ पुष्टि नहीं हो पाई है लगाए गए आरोप निराधार है।

फुलेरा गांव में दादी महाराज जी मंदिर के पुजारी राज गिरी महाराज का हृदयगति रुकने से निधन

समाज जागरण

चांदीनगर। फुलैरा गांव के दादी जी महाराज मंदिर के मंहत की हृदयगति रूक जाने से मौत हो गयी जिससे क्षैंत्र में शौक की लहर है। फुलैरा गांव स्थित दादी महाराज जी मंदिर के पुजारी राज गिरी महाराज का आज सुबह लगभग 5 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। ग्रामीणों और मंदिर प्रबंधन के अनुसार राज गिरी महाराज पिछले कुछ दिनों से हार्ट की समस्या से जूझ रहे थे और उनका इलाज चिकित्सक से चल रहा था,जानकारी के अनुसार, देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सुबह उनका निधन हो गया। इस दुखद समाचार के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग उनकी आत्मा की शांति के लिए मंदिर में पहुंचकर प्रार्थना और श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे,राज गिरी महाराज ने लंबे समय तक मंदिर में सेवा की। उनके मार्गदर्शन और भक्ति के कारण मंदिर का वातावरण सदैव भक्तिमय रहता था। ग्रामीण और श्रद्धालु उन्हें स्नेहपूर्वक याद कर रहे हैं,मृतक के परिवार और मंदिर प्रशासन ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही है। पूरे क्षेत्र में उनके निधन से गहरा शोक व्याप्त है। श्रद्धालुओं का कहना है कि राज गिरी महाराज ने न केवल धार्मिक सेवा की, बल्कि समाज में लोगों को नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी दिया,मंदिर के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उनकी अतुलनीय भक्ति और सेवा भाव को हमेशा याद रखेंगे। उनका जाना मंदिर और गांव के लिए अपूरणीय क्षति है।

पत्नी की पीटकर हत्या, पति गिरफ्तार, मासूमों पर टूटा कहर-ससुराल वालों ने गली में फेंका 4 माह का बच्चा

समाज जागरण

बागपत। जिले के छपरौली थानाक्षेत्र के बदरखा गांव में इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। शराब के लिए रुपये नहीं देने पर अशोक नाम के युवक ने अपनी पत्नी मोनिका की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने लोगों का दिल दहला दिया। मृतका मोनिका के ससुराल पक्ष ने उसके दो छोटे बच्चों को रखने से इंकार कर दिया। आरोप है कि अशोक के परिवार वालों ने चार माह के मासूम बेटे को गली में फेंक दिया और डेढ़ साल की बेटी को भी नहीं अपनाया। मोनिका के मायके वाले शामली के सिंभालखा गांव से पहुंचे तो दोनों पक्षों के बीच विवाद और खींचतान हो गई। मोनिका के चचेरे भाई राहुल ने बताया कि अशोक शराब का आदी था और रुपये न मिलने पर आए दिन मारपीट करता था। मंगलवार को भी उसने मोनिका की बुरी तरह पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पिटाई से हुई मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति अशोक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, जांच अधिकारी शिवदत्त के मुताबिक मामले की जांच जारी है और दोनों बच्चों को फिलहाल मोनिका के मायके वाले अपने साथ ले गए हैं।

जिला प्रशासन की पहल पर लगा विशेष कैम्प, मानसिक स्वास्थ्य पर बदला नजरिया

--विक्षिप्त नहीं, समझने योग्य हैं ये बच्चे: डीएम अस्मिता लाल

समाज जागरण

बागपत। जिला अस्पताल परिसर में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य जांच का विशेष कैम्प आयोजित हुआ, जिसमें एक ओर बच्चों की जांच की गई तो दूसरी ओर प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह अनोखी पहल जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर बागपत मॉडल ऑफ इंटीग्रेटेड मेंटल हेल्थ सपोर्ट के रूप में शुरू की गई है। कैम्प में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी और गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ग्रेटर नोएडा की 22 विशेषज्ञों की टीम ने बच्चों का परीक्षण किया। अब तक मानसिक प्रमाण पत्र के लिए परिवारों को मेरठ या दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन पहली बार यह सुविधा बागपत में ही उपलब्ध हुई। डीएम अस्मिता लाल ने बच्चों से संवाद कर कहा कि मानसिक रोग कोई अभिशाप नहीं, बल्कि उपचार योग्य स्थिति है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपनी जगह अनोखा है, किसी में शब्दों की ताकत है तो किसी में संवेदना की। शिविर में तीन प्रमुख परीक्षण किए गए–समाधान आधारित परामर्श, बुद्धिमत्ता परीक्षण (मालिन स्केल) और विनलैंड सामाजिक परिपक्वता परीक्षण, जिससे बच्चों की क्षमताओं और जरूरतों का आकलन किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के जरिए संदेश दिया गया कि मानसिक रोग अंधविश्वास नहीं, बल्कि जागरूकता और उपचार से ठीक होने वाली स्थिति है। विशेषज्ञों ने टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 की जानकारी भी दी। प्रशासन ने घोषणा की कि अब हर महीने ऐसा शिविर आयोजित होगा।

ढिकोली गांव में पूणार्हुति के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

समाज जागरण

बागपत। ढिकौली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पूणार्हुति के साथ समापन हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पूज्य कथा वाचक अनुपमा जी वृंदावन द्वारा किया गया। यज्ञ में संपूर्ण ग्रामवासी बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से उपस्थित रहे तथा सभी ने मिलकर ग्राम के सुख, शांति और कल्याण हेतु आहुति अर्पित की। इस दिव्य आयोजन का सफल संचालन शिव मन्दिर समिति व समस्त ग्रामीण जनों के सहयोग से हुआ। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, प्रेम और उत्साह का अद्भुत वातावरण रहा। यज्ञ के यजमान हरेंद्र ढाका उर्फ बिटटू सचिव मंदिर समिति रहे। पूरा वातावरण भगवान श्री कृष्ण के उद्घघोषों से गूंज उठा। अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुए हवन में आहुति डालते लोग

चिरचिटा में रालोद सदस्यता अभियान कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न

समाज जागरण

बागपत। ग्राम चिरचिटा में राष्ट्रीय लोक दल के सदस्यता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण की। पूरे कार्यक्रम के दौरान जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का नेतृत्व छपरौली विधानसभा प्रभारी डॉ. अनिल आर्य ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल किसानों, मजदूरों, युवाओं और सर्वसमाज की सच्ची आवाज है। उन्होंने यह भी कहा कि आज जनता यह समझ चुकी है कि लोकदल ही वह मंच है जो सभी वर्गों के विकास की बात करता है। राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि रालोद की नीतियां जमीन से जुड़ी हैं। पार्टी सदैव किसानों के अधिकारों, युवाओं के रोजगार और समाज के हर तबके की समान भागीदारी के लिए संघर्षरत रही है। उन्होंने युवाओं से लोकदल की विचारधारा से जुड़कर समाज के पुनर्निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। पूर्व विधायक वीरपाल राठी ने कहा कि रालोद का इतिहास संघर्ष और सेवा का इतिहास रहा है। चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह की नीतियां आज भी किसानों और आमजन के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार भड़ाना ने किया, जबकि आयोजन अनुज भड़ाना द्वारा किया गया। उन्होंने ग्रामवासियों को बड़ी संख्या में जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

ग्राम चिरचिटा में रालोद सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता व ग्रामीण।

चंचल बंजारा ने गानों की धुन पर बांधा समा, स्वदेशी मेले में उमड़ा उत्साह

--डीजे बजावा दिए योगी पर खूब थिरके दर्शक

समाज जागरण

बागपत। सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज परिसर में चल रहे स्वदेशी मेले का आज का दिन उत्साह, उमंग और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित इस मेले में जहां एक ओर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं दूसरी ओर स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री ने वोकल फॉर लोकल के संदेश को मजबूती से आगे बढ़ाया। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, बागपत द्वारा आयोजित इस मेले में कुल 21 स्टॉल लगाए गए। इनमें होम फर्निशिंग, वस्त्र उद्योग, माटी कला, आचार, श्री अन्न मिलेट्स, मसाले, त्योहारों से जुड़े सामान और ऑटोमोबाइल उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मेले की खास आकर्षण रहे युवा उद्यमी वतन, जिन्होंने अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल ऑटोमोबाइल स्टॉल पर नवीनतम तकनीक वाली स्कूटी प्रदर्शित की, जिसे देखकर लोग आकर्षित हुए। मंच पर कलाकार चंचल बंजारा ने अपनी मधुर आवाज और जोशभरे अंदाज से समां बांध दिया। उन्होंने सुन ले फरियाद मेरी, आसरा एक तेरा... गीत से शुरूआत की तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने बाबा योगी जनता खुश है तेरे राज में... और ह्लडीजे बजावा दिए योगी ने, रंग जमा दिए योगी ने... जैसे गीतों से महिला सशक्तिकरण और सुशासन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है और हर वर्ग को समान अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग अर्चना तिवारी, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, ईओ कृष्ण कुमार भड़ाना, आशा और नेहा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वदेशी मेले में गीतों की प्रस्तुति देते हुए कलाकार चंचल बंजारा

डीपीएस की तनिषा का नेशनल शूटिंग को चयन

खेकड़ा । देहरादून में 44वीं नार्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में डूंडाहेड़ा के दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा ने अच्छा प्रदर्शन कर नेशनल प्रतियोगिता में चयन पाया है। छात्रा के प्रदर्शन से कोच व स्कूल प्रबंधतंत्र में खुशी का माहौल है। चार से 14 अक्टूबर तक त्रिशुल शूटिंग रेंज देहरादून में 44वीं नार्थ जोन पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में डूंडाहेड़ा के दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा तनिषा ठाकुर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 400 में 340 अंक प्राप्त किए। प्रदर्शन के आधार पर छात्रा का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्रा की उपलब्धि से प्रबंधतंत्र व कोच में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्या रागिनी चौधरी, कार्डिनेटर सुनील कसाना, रूचि चक्रवर्ती, कोच विवेक यादव ने छात्रा को बधाइयां दी।

धूमधाम से मनाई गई बाबा गुलाब नाथ कि बरसी

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) बाबा गुलाब नाथ कि बरसी बड़े ही श्रद्धां भावना के साथ माता मसानी रानी के मंदिर में नगर पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से मनाई गई। सुबह से ही भगतों ने मंदिर में माथा टेका गया। सरपंच अजैब सिंह, बाबा जग्गू पप्पी सिंह, बाबा करतार दास एवं साधू संतों ने हवन यज्ञ में शामिल हुऐ एवं हवन यज्ञ मे आहूति डाली गई। मंत्रोच्चरण रविन्द्र जोशी के द्वारा किया गया एवं बाबा जी का अटूट भंडारा लगाया गया एवं साधू संतों ने बाबा जी का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें सभी सेवादारों ने सेवा कर प्रम सुख एवं पुण्य की प्राप्ती की। इस मौके पर सरपंच अजैब सिंह, बाबा जग्गू,बाबा करतार दास पप्पी सिंह, वीरबल सिंह, राजेन्द्र कुमार, बलविन्द्र सिंह, सेवक सिंह पंच, वचित्र सिंह आदि मौजूद रहे। छायाचित्र हवन यज्ञ करते हुऐ।

रिहायशी क्षेत्र में भारी भरक वाहनों से ग्रामीण परेशान

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) औढ़ा बाई रोड़ कालांवाली गांव के मुख्य रास्ता है। इस मुख्य रास्ते पर व्यापारियों के अपने गोदाम है। हर रोज कि तरह गोदामों लोड़गीं का सामान बड़े ट्रकों के द्वारा मुख्य रास्ते मे रोक कर रास्ते को पूरी तरह से बांधित कर दिया जाता है। ट्रक की लम्बाई अधिक होने के कारण आवागमन के कारण किसी अन्य छोटे वाहनो को गुजरने के लिए शेष रास्ता नही होता है। इसी रास्ते पर स्कूल की छुट्टी होने से छोटे बच्चों का आगमान होता है जिससे वाहन चालक को अचानक नजर ना होने से कोई अप्रिय अनहोनी हो सकती है। ट्रको के कारण ग्रामपंचायत के द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए नाला बनाया गया वाहन चालक की त्रुटि के कारण गंदे नाले को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे गंदा पानी सड़क पर फैलने लगा। अजैब सिंह सरपंच ने कहा कि गांव कालांवाली मे बड़े ट्रकों का आगमन पूर्ण तौर पर वर्जित है। ट्रक्टर ट्राली एवं अन्य छोटे वाहनो से सामान की लोड़गीं कर सकते है। इस मौके पर अजैब सिंह सरपंच, प्रेम सिंह, सुखराज सिंह काला सिंह, वीरबल सिंह, नीमा सिंह, अमर सिंह एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

फिरोजपुर रेल मंडल ने त्यौहार सीजन को लेकर स्पैशल ट्रेनों का संचालन : परमजीत सैनी

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख

जैतो, : फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमजीत सिंह सैनी ने वीरवार को कहा कि त्यौहार सीजन में, उत्तर रेलवे का फिरोजपुर मंडल रेल यात्रियों की सुविधा के लिए अपने परिवार के साथ त्यौहार मनाने के लिए अपने मूल स्थानों पर जाने वाले यात्रियों के लिए त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कर रहा है। त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फिरोजपुर मंडल द्वारा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंडल के लुधियाना, ढंढारी कलां, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, अमृतसर तथा फिरोजपुर कैंट आदि प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहां यात्रियों की सहायता करने के लिए स्टाफ तैनात है। रेलयात्रियों की सुख-सुविधाओं का खास ख्याल रखते हुए फिरोजपुर मंडल में वर्तमान में रेगुलर ट्रेनों के अलावा 6 जोड़ी त्योहार स्पेशल रेलगाड़ियों 05050 (अमृतसर-छपरा), 04608 (अमृतसर-छपरा), 057 35 (अमृतसर-कटिहार), 05733 (अमृतसर-कटिहार), 05 006 (अमृतसर- बढ़नी), 090 98 (लुधियाना -बांद्रा टर्मिनस) का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की जानकारी हेतु डिस्प्ले बोर्ड एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान का अनाउंसमेंट किया जा रहा है साथ ही यात्रियों से अपील किया जाता है कि वे अनाउंसमेंट को ध्यानपूर्वक सुनकर ही अपने ट्रेन में प्रवेश करे। मंडल के मुख्य स्टेशनों पर आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त 09 बुकिंग / पूछताछ काउंटर खोले गए है। फिरोजपुर मंडल यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है कि वे अपने साथ पटाखे या किसी भी प्रकार की ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा ना करें, स्टेशन परिसर अथवा ट्रेनों में धूमपान ना करें, प्लेटफार्म बदलने हेतु फूट ओवर ब्रिज का उपयोग करे और इसपर चलते रहे तथा फूट ओवर ब्रिज पर इकठ्ठा न हो। चलती ट्रेन के पायदान पर खड़े होकर अथवा बैठ कर अथवा दरवाजे पर लटक कर यात्रा करना जानलेवा भी हो सकता है। ट्रेन और रेलवे परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए रेलवे का सहयोग करें। यात्री अपने साथ कम सामान लेकर चले जिससे उनका एवं उनके सहयात्रियों की सफर सुरक्षित और आरामदायक हो। यात्री अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और किसी भी संदिग्ध वस्तु दिखने पर इसकी सूचना तुरंत रेल प्रशासन को दें। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व गाड़ी की वर्तमान स्थिति एवं समय की जानकारी NTES ऐप पर अवश्य प्राप्त करें। फिरोजपुर मंडल यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा की शुभकामनाएँ देता है।

शिवालिक किड्स स्कूल को भारत विकास परिषद से सम्मान

शिक्षिका दीक्षा और विद्यार्थी परनिधि व गर्वित बने प्रेरणा का स्रोत

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो : क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था शिवालिक किड्स स्कूल जैतो के लिए गर्व का क्षण रहा जब भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय की अध्यापिका दीक्षा को श्रेष्ठ अध्यापक पुरस्कार तथा परनिधि और गर्वित को श्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया था, जिसमें क्षेत्र के अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। चयन समिति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रदर्शन, अनुशासन, व्यवहार और सृजनात्मकता के आधार पर यह सम्मान प्रदान किया। अध्यापिका दीक्षा को यह पुरस्कार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रयासों, नवीन शिक्षण विधियों और समर्पण भाव के लिए दिया गया। वहीं, पारनिधि और गर्वित को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, विद्यालयीन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और अनुकरणीय व्यवहार के लिए पुरस्कृत किया गया।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुखविंदर कौर गिल तथा स्कूल प्रबंधको ने विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियां हैं , बल्कि यह पूरी शिक्षन प्रक्रिया की गुणवत्ता और समर्पण का प्रतीक है।भारत विकास परिषद इकाई जैतो द्वारा सम्मानित कार्यक्रम का दृश्य।

शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो ने उत्साह के साथ विश्व खाद्य दिवस मनाया

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)

जैतो, :शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में नर्सरी से कक्षा चार तक के विद्यार्थियों ने स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।सभी विद्यार्थी हरी सब्ज़ियों और फलों से युक्त स्वास्थ्यवर्धक टिफिन लेकर आए थे। स्मार्ट कक्षाओं में स्वस्थ और अस्वास्थ्यकर भोजन पर एक मनोरंजक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों को सही खान-पान के महत्व को समझने में मदद मिली।कक्षा तीन और चार के लिए, सलाद बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने फल और सब्ज़ियों दोनों का सलाद बनाया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बताया कि कैसे स्वस्थ भोजन हमें मजबूत और ऊजार्वान बनाए रखता है।यह समारोह शिक्षाप्रद और मनोरंजक दोनों था, जिसने विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्वस्थ भोजन चुनने के लिए प्रोत्साहित किया।कक्षा ग्यारह और बारह के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और "बिना आग का भोजन" बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर उत्साह से भर गया क्योंकि विद्यार्थियों ने दही भल्ले, मोजिटो, सलाद, फ्रूट क्रीम, नाचोस और चाट जैसे व्यंजनों के विभिन्न स्टॉल लगाए। प्रत्येक व्यंजन बिना आग के तैयार किया गया था, जिसमें स्वास्थ्यवर्धक, बनाने में आसान और पौष्टिक भोजन विकल्पों पर जोर दिया गया था।विद्यालय के प्रधानाचार्य, श्री सरबजीत सिंह ने कार्यक्रम का निर्णायक मंडल बनाया और प्रतिभागियों से बातचीत की। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया, व्यंजनों का स्वाद चखा और छात्रों से उनके खाद्य पदार्थों के पोषण मूल्य, चयन और लाभों के बारे में गहन प्रश्न पूछे। स्वाद, प्रस्तुति, स्वच्छता और स्वास्थ्यकरता के आधार पर, उन्होंने विजेताओं की घोषणा की और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और रचनात्मकता के लिए बधाई दी। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष, श्री अश्विनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग और श्रीमती दीपी ने छात्रों को भविष्य में ऐसी और गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Sandwich
&
Dahi Puri

शहीद नगर कीर्तन मध्य प्रदेश के इंदौर से अगले चरण में कोटा, राजस्थान के लिए हुआ रवाना

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में असम के गुरुद्वारा धोबडी साहिब से शुरू हुआ शहीद नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा इमली साहिब पातशाही पहली इंदौर, मध्य प्रदेश से कोटा, राजस्थान के लिए रवाना हुआ।

नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्था ने गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी परविंदरपाल सिंह ने संगत के साथ गुरमत विचार साझा किये. उन्होंने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन इतिहास पर चर्चा की और संगत को गुरमत के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।नगर कीर्तन की रवानगी के समय गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सिरोपा भेंट किया। नगर कीर्तन के प्रति संगत में भारी उत्साह था और संगत ने विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धापूर्वक इसका स्वागत किया। संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की और गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी सदस्य गुरिंदरपाल सिंह गोरा, जत्थेदार बावा सिंह गुमानपुरा, जसमेर सिंह लाछडु, उप सचिव गुरदयाल सिंह, इंचार्ज मलकीत सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक युवराज सिंह, सहायक अधीक्षक प्रभजोत सिंह, गुरुद्वारा इमली साहिब पातशाही प्रथम इंदौर मध्य प्रदेश के प्रशासक हरपाल सिंह भाटिया और प्रितपाल सिंह भाटिया, सिख मिशन इंचार्ज भाई परमजीत सिंह, भाई बलदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित थी। शहीदी नगर कीर्तन इंदौर से अगले पड़ाव राजस्थान के कोटा के लिए रवाना होने का दृश्य।

पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, किसी को भी शांति भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी : संधू

(पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख)

जैतो, : डी.एस.पी. इकबाल सिंह संधू ने सब-डिवीजन जैतो के नए डी.एस.पी. का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें डीएसपी मनोज कुमार के स्थान पर सब-डिवीजन जैतो का डी.एस.पी.नियुक्त किया गया है। इकबाल सिंह संधू इससे पहले जैतो थाने में बतौर एसएचओ उत्कृष्ट सेवाएँ दे चुके हैं। वे एक न्यायप्रिय और मेहनती अधिकारी हैं और सभी के प्रिय हैं। आज सुबह स्थानीय सब-डिवीजन के अंतर्गत आने वाले थानों, पुलिस चौकियों के प्रभारियों, कर्मचारियों और क्षेत्र के लोगों ने नवनियुक्त डीएसपी इकबाल सिंह संधू का गुलदस्ते भेंट करके गर्मजोशी से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी इकबाल सिंह संधू ने कहा कि सब-डिवीजन जैतो के अंतर्गत आने वाले पुलिस थानों और उनके कार्यालयों में आने वाले प्रत्येक नागरिक को सम्मान और गरिमा प्रदान की जाएगी तथा न्याय व्यवस्था को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दिन चल रहे हैं और पुलिस हर चीज पर पैनी नजर रख रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों से भी अपील की कि वे दुकानों के बाहर सामान सड़क तक न सजाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी शहरवासी को कोई संदिग्ध व्यक्ति या किसी व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध नजर आएं तो तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी लावारिस वस्तु को हाथ न लगाया जाए और कोई भी लावारिस संदिग्ध सामान दिखाई देने पर पुलिस को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त भी बढ़ाई जाएगी। डी.एस.पी. संधू ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों को चेतावनी दी है कि वह सुधर जाए नहीं तो उसने खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी अमन - शांति भंग करने की इजाजत किसी भी हालत में नहीं दी जाएगी।

केंद्र की हर सरकार ने पंजाब के साथ हमेशा अन्याय किया है: करनैल सिंह पीर मोहम्मद

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो,:केंद्र में सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा पंजाब के नदी जल के दुरुपयोग को सुधारने के बजाय, केंद्र की सरकार अब उसी दुरुपयोग को आगे बढ़ा रही है। शिरोमणि अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता सरदार करनैल सिंह पीर मोहम्मद ने कहा कि पूरे देश में यह एकमात्र उदाहरण है जहाँ किसी राज्य के संवैधानिक अधिकारों को छीन लिया गया और उसके पानी को "पंजाब पुनर्गठन अधिनियम" के प्रावधानों के तहत असंवैधानिक रूप से वितरित किया गया। अब केंद्र सरकार बीबीएमबी और बांधों पर अतिक्रमण को और बढ़ा रही है–जो स्पष्ट रूप से राज्य के अधिकारों पर हमला है। अकाली नेता सरदार करनैल सिंह पीर मोहम्मद ने कहा कि यह सारा खेल पंजाब और सिखों के प्रति कांग्रेस की विकृत मानसिकता से उपजा है और अब भाजपा उसी सोच को नए रूप में आगे बढ़ा रही है।पंजाब की पिछली सरकारों ने हमारे नदी अधिकारों की लड़ाई को अंजाम तक नहीं पहुँचाया, लेकिन वर्तमान आम आदमी पार्टी सरकार, इसके विपरीत, केंद्र के साथ मिलकर नए-नए विरोध प्रदर्शन कर रही है। जहाँ पंजाब सरकार को संवैधानिक और राजनीतिक रूप से केंद्र के सामने राज्य के अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए था, वहीं ये लोग रोपड़ में बीबीएमबी के खिलाफ धरना देने तक सीमित हैं, ताकि तमाशा तो बनाया जा सके, लेकिन कोई ठोस लड़ाई नहीं लड़ी जा सके। पंजाब की जल-लड़ाई उसके अस्तित्व, राज्य की संप्रभुता और गरिमा की लड़ाई है।

त्योहार के मद्देनजर मिलावटखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। दीपावली त्योहार के मद्देनजर मिलावटखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को ओबरा नगर में कई मिठाई की दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर सैम्पलिंग की।एसडीएम ओबरा विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम सुंदर पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ए.के. वर्मा, सूर्यलाल बिंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने चोपन रोड स्थित सिंह मिष्ठान, सुभाष तिराहा स्थित भोगा सिंह होटल, गैस गोदाम रोड स्थित जायसवाल स्वीट्स, तथा चोपन रोड बैरियर के पास स्थित एक प्रमुख ब्रांडेड स्टोर से मिठाई और नमकीन आदि खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान बर्फी, सोन पापड़ी, खोवा और नमकीन जैसे उत्पादों के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम सुंदर पटेल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दीपावली पर मिलावटयुक्त खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी और सैम्पलिंग अभियान चलाया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

थाना अनपरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पुलिस को आज महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना अनपरा पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या-170/2025, धारा 105 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में वांछित अभियुक्त अर्जुन पुत्र सुरज निवासी बनकट मोड़, थाना अनपरा सोनभद्र स्थायी पता ग्राम टाडी, थाना रोहतास (बिहार) व धर्मेन्द्र पुत्र त्रिवेणी निवासी बनकट मोड़, रेनूसागर, थाना अनपरा, सोनभद्र स्थायी पता ग्राम सिन्दुरिया, थाना भवनाथपुर, झारखण्ड को आज दिनांक 16.10.2025 को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्तगण द्वारा गैर इरादतन हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसके संबंध में थाना अनपरा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई की जा रही है।

चोपन पुलिस ने 03 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 05 कुन्तल सरिया बरामद

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सोनभद्र में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 362/25 धारा 303(2),317(2),317(5) बीएनएस से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. रामजी पुत्र शोभा निवासी सिन्दुरिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष, 2. संत कुमार उर्फ झोटल पुत्र शिवकुमार निवासी सिन्दुरिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष, 3. गिरिजा पुत्र इशरी निवासी सिन्दुरिया थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 47 वर्ष को आज दिनांक 16.10.2025 को ग्राम सिन्दुरिया थाना चोपन सोनभद्र से गिरफ्तार कर कब्जे से 10 बण्डल लोहे की सरिया वजन 05 कुन्तल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

रामपुर बरकोनिया पुलिस ने अवैध विस्फोटक पटाखा (कीमत लगभग ₹2,30,000/-) किया बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के नेतृत्व में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम के द्वारा आगामी त्योहार दीपावली, धनतेरस एवं छठ पूजा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध पटाखों के निर्माण, बिक्री एवं भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 15.10.2025 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पटना में अभियुक्त के घर पर दबिश दी गयी, जहाँ से भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक पटाखा (कुल 60 किग्रा, अनुमानित कीमत ₹2,30,000/-) बरामद हुआ। मौके से अभियुक्त सराफत अली पुत्र स्व. मुहम्मद लतीफ निवासी ग्राम पटना थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उम्र करीब 39 वर्ष को ग्राम पटना (अभियुक्त का घर), दिनांक 15.10.2025, समय 16:50 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 83/2025 धारा 9-B (1)(b) विस्फोटक अधिनियम 1884 का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह कस्मेटिक की दुकान चलाता है। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर अधिक लाभ अर्जित करने की नियत से उसने घर पर अवैध रूप से पटाखों का भण्डारण किया था, जिन्हें चोरी-छिपे बेचने की योजना थी। जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत अवैध विस्फोटक सामग्री के निर्माण, बिक्री एवं भण्डारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनसामान्य से अपील है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

महिला हेल्प डेस्क/साइबर हेल्प डेस्क
जन

ओबरा पुलिस ने अवैध पटाखा (कीमत करीब 02,85,000/- रुपये) का किया बरामद

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 15/16.10.2025 की रात्रि को थाना ओबरा पुलिस द्वारा आगामी पर्व दिवाली/छठ पूजा के दृष्टिगत अवैध पटाखा कि दुकान व भंडारण कि चेकिंग कि जा रही थी कि मुखबिरी सुचना पर मिन्टु कुमार गोयल पुत्र स्व0 हेमराज गोयल निवासी सिनेमा रोड चूड़ी गली थाना ओबरा, हालपता आर.के. एजेंसी डाला रोड गजराज नगर थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के गोदाम (आर.के. एजेंसी गजराज नगर थाना ओबरा) में थाना ओबरा पुलिस द्वारा दबिश दिया गया जहाँ से कुल 05 पेटियों व 02 बोरीयों में करीब 90 किग्रा भिन्न-भिन्न प्रकार के अवैध पटाखा (कीमत करीब 02,85,000/- रुपये) का अवैध पटाखा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 236/2025 धारा 9ख(1)ख विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम मिन्टु कुमार गोयल पुत्र स्व0 भीमराज गोयल के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना घोरावल पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के अभियान के तहत थाना घोरावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक 16.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक अपराध थाना घोरावल श्री शमशेर यादव मय हमराह फोर्स के वांछित अभियुक्तों की तलाश में निकले थे।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 206/2025 धारा 70 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी ग्राम औराही थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उम्र 20 वर्ष को खुटहा बाईपास थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत से समय करीब 10:40 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के गंभीर अपराध में मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा० न्यायालय भेजा गया है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, महाकौशल प्रांत द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया

छिंदवाड़ा की दयविदारक घटना पर कठोर कार्रवाई और औषधि तंत्र में सुधार की माँग

समाज जागरण अनूपपुर,

छिंदवाड़ा ज़िले में जहरीली खांसी की दवा के सेवन से लगभग 20 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जांच में इस दवा में Diethylene Glycol जैसे विषैले तत्व की पुष्टि हुई है, जो केवल चिकित्सकीय चूक नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और औषधि नियंत्रण प्रणाली की घोर विफलता का प्रतीक है।

इसी गंभीर विषय को लेकर आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, महाकौशल प्रांत द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय (अनूपपुर) को सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रांत संगठन मंत्री अजय मिश्रा के नेतृत्व में सौंपा गया।ज्ञापन में मुख्य माँगें दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 101 एवं 105 (पूर्व में IPC 302/304) के अंतर्गत कठोर

आपराधिक कार्यवाही की जाए। घटना की CBI या SIT से निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित की जाए,पीड़ित परिवारों को ₹25 लाख का मुआवजा एवं प्रभावित बच्चों को निःशुल्क चिकित्सा व पोषण सहायता दी जाए।राज्यभर में औषधि नियंत्रण प्रणाली का पुनर्गठन एवं डिजिटल निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। प्रत्येक ज़िले में स्वतंत्र औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। औषधि गुणवत्ता रिपोर्टों को ऑनलाइन प्रकाशित करना अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन के दौरान प्रांत संगठन मंत्री अजय मिश्रा जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश शुक्ला विजय रैदास, विमल पाण्डेय, अमन तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पंचायत के पदाधिकारियों ने कहा कि यह त्रासदी एक चेतावनी है; अब समय है कि राज्य सरकार औषधि व्यवस्था में ठोस, पारदर्शी और मानवीय सुधार लागू करे। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने अनूपपुर जिला प्रशासन से भी अपील की कि ऐसे संवेदनशील विषयों पर सजगता और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोहराई न जा सके।

सस्ती लोकप्रियता पाने जीतू पटवारी की ओछी राजनीतिःआशुतोष अग्रवाल

समाज जागरण

उमरिया।। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पटवारी सस्ती लोकप्रियता और मीडिया में सुर्खियां बटोरने के चक्कर में ओछी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के द्वारा बगैर किसी सूचना के केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले का घेराव करने पहुंच गए। जबकि किसी भी चीज का विरोध करना हो या बातचीत करने हो तो उसकी सूचना पूर्व में दी जानी चाहिए।

श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी कुछ किसानों और अपने समर्थकों के साथ

जबरन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बंगले पर सोयाबीन की बात करने को लेकर पहुंच गए लेकिन वह अपने साथ सोयाबीन की जगह गेहूं की बोरियों लेकर गए। इसी से साफ झलकता है कि कांग्रेस नेता है सिर्फ मीडिया में सुर्खियां बटोरना चाहते हैं उन्हें किसानो या उनकी समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इतने संवेदनशील है कि इतने के बाद भी उन्होंने जीतू पटवारी सहित कुछ लोगों को बातचीत के लिए अंदर बुला लिया।लेकिन इस तरह का जबरिया विरोध कही से उचित नहीं है। श्री अग्रवाल ने जीतू पटवारी के इस हरकत की घोर निंदा की है।

सात वाहनों पर हुई कार्रवाई, वसूला गया 40 हजार रुपए का जुमार्ना

समाज जागरण विजय तिवारी

कटनी । अवैध व अनियमित परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में तीसरे दिन भी कटनी-मैहर रोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले सात वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 40 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया, जबकि तीन वाहन जब्त कर थाना कुठियाला में खड़े किए गए हैं। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री पॉल ने जानकारी देते हुये बताया कि जांच के दौरान अलग-अलग प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। यूपी पासिंग वाहन यूपी 21 सीटी 9886 एवं एमपी 34 एच 0990 में निर्धारित ऊंचाई से अधिक माल लोड पाए जाने पर 6 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। जबकि वाहन एमपी 21 जेडबी 1012 में फिटनेस प्रमाण पत्र एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण 8 हजार रुपए

की वसूली की गई। इसी प्रकार, वाहन एमपी 17 जी 2245 में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र नहीं होने पर 5 हजार रुपए, जबकि एमपी 21 जी 2880 में बीमा, फिटनेस और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र तीनों दस्तावेज नहीं होने के चलते 13 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा, वाहन एमपी 21 जी 1513 में भी प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के अभाव में 5 हजार रुपए की कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन एमपी 20 एलबी 3927 में फिटनेस न होने पर 3 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री पॉल ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा यह जांच अभियान जिले में सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और वैध परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन जांच अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों और स्वामियों से अपील की है कि वे समय-समय पर अपने वाहनों के दस्तावेज जैसे बीमा, फिटनेस, और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र को अपडेट रखें और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही परिवहन करें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

जप्त किए गए तीन वाहनों की जांच जारी है, और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आत्मनिर्भर भारत एवं GST महोत्सव को लेकर जयसिंहनगर का विधानसभा सम्मेलन संपन्न

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल ।आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी महोत्सव को लेकर जयसिंहनगर विधानसभा का सम्मेलन संपन्न भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी बचत महोत्सव को लेकर शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा जयसिंहनगर का विधानसभा का सम्मेलन संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्त के रूप में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ने जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के उपस्थित जनों को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर संबोधित किया एवं जीएसटी महोत्सव को लेकर भाजपा जिला सह जिला सह कोषाध्यक्ष एवं जीएसटी रिफॉर्म तो 2.0 के सहसंयोजक अमित बजाज ने जीएसटी विषय को लेकर उपस्थित कार्यकताओं को जानकारी दी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने की कार्यक्रम में मंच सीन रहे अतिथियों में पूर्व जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश्वर

उदानियां, जिला महामंत्री अमित मिश्रा,जनपद उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, मृदुल मिश्रा, राकेश कुशवाहा,जयश्री कचेर, कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया एवं जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से आए हुए जनप्रतिनिधियों पदाधिकारी कार्यकताओं का आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पदाधिकारी मातृशक्ति सहित जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण विधानसभा सम्मेलन में उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा सम्मेलन मे सोहागपुर मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा के नेतृत्व में जमुई सोहागपुर मंडल निवासी प्रेमदास जयसवाल ने अपने कई समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली उन्हें भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमित चपर व मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री माननीय दिलीप जायसवाल ने शपथ दिलाई कमल पट्टिका पहनाई व माल्यार्पण से पार्टी परिवार में स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहां की निश्चित ही आप जैसे कार्यकताओं के आने से पार्टी परिवार संगठन मजबूत होगा उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए पार्टी में निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही।

सड़कों के गड्ढों के लिए एजेंसी के साथ अब इंजीनियर भी होंगे जिम्मेदार, सभी के निर्धारित किए गए टारगेट

समाज जागरण

भोपाल। प्रदेश में ज्यादा बारिश से सड़कों की स्थिति खराब हुई है। कहीं गड्ढे हुए, तो कहीं ऊपरी परत उधड़ गई। ऐसी सड़कों को चिह्नित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में सर्वे कराया था। रिपोर्ट में लगभग 168 किमी लंबे हिस्से को सुधारने की आवश्यकता बताई गई है। यह काम अगले 15 दिनों में किया जाएगा। साथ ही विभाग ने तय किया है कि सड़क खराब होती है तो उसके लिए एजेंसी के साथ इंजीनियर भी जिम्मेदार होंगे। उन्हें समय पर सूचित करना होगा, ताकि रख रखाव कराया जा सके। प्रदेश के कई जिलों में इस बार अतिवर्षा

की स्थिति बनी। इसके कारण सड़कों में गड्ढे भी हुए और कुछ सड़कों की ऊपरी परत भी उधड़ गई। इसे देखते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अभियंताओं की टीम मैदान में उतारकर सर्वे कराया। लगभग दस हजार किलोमीटर सड़क का सर्वे हुआ। इसमें 168 किलोमीटर सड़क ऐसी पाई गई, जिसका रख रखाव जल्द किया जाना आवश्यक है। इसे देखते हुए प्रमुख अभियंता केपीएस राणा ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए कि अक्टूबर में रखरखाव का काम प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए।

गड्ढों के लिए इंजीनियर की जिम्मेदारी तय होगी-:

जो सड़क परफार्मेंस गारंटी में हैं, उनका काम एजेंसी से कराएं और जो विभाग के पास हैं, उनके लिए ठेकेदार चिह्नित किए जाएं। इसके साथ ही यह भी तय किया गया है कि जिस सड़क पर गड्ढे पाए जाएंगे, उसके लिए एजेंसी के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के इंजीनियर की जिम्मेदारी तय होगी। मुख्य अभियंता, कार्यपालन यंत्री से लेकर सहायक यंत्री तक के निरीक्षण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसका उद्देश्य यही है कि सड़कें ठीक रहें और जहां भी सुधार की आवश्यकता हो, वहां समय रहते काम हो जाए ताकि बड़ा नुकसान न हो।

नगरीय निकायों की सड़कें भी जल्द सुधारी जाएंगी-:

उधर, प्रदेश के नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाली सड़कों को भी शीघ्र सुधारा जाएगा। पिछले दिनों विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने भोपाल की सड़कों का दौरा करके अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि रखरखाव का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके बाद भोपाल में खराब सड़कों को सुधारना भी प्रारंभ हो गया है। अन्य नगर निगमों में भी सड़क सुधार का काम होगा।

6 दिन बीते अमलाई ओसीएम में कंपनी के लापरवाही से डूबे युवक के शव का नहीं हो पाया रेस्क्यू

एसईसीएल और आरकेटीसी कंपनी की लापरवाही हुई उजागर, क्या मिलेगा मृतक को न्याय

रेस्क्यू रोक कर गुमशुदा दिखाने की कोशिश, पूर्व के हादसे से कंपनी ने नहीं लिया सबक

समाज जागरण विजय तिवारी

इंट्रो। बड़ी पुरानी कहावत है कि गरीब की जान की कोई कीमत नहीं होती यह कहावत एसइसीएल सोहागपुर के अमलाई ओसीएम खदान में आरकेटीसी नामक कंपनी ने चरितार्थ की जहां चंद रुपयों के लालच में काम जल्दी खत्म करने कई जानों को जोखिम में डालकर भरी बरसात में ओवी फिलिंग का काम किया जा रहा था और नतीजा यह हुआ की विशालकाय डोजर मशीन सहित कुछ कर्मचारी दुर्घटना के शिकार हुए कुछ तो बच निकले लेकिन एक युवक जो 5 दिनों से विशालकाय मशीन के साथ दलदल नुमा पानी में समाया हुआ है जिसकी रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ की टीम में अब हाथ खड़े कर दिए हालांकि सेवा के जवान अभी भी रिस्क्यू के लिए तैनात है वहीं दूसरी और अब खबर आने लगी है कि एसइसीएल और आरकेटीसी इस मामले को दबाने में जुटा हुआ है, अब तक यह लग रहा था की शव बरामद होने के बाद धनपुरी पुलिस ठेका कंपनी आरकेटीसी के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज करेगी और एसइसीएल सेफ्टी इंचार्ज और स्थानीय प्रबंधन के कर्मचारियों पर जांच व उचित कार्यवाही करेगा तो वही उसके विपरीत मामला ठंडे बस्ते के हवाले करने का प्रपंच निकल कर सामने आ रहा है।

शहडोल। नियम कायदों की तिलांजलि देकर एसइसीएल सोहागपुर के अमलाई ओसीएम में आरकेटीसी कंपनी जिसे ओवी फिलिंग का काम दिया गया था द्वारा मजदूरों की जान जोखिम में डालकर ओवी फिलिंग का काम सुरक्षा मानको और डीजीएमएस के कायदों को धता बताकर भरी बरसात में किया जा रहा था और अमलाई ओसीएम के स्थानीय जिम्मेदार या यूं कहें कि कॉलरी प्रबंधन आरकेटीसी के रसूक और नजराने के आगे बेबस थे इसीलिए उन्हें यह नहीं दिखा की किस प्रकार मजदूरों की जान जोखिम में डाली जा रही है बरसात के दौरान इस काम में मऊगंज निवासी एक युवक को निगल लिया जिसका शव बीते 5, 6 दिनों से लगातार रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है, तो वहीं इसके विपरीत इन पांच दिनों में एसईसीएल और आरकेटीसी कंपनी के कर्ताधर्ता मामले को दबाने के प्रयास में जुटे हैं चर्चा तो यह भी है कि युवक के शव के रेस्क्यू के पूर्व ही स्थानीय धनपुरी पुलिस ने अपने मातहत अजय के माध्यम से नजराने की पेशकश ले ली है और एसईसीएल प्रबंधन को खुली छूट दे दी है बहरहाल सेफ्टी गाइडलाइन डीएमएस के कायदें को धता बताते हुए अमलाई ओसीएम में यह दुर्घटना कोई नई बात नहीं है पूर्व में भी कई कांड हो चुके हैं जिसके लिए कहीं ना कहीं एसईसीएल प्रबंधन के बड़े अधिकारी भी जिम्मेदार है।

जाने क्या है पूरा मामला

एसइसीएल के सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत के अमलाई ओसीएम में शनिवार की शाम बड़ा हादसा हुआ हादसे में दो वाहन व एक ऑपरेटर 30 मीटर गहरे पानी में समा गए, वहीं दो कर्मचारियों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बचा लिया गया। घटना की जानकारी लगते ही कॉलरी प्रबंधन व धनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे ओपन खदान में मशीन के माध्यम से मिट्टी की फिलिंग की जा रही थी, इसी दौरान गीली मिट्टी धंसकने से एक ट्रक व ऑपरेटर अनिल कुशवाहा गहरे पानी में समा गए। वहीं एक डोजर भी पानी में चला गया, जबकि ऑपरेटर चंदन कुशवाहा ने पानी में कूदकर अपनी जान बचा ली। शिफ्ट इंचार्ज मुनीब यादव मिट्टी के बीच धंस गया था, जिसे समय रहते स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। कर्मचारियों ने बताया कि एसइसीएल सोहागपुर के अमलाई ओसीएम में यह हादसा मैग्जीन के पास हुआ है। खदान की गहराई 30 मीटर से अधिक है, जहां दो वाहन व ऑपरेटर पानी में समा गए हैं। एनडीआरफ व एसडीइआरएफ अनूपपुर की टीम को बुलाकर रेस्क्यू प्रारंभ किया गया।

आरकेटीसी प्रबंधन की लापरवाही उजागर

जानकारो की माने तो ओपन खदान में बारिश का पानी भरा हुआ था। मिट्टी भरने से पहले ही कॉलरी प्रबंधन ने ठेका कंपनी को पानी खाली करने के बाद फिलिंग करने निर्देशित किया था, लेकिन कंपनी ने निदेशों को पालन नहीं किया और बिना पानी खाली कराए ही फिलिंग का काम शुरू कर दिया, जिससे यह हादसा हुआ है। इसके अलावा यह भी बात निकल कर सामने आई कि आरकेटीसी प्रबंधन द्वारा सेफ्टी मानको का स्पष्ट उंल्लघन किया जाता है जिसका नतीजा यह हादसा है साथ ही ठेका कंपनी आरकेटीसी की गाड़ियां तकनीकी रूप से अनफिट और पर्याप्त प्रेसर के बिना ओवी डंपिंग कार्य में लगी बताई जाती है इसी लापरवाही के चलते करीब 50 मीटर गहरे पानी भरे डम्पिंग एरिया में मिट्टी धंसने से एक डंपर और एक डोजर दलदल में समा गए। घटना शाम लगभग 5 से साढ़े 5 बजे के बीच हुई। बताया गया कि भारत बेन्ज डंपर नंबर-10 अपलोड हो रहा था और पास में एक डोजर मिट्टी फैला रहा था। अचानक डंपिंग क्षेत्र में स्लाइड हुआ, जिससे दोनों वाहन गहराई में समा गए। मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। ठेका कंपनी के सिप्ट इंचार्ज मुनीम यादव और एक अन्य कर्मचारी को मिट्टी हटाकर बाहर निकाला गया। हालांकि, डंपर ऑपरेटर युवक अनिल कुशवाहा, जो मऊगंज (रीवा) के निवासी बताए जा रहे हैं, अब तक लापता हैं। हादसे में ठेका कंपनी के कर्मचारी प्रदीप शर्मा (भोलू) और सूर्यप्रकाश रजक भी घायल हुए हैं।

पुराने हादसे से नहीं लिया सबक

एसईसीएल सोहागपुर प्रबंधन के अमलाई ओसीएम का यह मामला कोई नया नहीं है बताया जाता है कि करीब एक दशक पहले भी अमलाई क्षेत्र में ऐसा ही हादसा हो चुका था, जब हैलपैक डोजर और अन्य भारी वाहन दलदल में फंस गए थे। उस समय एनडीआरएफ की टीम वाहनों और ऑपरेटरों को खोजने में असफल रही थी। इस बार भी हादसे ने खदान सुरक्षा, निरीक्षण प्रणाली और प्रबंधन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि ओसीएम में एक विशाल माइनिंग मशीन और कर्मचारी लापता हो गए थे, जिनका आज तक कोई पता नहीं चला। स्थानीय श्रमिकों का कहना है कि हर बार आश्वासन मिलता है, लेकिन सुरक्षा मानकों में सुधार नहीं होता। अगर समय रहते सुरक्षा मानको पर ध्यान दिया जाता तो आज यह घटना नहीं घटती।

पांच दिनों से जारी रेस्क्यू

बीते पांच दिनों से अमलाई ओसीएम में फंसे वाहन व ट्रिपर ऑपरेटर का सुराग एनडीआरएफ को नहीं लग सका। बीते कई दिन से लगातार एनडीइआरफ की टीम ने सुबह से लेकर देर शाम तक रेस्क्यू किया लेकिन किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान 50 मीटर नीचे डोजर का लोकेशन ट्रैस हुआ, जिसे दो बार हुक में फंसाकर ऊपर लाने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों बार हुक छूट गया। देर शाम तक एनडीइआरएफ की टीम ने प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। जिससे टीम ने हाथ खड़े कर दिया। वहीं अब बताया जा रहा है कि एनडीआरएफ की टीम ने हाथ खड़ा कर दिया है अब रेस्क्यू के लिये सुरक्षा जवानों की मदद ली जा सकती है। जनचर्चा यह भी है कि प्रबंधन रेस्क्यू ऑपरेषन पर विराम लगाने अथवा अनुमति न देने का भी प्रयास करेगा ताकि पूर्व के भांति इस बार भी मुकदमें और कार्यवाही से कंपनी और एसईसीएल के जिम्मेदार बच सके क्योकि शव बरामद होने से मर्ग और मुकदमा कायम होता है और प्रबंधन गुमषुदगी दर्ज कराकर मामले में बचने का प्रयास करेगा।

इनका कहना है

एनडीआरएफ टीम को रेस्क्यू में सफलता नहीं मिली, शव मिलने के बाद ही हम आरकेटीसी अथवा एसईसीएल प्रबंधन के संबंध में मुकदमा अथवा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर सकते है अभी तो गुमशुदगीका मामला भी दर्ज नहीं कराया गया। खेम सिंह पेन्द्रो थाना प्रभारी, धनपुरी (इस संबंध में जानकारी के लिए आरकेटीसी कंपनी प्रबंधन के अजय यादव से उनके दूरभाष में संपर्क साधा गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।)

जिसके हाथ में लेखा-जोखा, उसकी पत्नी सप्लाई की ठेकेदार – नियमों की उड़ रही धज्जियां

DM नान की कुर्सी पर बैठा सड़क विभाग का बाबू, पत्नी के नाम वेयरहाउस – अब चावल का हिसाब भी घर से होगा?

समाज जागरण

अनूपपुर गरीबों के लिए आने वाले अनाज की सप्लाई और क्वालिटी पर नजर रखने वाला नागरिक आपूर्ति निगम (DM नान), इन दिनों चचाओं के केंद्र में है। वजह है – ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के लेखापाल संतोष करचाम को उद्द नान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाना, जबकि उनकी पत्नी वर्षा करचाम के नाम पर अनूपपुर में वेयरहाउस पहले से संचालित है, जो कि सरकार के साथ अनुबंधित भी है। अब सवाल ये उठ रहा है कि क्या "घर के लोग" ही अब अनाज की निगरानी और वितरण का पूरा खेल देखेंगे? सड़क विभाग से आए संतोष करचाम को नागरिक आपूर्ति निगम जैसे संवेदनशील विभाग का प्रभार सौंपना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। खासकर तब, जब DM नान के जरिए जिले में हजारों टन चावल की मिलिंग, क्वालिटी चेक, वेयरहाउसिंग और वितरण का जिम्मा होता है। संतोष करचाम की पत्नी के नाम पर संचालित मैत्रीसंस वेयरहाउस पहले से ही जनचर्चा में रहा है – नाप-तौल में गड़बड़ी, अमानक भंडारण और गड़बड़ी वाले चावल को पास कराने जैसे आरोप लंबे समय से लगे हैं। बीते शुक्रवार को पूर्व उद्द नान शशिप्रभा पैगवार का नरसिंहपुर ट्रांसफर हुआ। इसके बाद जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आदेश जारी करते हुए संतोष करचाम को अस्थायी प्रभार सौंपा। वे पहले से सड़क विकास प्राधिकरण में कार्यरत थे।

चावल में गड़बड़झाला पहले से जारी

भोपाल से आई जांच रिपोर्ट पहले ही अनूपपुर में हजारों टन चावल के BRL (बिना रिस्पॉन्स लॉट) की बात कह चुकी है। यह वही चावल है जो एफआईएफओ नियमों का उल्लंघन कर पहले से पुराने गोदामों में पड़ा हुआ है, और अब उसमें कीड़े-मकौड़े लगने की शिकायतें सामने आ रही हैं।कुछ मिलर्स ने DM नान को पत्र लिखकर पहले से "अमानक" घोषित चावल को भी उठाने की अनुमति मांगी है, जबकि जमीनी हकीकत ये है कि ये चावल पहले ही बंट चुका है। यानी गड़बड़ी कागजों में नहीं, असल में भी हो चुकी है। नियमानुसार, जिस व्यक्ति का किसी सरकारी विभाग से व्यवसायिक जुड़ाव हो (जैसे कि वेयरहाउस संचालन), उसे उस विभाग का जिम्मा देना सरासर हितों का टकराव है। परन्तु, यहां तो "पति DM नान, पत्नी वेयरहाउस मालिक" का रिश्ता खुला दिखाई दे रहा है।जानकारों का कहना है कि यदि प्रशासन को यह जानकारी पहले से थी तो यह जानबूझकर नियमों की अनदेखी है, और यदि नहीं थी, तो यह कर्मचारी संतोष करचाम द्वारा जानकारी छुपाना कहा जाएगा। दोनों ही स्थितियों में मामला गंभीर है। जब इस संबंध में हम अधिक जानकारी के लिए नागरिक आपूर्ति के एमडी अनुराग वर्मा को दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा ।

एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का विकास भवन सभागार में हुआ आयोजन

समाज जागरण दैनिक
विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह के साथ एनआईआरडीपीआर हैदराबाद

द्वारा नामित नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, आरसेटी डायरेक्टर तथा जिला मिशन प्रबंधक संजय, सुमन, प्रभारी जिला मिशन प्रबंधक उमेश कुमार, नफीश, सुरेन्द्र और राजबहादुर के साथ-साथ विकास खंड से ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहे।

कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय समावेशन पर जानकारी देते हुए बैंकर्स के साथ समूहों को समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयक विभिन्न शाखा के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र के द्वारा वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राइजेज फाइनेंसिंग पर जानकारी दी गई तथा जिले के आर्थिक एवं समाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सी०सी०एल०, बैंक सखी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। एनआरएलएम के अंतर्गत शाखा पर पदस्थापित बैंक सखी भी उपस्थित रहीं और अपनी समस्याओं को रखते हुए अपनी जानकारी में बढ़ोत्तरी की। एलडीएम के द्वारा बैंकों में लंबित सीसीएल पत्रावली के निस्तारण हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधकों के द्वारा भी अपनी समस्याएं साझा की गई जिसका निदान एनआरपी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला मिशन प्रबंधको और ब्लॉक मिशन प्रबंधको के साथ बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला के उदेश्य से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा बैंकर्स के सहयोग से ही स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाया जाना है।

मिशन शक्ति के तहत महावीर सिंह खीची इण्टर कालेज में बालिकाओं को किया गया जागरूक

समाज जागरण दैनिक
विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत प्रोबेशन विभाग द्वारा महावीर सिंह खीची इण्टर कालेज अजगरा रानीगंज विकास खण्ड लख्माणपुर प्रतापगढ़ में पार्टनर्स फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनायें जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरसिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओं, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापगण आदि लोग उपस्थित रहे।

दीप ज्योति पर्व की तैयारियां, रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से सजेगा विश्वनाथ धाम

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में इस बार के छह दिवसीय दीप ज्योति पर्व की तैयारियां जोर-शोर से आरंभ हो गई हैं। भक्तों को अपूर्व आध्यात्मिक अनुभव देने के लिए धाम परिसर को सुगंधित पुष्पों और विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। गुरुवार से बाबा धाम में सजावट का कार्य शुरू हो जाएगा और पूरी प्रक्रिया तकरीबन छह दिनों तक चलेगी।

धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि परिसर में रंग-बिरंगे पुष्पों के साथ ही बाबा को प्रिय सुगंधित फूलों से वातावरण को पवित्र और मोहक बनाया जाएगा। दीप ज्योति पर्व के दौरान पूरे धाम में धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

इस पर्व के दौरान धनतेरस के दिन मां अन्नपूर्णा का दरबार खुलेगा। इसमें मां भक्तों पर दोनों हाथों से अपने आशीर्वाद और खजाने की वर्षा करेंगी। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मां अन्नपूर्णा और बाबा विश्वनाथ को 56 प्रकार के भोग के रूप में लगभग 14 क्विंटल मिठाइयों और अन्य व्यंजनों का अर्पण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भोग में शामिल मिठाइयों में विभिन्न प्रकार के लड्डू और नमकीन शामिल होंगे। इन्हें मंदिर प्रशासन द्वारा स्वयं बनवाया जाएगा, जबकि अन्य व्यंजन विश्वसनीय स्थानीय दुकानों से मंगाए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भक्तों को पारंपरिक स्वाद और शुद्धता का अनुभव प्राप्त हो।

दीपावली के दिन बाबा धाम के परिसर में विद्युत झालरों और दीपमालिकाओं से जगमगाहट होगी। इसके अलावा मंदिर चौक में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भजन, कीर्तन और अन्य धार्मिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

लक्ष्य निर्धारण ही सफलता का मूलमंत्र विमल कुमार सिंह

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी।सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करना सबसे जरूरी होता है उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-2 (MCLF V-2) विषय पर चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि यदि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हम किसी भी कार्य को करने के लिए सबसे पहले उसकी प्राथमिकता तय कर लें और एक निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करके उस दिशा में कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय व नीलू श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षुओं को तीन दिवसों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ के प्रस्तावित दृष्टि वाक्य का निर्धारण कराया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड पिंडरा के उन्नति सीएलएफ ने तय किया कि उन्नति आजीविका प्रेरणा महिला संकुल संघ का है सपना, सशक्त दीदी, खुशहाल परिवार, आदर्श गांव हो अपना। इसी के साथ सीएलएफ की दीदियों ने अपने-अपने ग्राम संगठन से आए हुए आयामों पर सामुदायिक सहभागिता के आधार पर सीएलएफ की प्राथमिकताओं को तय किया जिसके अन्तर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में संगठन की मजबूती और आजीविका को रखा। इसी कड़ी में दल बल गतिविधि के अंतर्गत गुब्बारे का खेल के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित करने के महत्व को जाना तथा दिमाग के बोतल को दूर करने का खेल के माध्यम से परिवर्तन को प्रभावित करने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों को समझा।

समापन अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षुओं एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, अनुपमा, मीना, जानकी सिंह, मनीषा, मनोरमा, चंचल सिंह, रेखा, राधिका, नसीमा बेगम, माधुरी, सितारा, मीरा पाल, रीता, माला, निर्मला, कुसुम, सरोज, शारदा, प्रेमा, साधना, रीना, शीला, मंजू देवी नीतू भारती आदि सहित 44 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुपफोटो वितरित सत्र का समापन किया गया।

हरहुआ में धूमधाम से संपन्न हुआ विजयदशमी मेला, रावण पुतला दहन देखने उमड़ी हजारों की भीड़

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ स्थानीय क्षेत्र के हरहुआ बाजार स्थित लालभाला तालाब के समीप आयोजित प्रसिद्ध विजयदशमी मेला बृहस्पतिवार को धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी मेले में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार, हरहुआ क्षेत्र के सिंहापुर, रामसिंहपुर, धनेशरी, देवनाथपुर, वाजिदपुर, भेलखा, कोईराजपुर, बैराजपुर, मंशापुर, दासेपुर, बैजलपट्टी, दुनियापुर, नैपुरा, काजीसराय, गड़वा, नैपुरवा, करोमा, औसानपुर सहित कई गांवों से भारी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने लालभाला तालाब के किनारे स्थापित श्रीराम, लक्ष्मण व पवनसुत हनुमान की प्रतिमाओं का दर्शन-पूजन किया और मेला परिसर में लगे दुकानों से घरेलू व पूजा सामग्री की खरीदारी की।

बच्चों में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने झूले, मिक्की माउस और अन्य झूला झूलकर खूब आनंद लिया। शाम होते-होते पूरा मेला परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया। शाम 6:30 बजे दुर्गा-काली प्रतिमा का पूजन आरंभ हुआ, जिसके बाद भक्तों ने जयकारों के साथ देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके उपरांत मंच पर श्रीराम और रावण युद्ध का मंचन शुरू हुआ, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। रावण वध के बाद जैसे ही रावण का विशाल पुतला दहन हुआ, पूरा मैदान जय श्रीरामह्व के नारों से गूंज उठा। आतिशबाजी और जयकारों के बीच मेले का समापन हुआ।

मेले के सफल आयोजन श्री आदर्श रामलीला समिति के पदाधिकारियों व महिला समिति और स्थानीय आयोजकों ने विशेष सहयोग किया।

कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से सभी दर्शनार्थियों, श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

दीपावली से पूर्व खाद्य सुरक्षा तेज,मिलावटी खाद्य पदार्थों को नष्ट कर राइस ब्राउन तेल,मिठाई का लिया नमूना,पनीर पेठा किया नष्ट

समाज जागरण

वाराणसी । दीपावली त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा जिलाधिकारी महोदय के आदेश एवं सहायक आयुक्त खाद्य कौशलेंद्र शर्मा के निर्देश के क्रम में जांच के दौरान चकअटरूआ कछवा रोड स्थित राधेश्याम पवन कुमार के फर्म से गुणवत्ता पर संदेह के आधार पर राइस ब्रान तेल का नमूना लिया गया और 90 टीन तेल रुपया 225000 को जब्त किया गया। परमंदापुर से श्याम बहादुर यादव के प्रतिष्ठान से लगभग 198 किलोग्राम अनुमानित रुपया 60000 अस्वास्थ्यकर दशा में पाए जाने पर नमूना लेते हुए विनष्ट कराया गया। काशीपुर में अशोक पटेल की मिठाई की दुकान से विक्रय हेतु भंडारित बेसन लड्डू की गुणवत्ता पर संदेह पर नमूना जांच हेतु संग्रहीत किया गया। मिर्जमुराद बाजार में बबलू की प्रतिष्ठान से अस्वस्थकर दशा में विक्रय हेतु भंडारित पेठा मात्रा 60 किलोग्राम अनुमानित मूल्य 8400 को मौके पर विनष्ट कराया गया । जनसा स्थित मौर्य स्वीट हाउस को साफ - सफाई में कमी पाए जाने पर नोटिस निर्गत किया गया।

खाद्य विभाग के टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज यादव, संतोष, उपस्थित रहे। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के साथ गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों के विक्रय का निर्देश दिया गया।

त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस अधीक्षक ने निकाली पैदल गश्त

समाज जागरण

शाहजहाँपुर। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने गुरुवार को थाना सदर बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर एवं थाना सदर बाजार की पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने गश्त के दौरान व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस और जनता का आपसी सहयोग ही शांति, सौहार्द और सुरक्षा का आधार है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। त्योहारों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना। बाजारों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना। ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु रखना।पुलिस जनसहयोग के माध्यम से सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करना। अधिकारियों ने थाना सदर बाजार पुलिस को निर्देश दिए कि त्योहारों की अवधि में पैदल गश्त को नियमित रूप से जारी रखा जाए, जिससे आमजन निश्चिंत होकर त्योहारों का आनंद ले सकें।

पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी द्वारा "वातार्लाप" मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

THE BIG QUIT
FOR YOUR LOVED ONES
UNITY
MARCH
'वार्तालाप'
नारी शक्ति वंदन अधिनियम

रामेश्वर वाराणसी। पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज सेवापुरी विकास खंड सभागार में एक दिवसीय ह्लवातार्लापह्न मीडिया कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डॉ. बाला लखेंद्र तथा खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह ने मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया राष्ट्र की सजग प्रहरी है। संवेदनशीलता और तथ्यपरकता पत्रकारिता की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज की दिशा और दशा तय करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ के निदेशक श्री दिलीप कुमार शुक्ल ने बताया कि वातार्लाप मीडिया कार्यशाला का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पत्रकारों तक पहुँचाना तथा सरकार और मीडिया के बीच समन्वय स्थापित करना है जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में पत्रकारों द्वारा प्रकाशित जनोपयोगी खबरें समाज को जागरूक करने का कार्य करती हैं।

कार्यक्रम में आए कई लाभार्थियों ने सरकारी योजनाओं की लाभप्राप्ति का अपने अनुभव भी मुख्य अतिथि के सम्मुख साझा किए। एक लाभार्थी रीना देवी आयुष्मान कार्ड एवं पीएम आवास योजना के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इन योजनों से उन्हें बहुत फायदा मिला और और जीवन स्तर की ठीक करने में बहुत उपयोगी साबित हुआ है। वहीं एक दूसरे लाभार्थी भुवाल साव ने भी आयुष्मान कार्ड योजना को क्रांतिकारी पहल बताया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ. दिव्या खन्ना, प्राध्यापिका, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर विस्तृत जानकारी दी।

बीएचयू के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बाला लखेंद्र ने उपस्थित आंचलिक एवं ग्रामीण पत्रकारों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता के संदेश को सशक्त बनाने हेतु ह्लरन फॉर यूनिटीह्न का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए ह्यएक भारत श्रेष्ठ भारतह्न के संकल्प को पुनः जागृत करना है।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी के भारत भूषण तिवारी, प्रदीप राजभर, अर्चित आर्य, शिव कुमार झा, विनीत, अंकित एवं बृजेश का विशेष सहयोग रहा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जन्मदिन पर कार्यकताओं संग काटा केक, मनाई खुशियां दी बधाई

कार्यकर्तओं ने हर हर महादेव का किया उदघोष।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवम पूर्व चंदौली सांसद महेंद्र नाथ पांडेय को अपने 68 वे जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं के साथ बाबतपुर स्थित के0 जे0 इंटरनेशनल होटल में केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया।कार्यकताओं ने उन्हें केक खिलाकर उज्वल एवम दीघार्यु जीवन की कामना की। इस बीच कार्यकताओं ने अंगवस्त्र व फूलों की माला पहनाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया और काशी विश्वनाथ मंदिर का स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया। मंत्री जी ने सभी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से समर्पित कर भाजपा को मजबूती प्रदान करते रहें,हर चुनाव व कार्यक्रम में पूरी ऊर्जा को लगाने में सदैव दो कदम आगे रहें।

उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डा0 महेंद्र नाथ पाण्डेय ने अपने जीवन को समाज की सेवा और देश के विकास के लिए समर्पित किया।अपने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम किया है।जिसे सदैव यादकर उनके हाथों को मजबूती देने का कार्य किया जाएगा। हर -हर महादेव के उदघोष से खुशियां मनाई गईं।

प्रमुख रूप से कार्यक्रम मे रामप्रकाश दुबे, अखण्ड प्रताप सिंह,जयप्रकाश दुबे, प्रवीण सिंह, उमेश दत्त पाठक, हिटलर सिंह, हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय', शैलेन्द्र पटेल, सुनील वर्मा, रामदेव वर्मा, गौतम सिंह ,अजय, उदल, पंकज तिवारी, विजय वर्मा सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्याय पंचायत बड़गांव की न्यायपंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

समाज जागरण शिव तिवारी

बड़ागांव वाराणसी दिनांक 16/10/2025 को सकुशल संपन्न हुई।प्रतियोगिता का आयोजन नॉर्मल मैदान बड़ागांव और कंपोजिट स्कूल बड़ागांव के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बड़ागांव आदरणीय श्री विजय प्रकाश यादव जी ने दीप प्रज्वलन के द्वारा एवं हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ बड़ागांव इकाई के अध्यक्ष आदरणीय श्री अजय तिवारी जी ने खेल के महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला विजई प्रतिभागियों को बहुत बहुत बधाईयों के साथ उनका उत्साह वर्धन भी किया।इस खेल उत्सव में अशोक पटेल जी वीरेंद्र पटेल जी प्रेम पटेल जी संतोष जी अरविंद जी विनय जी बच्चा प्रसाद जी सोनम जी मंजू जी राजेश सिंह जी राम चरित्र पटेल जी इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपोजिट स्कूल बड़ागांव के प्रधानाध्यापक श्री जितेंद्र पांडे जी ने किया।

स्काउट/गाइड के पांच दिवसीय शिविर का भव्य समापन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
समाज जागरण

बाबा ऋषिदेव सिंह पी जी कालेज धमार्पुर में डी एल एड तृतीय सेमेस्टर में अनिवार्य प्रशिक्षण स्काउट गाइड एवं योग प्रशिक्षण के पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन बहुत ही भव्य तरीके से किया गया।समापन दिवस के मुख्य अतिथि फादर पी विक्टर प्रशासक हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद आपका छात्र छात्राओं एवं विद्यालय परिवार के द्वारा स्वागत किया गया।आपके द्वारा छात्र छात्राओं के द्वारा लगाये गये टेंट का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम को प्राचार्य एवं प्रबंधक के द्वारा संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अपने संबोधन में फादर पी विक्टर ने कालेज परिवार के प्रति आभार एवं इस शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।आपने प्रशिक्षुओं को भविष्य में आने वाले समस्याओं से अवगत कराया तथा सामाजिक सेवा और सामुदायिक योगदान जैसे मूल्यों को बताया।फादर पी विक्टर के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बढ़िया प्रजाति का आम का पौधा भेंट किया गया। फादर विक्टर ने कालेज परिवार एवं सभी छात्र छात्राओं को अपने विद्यालय में आने के लिए आमंत्रण भी दिया।

महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री नारायण सिंह ने कहा की यह प्रशिक्षण एक शैक्षिक आन्दोलन है जो युवाओं को बदलती दुनिया का सामना करने के लिए तैयार करता है। अपने संबोधन में प्राचार्य डाक्टर सोमनाथ कुशवाहा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की युवाओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने में तथा रचनात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा छठ पर्व पर आधारित बहुत ही खुबसूरत गीतों की प्रस्तुति की गई।छात्र छात्राओं के द्वारा तैयार किये गये स्वादिष्ट भोज का सभी ने आनंद लिया।इस अवसर पर डाक्टर सोमनाथ कुशवाहा प्राचार्य, श्री नारायण सिंह प्रबन्धक, राजेश कुशवाहा, स्काउट गाइड के प्रशिक्षक नफील अख्तर अहमद, सरिता, अच्छेलाल,धर्मेश राय,अनीश अहमद, अमित तिवारी, रामाश्रय, नेहा गुप्ता समेत सभी छात्र छात्राएं एवं स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति 5.0के तहत महाविद्यालय के छात्राओं को किया जागरूक

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए समर्पित मिशन शक्ति5.0 कार्यक्रम के तहत टीम द्वारा जे.पी. महिला महाविद्यालय अटेसुआ ,मुर्दहा बाजार वाराणसी में सम्पन्न हुआ।

स्वागत, सम्मान
एवं
शैक्षणिक संगोष्ठी कार्यक्रम
आयोजक- जे० पी० महिला महाविद्यालय

मिशन शक्ति टीम में सुश्री सब इंस्पेक्टर संध्या जायसवाल द्वारा छात्राओं को नारी सुरक्षा के संवर्धन ,संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों एवं विभिन्न हेल्पलाइनो की जानकारी के साथ महिलाओं की सुरक्षा हेतु 112 एवं 1090 की उपयोगिता को बताकर जागरूक किया गया। सब इंस्पेक्टर दिनेश सिंह यादव द्वारा बैड टच ,गुड टच के बारे में बताया गया। सब इंस्पेक्टर राहुल यादव द्वारा साइबर सिक्योरिटी ,क्राइम एवं मीडिया के बारे में छात्राओ को जानकारी दी गई। कांस्टेबल ज्ञानेंद्र यादव के द्वारा छात्राओं को व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, अकके बारे में प्रशिक्षित किया गया।

महाविद्यालय में मिशन शक्ति पर प्रशिक्षण देने के लिए आए हुए पुलिस टीम का सम्मान महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद उप प्रबन्धक शैलेन्द्र प्रसाद व सचिव महेंद्र प्रसाद, प्राध्यापको द्वारा पुष्पहार, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो सहित छात्राओं के स्वागत गीत के माध्यम से किया गया।

तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी

चोलापुर थाना क्षेत्र के महावीर बाजार के पास गुरुवार की भोर टहलने निकली वृद्ध महिला की तेज रफ्तार कार के धक्के से मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।जानकारी के अनुसार सारनाथ थानाक्षेत्र के बड़वापुर निवासिनी वृद्ध महिला बासमती पाल (63) पत्नी पुनवासी पाल अपने देवर के बहु मुन्नी पाल (47) पत्नी श्रीमोहन पाल के साथ रोज की भांति सुबह करीब 5 बजे अपने घर से आजमगढ़ रोड स्थित महावीर मंदिर से आगे टहलने निकली थी जैसे ही दोनों महिलाएं टहलते हुए महावीर मंदिर से 500 मीटर आगे बढ़ी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे दोनों हवा में उड़ती हुई नाले पर जा गिरी जिससे बासमती पाल की मौत हो गई जबकि मुन्नी पाल गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने बासमती पाल को मृत घोषित कर दिया जबकि मुन्नी पाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची चोलापुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति पुनवासी पाल एफसीआई से सेवानिवृत्त है।जिन्हें दो लड़के दो लड़कियां है। सभी की शादी हो चुकी है।

युवाओं का प्रयास रंग लाया कैंट से शाहंशाहपुर तक चलेगी सरकारी बस

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। क्षेत्रीय युवाओं का प्रयास रंग लाया अब ग्रामीण क्षेत्र का जुड़ाव राजकीय परिवहन सेवा के माध्यम से शहर से हो जाएगी। वाराणसी कैंट से सरकारी बस चितईपुर अखरी से होते हुए पंचकोसी परिक्रमा मार्ग औढ़े, काशीपुर,मातलदेई, भवानीपुर, अदलपुरा से शाहंशाहपुर तक जाएगी। जहां से यह जक्खिनी होते हुए पाहों में रुकेगी और पाहों से शुरू होकर पुनः कैंट वाराणसी तक जाएगी। क्षेत्र के बभनियाव निवासी तथा यू पी कॉलेज के छात्र नेता समीर सिंह विशाल, शाहंशाहपुर निवासी भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के सहसंयोजक प्रणय सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों की जरूरत को देखते हुए परिवहन मंत्री से की गई थी और इस संबंध में पत्रक भी दिया गया था। इस निर्णय पर क्षेत्र के मनीष सिंह भूपेंद्र प्रताप सिंह गोल्डी सिंह मुकेश सिंह धर्मेंद्र सिंह प्रशांत आदि ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। इन लोगों का कहना था कि अब गांव से शहर जाने और आने में आसानी होगी।

तिलहर में श्रद्धा पूर्वक पुष्पांजलि एवं पुष्पवर्षा कर क्षेत्र वासियों द्वारा स्वागत

समाज जागरण

तिलहर,शाहजहांपुर। रेजांगला के अमर बलिदानी वीर शहीदों की पवित्र रज कलश यात्रा का तिलहर में श्रद्धा पूर्वक पुष्पांजलि एवं पुष्पवर्षा कर क्षेत्र वासियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। रेजांगला वीरों का बलिदान शौर्य एवं साहस की एक अमर मिशाल हैं रेजांगला के 114 अमर अहीर वीर बलिदानियों के हम सब सदा ऋणी रहेंगे। 19 प्रांतों में भ्रमण के बाद आज यूपी के जिला शाहजहांपुर के तिलहर नगर के पश्चिमी तिराहे सरयू वाली पुलिया पर रेजांगला के अमर बलिदानी वीर शहदों की पवित्र रज कलश यात्रा" पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धा से नमन कर पुष्पांजलि अर्पित कर वीरों की रज कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

पवित्र रज कलश यात्रा को पुष्प अर्पित व नमन करने के बाद प्रमोद कुमार यादव "जनसेवक ने कहा कि रेजांगला में सभी अमर शहीद बलिदानी वीरों का देश के लिए बलिदान अतुलनीय है और हम सभी लोग सदैव ऋणी रहेंगे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव जनसेवक प्रमोद यादव जिलापंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य रूम सिंह यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

घर परिवार और समाज की रोशनी हैं बेटियां: - रोशनी कुमारी

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 16 /10/ 2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति का यह आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता के लिए किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यापिका श्रीमती रोशनी कुमारी ने कहा कि बेटियां तो आंगन की चहचहाहट हैं जिनके बिना घर परिवार और समाज अधूरा है। वह घर परिवार और समाज की रोशनी हैं। उन्होंने नारी शक्ति को सलाम करते हुए जयशंकर प्रसाद की रचना "नारी तुम श्रद्धा हो" का वाचन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ० ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन राजभाषा ने अपनी काव्य संग्रह विदा होती बेटियां के मार्मिक पक्षों का उल्लेख किया और बेटी तथा मां के संबंध पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ० बीना सिंह रागी ने साहित्य, समाज और मानवता के त्रिकोण पर प्रकाश डालते हुए अपनी नारी शक्ति के प्रति समर्पित रचनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समाज में लैंगिक विभिन्नता के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है क्योंकि प्रकृति जन लिंगों का भेद नहीं करती तो ऐसी स्थिति में समाज कैसे लिंगों का भेद कर सकता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्था के वरिष्ठ अध्यापक डॉ० मानिकचंद पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले संचालित मिशन शक्ति अभियान की गतिविधियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए स्वयं सेविका पल्लवी गुप्ता, ज्योति, पूनम, पूजा, श्रेया, संचना आदि ने भी अपने विचार रखे। मिशन शक्ति के इस अभियान में थाना शक्तिनगर के एस.आई. रंजीत कुमार, कांस्टेबल आदित्य कुमार, महिला कांस्टेबल सुनीता यादव एवं पूजा कनौजिया ने मिशन शक्ति जागरूकता के प्रति छात्र-छात्राओं का ध्यान आकर्षित किया और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट जैसे संगीन विषयों पर जागरूक रहने का आग्रह किया। आयोजन में अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने किया तथा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन रंजीत राय ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पांडेय ने किया। आयोजन में संस्था के सभी सम्मानित अध्यापकों विशेष रूप से डॉ० दिनेश कुमार, प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, डॉ० मनोज कुमार गौतम आदि की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान – उत्तर प्रदेश पुलिस का अभिमान

छात्राओं को दी गई महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता की जानकारी

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत आज दिनांक 16.10.2025 को मिशन शक्ति नोडल क्षेत्राधिकारी डॉ० चारू द्विवेदी के नेतृत्व में तथा चौकी प्रभारी चुर्क विनोद यादव व महिला थाना प्रभारी सविता सरोज की उपस्थिति में स्वामी हरसेवानन्द महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं महिला शिक्षकों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों – 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (बाल सहायता), 102 व 108 (आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा), 112 (आपातकालीन सेवा) तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 – की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं जैसे –

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण आवास योजना, महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा नाटक/नृत्य के माध्यम से महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सभी ने सराहा। क्षेत्राधिकारी डॉ० चारू द्विवेदी द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी हेल्पलाइन नम्बर, आत्मरक्षा, डिजिटल सुरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के विषय में उपयोगी सुझाव दिए गए तथा समाज में महिलाओं की सुरक्षा व समान भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल श्रम, मानव तस्करी, एवं घरेलू हिंसा जैसे सामाजिक अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारीगण, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

एमडी ने किया अनपरा तापीय परियोजना का दौरा

बिजली कार्मिकों ने एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत

प्रतिनिधियों ने मांगपत्र देकर ज्वलंत समस्याओं पर की चर्चा

मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण

अनपरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ रूपेश कुमार, निदेशक तकनीकी इं अश्विनी त्रिपाठी तथा निदेशक नव परियोजना, इं एसके दत्ता ने बुधवार देर शाम को अनपरा तापीय परियोजना का दौरा किया। एनसीएल में कोयले से संबंधित मुद्दों पर बैठक लेने के बाद अनपरा तापीय परियोजना का निरीक्षण कर इकाइयों के परिचालन एवं अनुरक्षण का जायजा लिया फिर परियोजना के अधिकारियों में मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार, महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ, महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी, महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुवेर्दी, सीएमओ डॉ एएन बरनवाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं, इकाइयों के वार्षिक अनुरक्षण, सुरक्षा, चिकित्सा इत्यादि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया तथा दीपावली व छठ पर्व के दृष्टिगत निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन जारी रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। प्रबंध निदेशक को सीआईएसएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी।वहीं दामिनी अथितिगृह में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एमडी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और इस दौरान प्रतिनिधियों ने उन्हें मांगपत्र देकर विगत मार्च 2023 में सांकेतिक हड़ताल के दौरान निलंबित कार्मिकों के विरुद्ध प्रचलित जांच को जल्द समाप्त कराने, वर्ष 2009 एवं बाद के सहायक अभियंताओं की सीनियरिटी लिस्ट जारी कराने, अधिशासी अभियंता, टेक्नीशियन तथा अन्य सभी संवर्ग के कार्मिकों के रिक्त पड़े पदों के विरुद्ध लंबित प्रमोशन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने, लंबित समयबद्ध वेतनमान, पाली भत्ता का आदेश जारी करने, हॉस्पिटल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत विशेषज्ञ चिकित्सकों में सर्जन, येनेस्थेसिया, कॉर्डियोलॉजिस्ट, गायनो, फिजियोथेरेपिस्ट की भर्ती कराने तथा अल्ट्रासाउंड और प्रोत्साहन भत्ता के साथ सभी भत्तों को पुनरीक्षित करने इत्यादि मांगो पर विस्तृत चर्चा किया। वार्ता मे मुख्य रूप से इं अदालत वर्मा,इं मनोज यादव, अभिषेक सिंह,वीके आनंद, मुकेश जायसवाल, श्याम बिहारी सिंह, महबूब अहमद, सूरज गुप्ता, नीरज जायसवाल, अभय सिंह, विरेंद्र वर्मा, योगेंद्र मिश्रा, राजकुमार यादव, सीलियम मसीह, जितेंद्र जायसवाल, विकाश कन्नौजिया, प्रभाकर सिंह, रविकांत गौंड, इंद्रेश सिंह, अखिलेश कुमार, एल पी शुक्ल, सुनील देव, प्रमोद मिश्र समेत अधिकांश संगठनों के प्रतिनिधि एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 की अवधारणा को साकार करने की दिशा में जनपद के विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण हेतु मीडिया संगोष्ठी का हुआ आयोजन

समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 में अपने सुझाव देने हेतु क्यू0आर0कोड को करें स्कैन, दें सुझाव

ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुसार समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 की अवधारणा को साकार करने की दिशा में जनपद के विजन डॉक्यूमेंट व समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 के अन्तर्गत क्यू0आर0 कोड को स्कैन कर अपने सुझाव प्रेषित करने हेतु मीडिया संगोष्ठी का आयोजन मा0 विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन 0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला ध्यक्ष भाजपा नन्दलाल गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, इस अवसर पर मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चौबे ने उपस्थित मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी पहल विकसित भारत/2047 के द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप मे स्थापित करने की दिशा में विकसित भारत/2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। उक्त के क्रम में जनपद सोनभद्र में समाज विकास, आर्थिक विकास, संस्कृति की पुनर्जागरण, संस्कृतिक पुन र्जागरण, कृषि एवं सम्बद्ध सेक्टर, पुश धन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, पर्यटन सेक्टर में अपने सुझाव क्यू0आर0 कोड को स्कैन करके अपलोड करें। आप द्वारा दिये गये सुझाव जनपद, प्रदेश और देश को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगें और मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी के अवधारणा-2047 तक विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश को मजबूत बनायेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की अवधारणा को मजबूत करने हेतु मीडिया बन्धु अपने महत्वपूर्ण सुझाव क्यू0आर0 कोड को स्कैन करके दें, जिससे कि दिये गये सुझाव पर डेवलपमेन्ट के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हो सकें। उन्होंने कहाकि सरकार द्वारा 12 सेक्टर चिन्हित किये गये हैं, जिन सेक्टरों में सभी के महत्वपूर्ण सुझाव मांगे गये हैं, जिनमें पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर, स्वास्थ्य केक्टर और शिक्षा सेक्टर प्रमुख है, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर भी हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, सी0एस0आर0 मद के माध्यम से औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बगल बसे गांवों को शत-प्रतिशत विकसित करने का कार्य किया जाये, उन्होंने कहा कि सलखन फासिल्स पार्क को यूनेस्को की साइड पर दर्ज होने पर जनपद का नाम देश ही नहीं विश्व स्तर पर जनपद की पहचान होगी।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता सहित जनपद के प्रबुद्धजन, मीडिया बन्धुओं ने जनपद के विकास की संभावनाओं व विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित कार्यशाला में अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किये। इस मौके पर समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के चीफ ब्यूरो, जिला संवाददाता, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संत पाल वर्मा, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जय सिंह, के0एन0 उपाध्याय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एण्टी रोमियो टीम की प्रभावी कार्यवाही – तीन शोहदे गिरफ्तार

सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्लमिशन शक्ति फेज 5.0ह्व के क्रम में थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवननाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में, थानाध्यक्ष म्योरपुर कमल नयन दूबे के नेतृत्व में थाना म्योरपुर की एण्टी रोमियो टीम द्वारा आज दिनांक 16.10.2025 को म्योरपुर क्षेत्र में मनचलों व शोहदों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कुछ युवक महिलाओं, बालिकाओं एवं नवयुवतियों को देखकर अश्लील इशारे व अभद्र गाने गाते हुए पाए गए, जिनके कृत्य से आसपास उपस्थित महिलाएं एवं छात्राएं असहज महसूस कर रही थीं। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 1. महेश कुमार यादव पुत्र राम अवतार यादव निवासी डडिहरा थाना म्योरपुर, उम्र 32 वर्ष को समय 10:05 बजे लिलासी मोड़, कस्बा म्योरपुर से, 2. सुन्दर कुमार पुत्र अमेरिका निवासी परनी थाना म्योरपुर, उम्र 20 वर्ष एवं 3. गोपाल गोड़ पुत्र भोला गोड़ निवासी परनी थाना म्योरपुर, उम्र 22 वर्ष को समय 10:30 बजे ग्राम परनी से पुलिस हिरासत में लिया गया।

अभियुक्तों के विरुद्ध क्रमशः-
•मु0अ0सं0-135/2025 धारा 296 बीएनएस बनाम महेश कुमार यादव मु0अ0सं0-136/2025 धारा 296 BNS बनाम सुन्दर कुमार व गोपाल गोड़ पंजीकृत कर अभियुक्तों को धारा 170, 126, 135 बीएनएस के अंतर्गत मा० न्यायालय के समक्ष चालान किया गया।

पुलिस ने अवैध रुप से भण्डारण किये गये 04 पेटियों करीब 07 किग्रा अवैध पटाखा (कीमत करीब 20,000/- रुपये) किया बरामद

समाज जागरण

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में दिनांक 16.10.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा आगामी पर्व दिवाली/छठ पूजा के दृष्टिगत अवैध पटाखा कि दुकान व भंडारण कि चेकिंग कि जा रही थी कि मुखबिरी सूचना पर विष्णु कुमार पुत्र स्व0 विजयबहादुर निवासी साई चौक के पास नई बस्ती थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 58 वर्ष के दुकान में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा दबिश दिया गया जहाँ से कुल 04 पेटियों में करीब 07 किग्रा भिन्न-भिन्न प्रकार के अवैध पटाखा (कीमत करीब 20,000/- रुपये) का अवैध पटाखा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 1045/2025 धारा 9ख(1)ख विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम विष्णु कुमार पुत्र स्व0 विजयबहादुर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

डिजिटल साक्षरता और घरेलू हिंसा कार्यक्रम के तहत गोष्ठी का हुआ आयोजन

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

सोनभद्र। आज महिला कल्याणा विभाग, जनपद सोनभद्र द्वारा मिशन शक्ति 5-0 के अन्तर्गत डिजिटल साक्षरता और घरेलू हिंसा विषय पर विशेष कार्यक्रम सर्किट हाउस लोढ़ी सोनभद्र में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद ,भाजपा जिलाध्य नंदलाल गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह एवं महिला कल्याण विभाग की टीम उपस्थित रहीं ।इस अवसर पर मा0 विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल युग की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है और मिशन शक्ति के अभियान को मजबूती प्रदान करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक स्वालंबन जरूरी है ताकि परिवार व समाज के उत्थान में इनकी भूमिका को रेखांकित किया जा सके, साथ ही हम सभी को मिलकर मादा भ्रूण हत्या को रोकना होगा तभी सामाजिक लिंगानुपात में समानता आ पायेगी। आज के समय में डिजिटल फ्रॉड पर कैसे नियंत्रण पायें इसके लिए हमें सक्रिय होकर अपने मोबाइल का उपयोग करना होगा ताकि डिजिटल फ्रॉड से बचा जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा की डिजिटल फ्रॉड का डटकर मुकाबला करने की आवश्यकता है तथा किसी भी प्रकार के अवांछित कॉल को रिसीव नहीं करना है तथा वित्तीय लेनदेन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है यदि कोई आपको डिजिटली अरेस्ट की धमकी देता है तो इससे डरने की आवश्यकता नहीं है बल्कि साइबर क्राइम थाने को सूचित करने की आवश्यकता है। सावधानी ही बचाव है इसलि, सावधानी पूर्वक डिजिटल लेनदेन करना है। जेंडर ,एक्सपर्ट साधना मिश्रा ने कहा कि घरेलू हिंसा या दहेज उत्पीड़न से पीड़ित महिला अपनी समस्या को लेकर के कब कहां किससे, कैसे अपनी समस्या को लेकर संपर्क करें, इससे संबंधित जानकारी वीडियो क्लिप के माध्यम से बताया गया और मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन के अंतर्गत आने वाले समस्त टोल फ्री नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के प्रयोग, ऑनलाइन सुरक्षा, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा आत्मनिर्भर बनने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के इस चरण के माध्यम से महिलाओं में डिजिटल ज्ञान के साथ आत्म विश्वास एवं सामाजिक भागीदारी की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह, जिला मिशन कॉर्डिनेटर नीतू यति, जेंडर एक्सपर्ट सीमा द्विवेदी सहित सम्मानित मीडिया बन्धुगण उपस्थित रहें।

जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू के बैनर तले मजदूरों ने, समस्याओं को लेकर अनपरा तापीय परियोजना के गेट पर किया मीटिंग

मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण

अनपरा/ सोनभद्र। जिला संविदा श्रमिक यूनियन सीटू के बैनर तले मजदूरों ने अनपरा तापीय परियोजना के मेटेरियल गेट पर देर सायं तक गेट मीटिंग हुई। वक्ताओं ने कहा जब गैस, आटा, तेल, दाल, दवाई और बच्चों की पढ़ाई जब महंगाई तले दब रहे हो सरकार एक रुपए की बढ़ोतरी कर हम मजदूरों के सम्मान का अपमान है उत्तर प्रदेश सरकार मार्च में घोषणा की है हर मजदूर की मजदूरी न्यूनतम 18 हजार से कम नहीं लेकिन आज एक रूपए बढ़ोतरी मजदूरों के साथ धोखा है संगठन मांग करता है कि महंगाई के हिसाब से उत्तर प्रदेश सरकार मजदूरों की मजदूरी का रीवीजन कर मजदुरी 26 हजार किया जाय। अनपरा तापीय परीयोजना के उत्पादन निगम में रोहिणी टांसपोर्ट कापोर्रेशन द्वोरा 30 वर्ष से लागातार काम करा रही थी 3 जुलाई 025 को काम समाप्त हुए तीन माह से ऊपर होगया लेकिन मजदूरों का फाइनल भुगतान न कर मजदुरों के धैर्य का परीक्षा ले रही है कम्पनी में 300 सौ से अधिक मजदूर कार्यरत थे कुछ मजदूरों को तोड कर फ्राड कर हस्ताक्षर कराकर बेहद कम पैसे दिए गए हैं अभी दो सौ से अधिक मजदूरों का पुरा भुगतान नहीं किया गया है 20, 30 वर्ष से काम करने वाले मजदूरों का हाजिरी कम दिखाया गया है ओटी 60 ,80 120 घंटे महीने में ओटी दिखाया गया है जब कि ओटी का पैसा नहीं दिया गया है मजदूर का फाइनल के नाम पर जीरो कर दिया गया है संगठन प्रबंधन से मांग करता है कि रोहिणी टांसपोर्ट कापोर्रेशन का उच्चस्तरीय जांच कराते हुए मजदूरों का दिवाली के त्योहार को देखते हुए तत्काल फाइनल भुगतान कराया जाय अनपरा तापीय परी योजना में मजदूरों के हो रहे शोषण को रोकते हुए हर मजदूरों का बोनस का भुगतान किया जाय हर हाल में श्रम कानून का पालन करते हुए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी किया जाय। वक्ताओं में जिला संविदा श्रमिक यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पाल, बिजली बोर्ड इंप्लाईज यूनियन के महा मंत्री विशंभर सिंह, नवजवान सभा के गुड्डू उपाध्याय, मजदूर नेता मोहम्मद अंसार ने सभा को संबोधित किये। उपस्थित लोग मुस्ताक अहमद, सर्वर खान, ददऊ यादव, लाल मन, विरेन्द्र यादव, अब्दुल शेख, फैज आलाम कन्हैया लाल, ईश्वर प्रसाद, दल साह, बसंत लाल, दिलीप, बुधन, पृथ्वी राज, राजू रामल्लू, दिलेसर, रामनरेश कनौजिया, जवाहीर, बुल्लू, फुल मती, जसमती देवी, गीता देवी, सुमीत्री देवी, सहीत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्षता सुरेन्द्र पाल तथा संचालन युनियन उपाध्यक्ष गणेश सिंह ने किया।

आगामी त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गई पीस कमेटी की मीटिंग

आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण

चोपन/ सोनभद्र। आगामी दिपावली, धनतेरस, छठ पूजा त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर, तहसील ओबरा के नेतृत्व में थाना परिसर चोपन मे थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी! गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी लोगो से वार्ता कर उपरोक्त त्योहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही बैठक में उपस्थित सभी अधि0/कर्म0 गणों को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

बकाये मजदूरी को लेकर, दूसान के अधिकारियों पर सीएमडी ने लगाई फटकार

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबन्ध निदेशन डा रूपेश कुमार को जैसे ही पता चला कि कोरिया की दूसान कम्पनी के अधीनस्थ कार्य कर रहे मजदूरो की मजदूरी कई महीनो से बकाया है आगामी दीपावली के पर्व पर भी उन्हे मजदूरी नही मिली है। इसपर वे आग बबूला हो गये और तत्काल दूसान के अधिकारियो को तलब कर लिया। दीपावली पर किसी भी हाल में भुगतान करने की हिदायत देते हुये जमकर फटकार लगायी। कार्य में सुस्ती पर भी चेतावनी देते हुये कहा कि मार्च तक अगर परियोजना का कार्य पूर्ण नही हुआ तो दुसान के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही की जायेगी।

अनुशासनहीनता पर कोन ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत यादव निष्कासित: संतोष पासवान को बनाया गया नया ब्लॉक अध्यक्ष

अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

कोन/ सोनभद्र। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, सोनभद्र ने कोन ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ बुल्लू यादव को पद से निष्कासित कर दिया है। उनकी जगह ग्राम प्रधान संतोष कुमार पासवान को कोन ब्लॉक का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह कार्रवाई 16 अक्टूबर 2025 को की गई है। संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुजीत यादव पर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की नीतियों के विपरीत कार्य करने, अपने अधिकार का दुरुपयोग करने और अनुशासनहीनता का आरोप है। निष्कासन के साथ ही 16 अक्टूबर 2025 से उनके सभी अधिकार समाप्त माने जाएंगे। संगठन की अनुशंसा और सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान संतोष कुमार पासवान को कोन ब्लॉक, सोनभद्र का नया अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन को विश्वास है कि संतोष कुमार पासवान अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन की मयार्दा बनाए रखेंगे।

कन्नौज: पोषण समिति की बैठक में सीडीपीओ गुगरापुर का अतिरिक्त प्रभार हटाने के निर्देश

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जलालाबाद/गुगरापुर के सीडीपीओ शेषमणि यादव की कार्यकुशलता संतोषजनक न पाये जाने पर गुगरापुर का अतिरिक्त प्रभार चार्ज के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीडीपीओ हसेरन कार्य में प्रगति लाये। कार्य के प्रति उदासीन रवैया न अपनायें। सभी सीडीपीओ एक सप्ताह में आधार सीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के आंगनवाड़ी केन्द्र नगला दुर्गा ग्राम पंचायत बेहटा खास का निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये। कहा कि सभी सीडीपीओ को अपने क्षेत्र की पूर्ण जानकारी रखें तथा कहां पर केन्द्र का निर्माण हो रहा हैं, निर्माण कार्य की क्या प्रगति हैं। कितने आंगनवाडी केन्द्र हैं, सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र कौन से हैं। 21 बाल वाटिकायें कहां पर हैं, आदि की जानकारी होनी चाहिए। उन्होनें नव नियुक्त सुपरवाइजरों को कार्य स्थल पर एक्टिव रहने के निर्देश दिये।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाये। शिकायतों के निस्तारण के समय शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक हैं। ग्राम चौपाल में सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर का रहना आवश्यक हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कन्नौज: वार्षिक ऋण योजना में फिसड्डी बैंको की मिली डीएम की फटकार

युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति पर भी जताई नाराजगी

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ह्लमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनाह्ल की समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि जनपद को 1700 का लक्ष्य मिला है, जिसमें अब तक 687 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया है तथा 1514 आवेदनों को निरस्त किया गया है एवं 547 आवेदन लंम्बित है। पंजाब नेशनल बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, बैंक आफ बडौदा द्वारा अधिक आवेदनों को लंबित रखने एवं निरस्त करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त कर निर्देश देते हुए कहा कि अधिक आवेदन निरस्त किए गये यह अत्यंत खेदजनक है, जिन बैंकों द्वारा अधिक आवेदन निरस्त किए गये उन बैंकों की समीक्षा गहनता से की जाए ' इस योजना के अंतर्गत और अधिक पात्र युवाओं को लाभान्वित किया जाए।

जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2025-26 की समीक्षा करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक आदि बैंकों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि सभी बैंक अपने-अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसडीआई की प्रताड़ना से आहत शिक्षक ने खाया जहर

बीएसए ने मामले की जांच के दिए निर्देश

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भदोखर भदोखरी में तैनात शिक्षक शौकेंद्र ने कथित रूप से एसडीआई इटवा राजेश कुमार की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खा लिया, ऐसे में शिक्षक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, सूत्रों के मुताबिक, एसडीआई राजेश कुमार द्वारा शिक्षक को लगातार विभिन्न ब्लॉकों जैसे भनवापुर डुमरियागंज और इटवा बुलाकर दबाव बनाया जाता था,रजिस्टर आधार सत्यापन और ऑनलाइन कार्यों को लेकर मानसिक उत्पीड़न का आरोप,आरोप यह भी कि एसडीआई ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और पिछले दो महीने से शिक्षक का वेतन रोक रखा था,तनाव में आकर शिक्षक ने बीती रात जहर खा लिया,साथी शिक्षकों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहाँ हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया गया,घटना के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच का निर्देश दे दिया है।

नगर पंचायत निगोही में एडीएम रजनीश मिश्रा का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण

शाहजहांपुर। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश मिश्रा ने बुधवार को नगर पंचायत निगोही का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे एडीएम ने नगर की सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एडीएम मिश्रा ने नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों की जांच की तथा उपस्थित कर्मचारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पेयजल, सड़क प्रकाश व्यवस्था और नालियों की सफाई में और सुधार लाने के आदेश दिए। एडीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से करें। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि एडीएम के निदेशों का पालन शुरू कर दिया गया है। आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि नगर की व्यवस्थाओं को और अधिक दुरुस्त किया जा सके।

कटौती बंद करो, वरना कार्रवाई झेलो जिलाधिकारी का साफ संदेश!

समाज जागरण

शाहजहाँपुर झ धान खरीद सत्र 2025-26 में किसानों की उपज के दाम तय होने के बाद भी कुछ आढ़तियों और राईस मिलर्स द्वारा मुद्दत, गर्दा या नकद डिडक्शन (सी.डी.) के नाम पर अवैध कटौती किए जाने की शिकायतें सामने आईं।इस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है अब किसी भी किसान से एक पैसा भी अनियमित रूप से नहीं काटा जाएगा, कटौती बंद करो, वरना कार्रवाई झेलो !ह्व डीएम ने मंडी सचिवों को निर्देशित किया है कि जनपद की सभी मंडियों और प्राइवेट धान खरीद केंद्रों पर बड़ा बैनर लगाया जाए यहाँ किसी भी प्रकार की अनियमित कटौती नहीं की जाती है।उन्होंने कहा कि धान का मूल्य तय हो जाने के बाद किसी भी रूप में कटौती करना शासनादेश का उल्लंघन है। यदि कोई व्यापारी या मिलर ऐसा करता पाया गया तो उसके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने मंडी सचिवों को स्पष्ट रूप से आदेशित किया है कि सभी आढ़तियों व राईस मिलर्स को इस संबंध में लिखित रूप से चेताया जाए और निगरानी टीमों को सतर्क रखा जाए।किसानों के हित में जिलाधिकारी का यह सख्त निर्देश एक मजबूत संदेश देता है कि शाहजहाँपुर में अब धान खरीद में किसी भी तरह की लूट या मनमानी नहीं चलेगी।

कन्नौज: महिला डिग्री कालेज में हुई सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य ऋतु सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ कराकर हुआ।इन प्रतियोगिताओं में भाषण, निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें जनपद के पीएसएम डिग्री कॉलेज, नेहरू डिग्री कॉलेज, अविका डिग्री कॉलेज, चौधरी चंदन सिंह डिग्री कॉलेज एवं राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। निर्णायक मंडल में अजय कुमार जिला समन्वयक समग्र शिक्षा कन्नौज, डॉ. के के झा प्रवक्ता भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर एवं मृदुल मिश्रा प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज समधन ने अपनी भूमिका निभाई। क्विज प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय की नंदनी दुबे, नेहरू महाविद्यालय के कृष्णा दुबे द्वितीय एवं शिव ओम शर्मा तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज की छात्रा नंदिनी दुबे प्रथम स्थान एवं चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय कन्नौज की छात्रा काजल द्वितीय स्थान एवं पीएसएम डिग्री कॉलेज की छात्रा सुमिता तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता मे पीएसएमपीजी कॉलेज कन्नौज की छात्रा यशी शर्मा प्रथम स्थान एवं शिक्षा कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रही एवं तृतीय स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज की छात्रा अंजलि रही।

पोस्टर प्रतियोगिता में चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय की छात्रा नीतू प्रथम स्थान, राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज की छात्रा नंदिनी दुबे द्वितीय स्थान एवं नेहरू पीजी कॉलेज छिबरामऊ की छात्रा पलक शर्मा तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागी एवं विजय विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ पी पी यादव एवं डॉ नेहा मिश्रा द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के तंत्रों को याद आ गई सैंपलिंग की कार्रवाई!

चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत चरितार्थ

समाज जागरण

सिद्धार्थनगर। जनाब ये खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार तंत्र हैं, इन्हीं लोगों के भरोसे खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच रहती है, लेकिन ये लोग मात्र त्योहारों के समय में ही खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच करते हैं, त्योहार से पहले या त्योहार के बाद इन लोगों का दर्शन पाना मुश्किल होता है, ये लोग लोगों की सेहत का जरा सा भी परवाह नहीं करते हैं, क्योंकि मिष्ठान विक्रेता भले ही मिठाई के नाम पर लोगों को दूषित एवं जहरीला मिठाई भले ही क्यों ना खिला दें लेकिन इन महाशयों पर कोई फर्क ही नहीं पड़ता है। आगे देखिए शाबाशी पाने के चक्कर में इन लोगों ने किस-किस जगह और कौन-कौन सी कार्रवाई किया है। दीपावली त्योहार के मद्देनजर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं जिला अधिकारी के आदेश के क्रम में जिले में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम लगाने हेतु विशेष छापामार अभियान चलाने का सिलसिला जारी हो गया। सहायक आयुक्त खाद्य आर एल यादव के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न बाजारों में सघन जांच की,और विभिन्न दुकानों से नमूना लिया और साथ ही संग्रहण और सीजिंग का भी कार्यवाही शुरू कर दिया, जिले बांसी कस्बे से 01 खोवा 01 दूध का नमूना लिया गया, इसी क्रम में अलीगढ़वा बाजारे से भी 01 सरसों का तेल 01 बादाम, 01 बूंदी लड्डू 01 बर्फी का नमूना लिया गया, इसी क्रम में बर्डपुर बाजारे से 01 पनीर और 01 सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया गया साथ ही 30 किलोग्राम सरसों तेले मानक के अनुरूप न पाए जाने पर दुकान सीज किया गया, इसी क्रम में सकारपार बांसी से 01 दूध 01 बर्फी का नमूनो पकड़ी से 01 खोवा का नमूना सनई चौराहो से 01 पेड़ा 01 बर्फी का नमूना औरे नौगढ़ बाजारे से 02 छेना मिठाई का नमूना लिया गया, खजुरिया रोड थाना मोड़ नौगढ़े से 01 खोया 01 पनीर का नमूना संग्रहित किया गया औरे 150 किलो ग्राम खोया एवं 20 किलो ग्राम पनीरे सीज किया गया, डुमरियागंजे से 01 बूंदी का नमूना संग्रहित करते हुऐ 59 किलोग्राम बूंदी सीज की किया गया। परसा शाह आलम निकट विजय पैलेस नौगढ़े से 01 कलाकन्द 01 लड्डू 01 डोडा बर्फी 01 बूंदी 01 स्किम्ड मिल्क पाउडर का नमूना लिया गया। यहाँ 367 किलोग्राम कलाकन्द 103 किलोग्राम लड्डू 23 किलोग्राम डोडा बर्फी 119 किलोग्राम बूंदी दानो सीज किया गया, औरे 38 किलोग्राम कलाकन्दे एवें 12 किलो ग्राम डोडा बर्फी मौके पर ही नष्ट कराया गया,फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा भी की गई कार्रवाई,नौगढ़ बाजार में फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा खाद्य कारोबारकताओं के प्रतिष्ठानों की जाँच की गई, जिसमें 02 छेना मिठाई मानक के अनुरूप नहीं पाई गई, इनका नमूना संग्रहित करते हुए मौके पर ही 05 किलोग्राम छेना मिठाई नष्ट करा दी गई, बताते चलें कि कुल जब्ती और नष्ट सामग्रीयों का विवरण- अभियान के दौराने कुल 871 किलोग्राम खाद्य सामग्री 'अनुमानित मूल्य रु. 1,08,217' जब्त की गई और 55 किलोग्राम मिठाइयाँ (अनुमानित मूल्य रु. 5,400' नष्ट कराई गईं। इस प्रकारे कुल 23 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। बताया जाता है कि अग्रिम की विधिक कार्यवाही- जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी,टीम ने इस दौरान खाद्य कारोबारकताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने हेतु जागरूक भी किया,छापामार टीम में शामिल अधिकारी- इस विशेष अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य) आर एल यादव,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी, जय प्रकाश और रंजन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

विधायक अरविंद सिंह ने किया नव निर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण

समाज जागरण

शाहजहांपुर। विधायक अरविंद सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र 136 ददरौल के अंतर्गत ग्राम पडैचा मोड़ से शिरोमनपुर होते हुए इमलिया मरेना मार्ग तक लोक निर्माण विभाग द्वारा नव निर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। सड़क निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बेहतर सड़क व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से न केवल किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, बल्कि छात्रों व आमजन को भी सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी।लोकार्पण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खनन माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज, लेकिन अवैध खनन करने वाली ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस की पकड़ से बाहर

पत्रकार पर हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

समाज जागरण

शाहजहांपुर। तिलहर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन रोकने पहुंचे पत्रकार पर खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। ग्रामीणों की सूझबूझ से पत्रकार की जान बची, जबकि खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस घटना के बाद पत्रकारों में रोष व्याप्त है। ग्राम धन्यौरा निवासी पत्रकार उदयवीर सिंह, जो ह्यबिजनौर टुडेह्न हिंदी दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत हैं, ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों से अवैध मिट्टी खनन की शिकायत मिली थी। शिकायत पर वह गुरुवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे जन्यूरी गांव पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि निगोही की दिशा से एक ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई आ रही थी। ट्रॉली पर समीम पुत्र जलील निवासी डभौरा अपने तीन साथियों के साथ मौजूद था। जैसे ही उदयवीर सिंह ने अवैध खनन का वीडियो बनाना शुरू किया, समीम और उसके साथियों ने पत्रकार पर लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह पत्रकार को बचाया। जाते-जाते हमलावरों ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी भी दी। कुछ देर बाद आरोपी दोबारा लौटे और धमकाते हुए बोले बहुत बड़ा पत्रकार बनता है, तुझे जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद उदयवीर सिंह ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल राकेश कुमार सिंह को तहरीर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए समीम और तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर समीम को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, जिस ट्रैक्टर ट्रॉली से अवैध खनन किया जा रहा था, उसे अब तक पुलिस ने बरामद नहीं किया है। पत्रकार संगठनों ने ट्रॉली बरामद कर सीज करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि जब तक खनन में प्रयुक्त वाहन जब्त नहीं किया जाएगा, तब तक अवैध खनन और माफियाओं के हौसले बुलंद रहेंगे। पत्रकारों ने प्रशासन से सवाल उठाते हुए कहा कि जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता की सुरक्षा कैसे संभव है? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुंडे माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश के दावे इस घटना में झूठे साबित हो रहे हैं। स्थानीय पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि ट्रैक्टर ट्रॉली को तत्काल बरामद कर सीज नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और शेष आरोपियों व ट्रॉली की तलाश जारी है।

कन्नौज: उप निदेशक कृषि ने किया फार्मर रजिस्ट्री कराने का अनुरोध

समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने समस्त किसानो से अनुरोध किया है कि वे अपनी फार्मर आई०डी० (रजिस्ट्री) अवश्य बनवा लें।उन्होंने बताया कि यदि किसानों द्वारा फार्मर आई०डी० का पंजीकरण नहीं कराया गया, तो आगामी माह नवम्बर 2025 में आने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त बन्द हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर करा सकते हैं। रजिस्ट्री के लिए खतौनी की प्रति, आधार कार्ड की प्रति, आधार से जुड़ा मोबाइल नम्बर दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएँ। उन्होंने कहा है कि फार्मर आई०डी० बनवाना प्रत्येक पात्र किसान के लिए अत्यंत आवश्यक है ताकि वे आगामी योजनाओं एवं लाभों से वंचित न रहें।

अनियंत्रित कार डिवाईडर फंदकर दूसरी खड़े ट्रक में जा घुसी, एक की मौत

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे हरियाणा होटल के समीप कानपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए रोड क्रॉस कर दुसरी तरफ हाईवे में खड़े ट्रक में जा घुसी। जिसमें दो लोग रामावतार पुत्र जगन्नाथ उम्र 65 वर्ष निवासी मोती नगर उन्नाव अभिषेक पुत्र अवधेश सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी आवास विकास कॉलोनी जनपद उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने रामौतार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अभिषेक सिंह को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

बंद कमरे में फांसी लगा युवक ने दी जान

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के अमनी गांव में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक की मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

अमनी गांव निवासी रामचंद्र का बीस वर्षीय पुत्र छोटे लाल ने गुरुवार की दोपहर करीब 11 बजे चौराहे से सौ मीटर की दूरी पर स्थित अपने मकान के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। युवक ने घर में लगे पंखे की हुक पर साड़ी का फंदा लगा फांसी लगा ली। सुबह परिजनों की नींद खुली तो युवक का शव फांसी पर लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजन आनन फानन में युवक को इलाज के लिए पीएचसी विजयीपुर ले गए। जहां पर तैनात चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुन परिजनों में मातम छा गया। थोडी देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि युवक की मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम ने बताया कि सूचना के आधार पर पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही की जा रही है।

परौर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन जोरों पर जिम्मेदार मौन

कलान तहसील क्षेत्र परौर में रात मे हो रहा है मिट्टी और बालू का अवैध खनन

समाज जागरण

शाहजहांपुर परौर. तहसील क्षेत्र में हो रहे बालू और मिट्टी के दिन रात अवैध खनन पर प्रशासन अंकुश नहीं लग पा रहा है हद तो तब हो जाती है जब मनबढ खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से उपजाऊ खेतों में चार-चार फीट गहराई में मिट्टी का खनन करके खेतों को तालाब बना रहे हैं कलान तहसील के परौर थाना क्षेत्र में खुलेआम जेसीबी उपजाऊ खेतों में मिट्टी का खनन करके पड़ोसी खेत वालों को भी अपने खेत की मिट्टी माफिया के हाथों बेचने को मजबूर कर रहे हैं बरसात के मौसम में खनन से तालाब बने खेतों के आसपास खेतों की मिट्टी बरसात के पानी से भरकर खेत खराब हो जाते हैं तहसील क्षेत्र में खनन रोकने के लिए स्थानो की पुलिस के साथ ही राजस्व विभाग का पूरा अमला है किंतु किसी में भी दिन-रात होने वाले खनन को रोकने की हिम्मत नहीं है ऐसा नहीं है कि ग्रामीण इस अवैध खनन का विरोध नहीं करते हैं वह पुलिस एवं राजस्व विभाग के अवसरों को दिन के उजाले में होने वाले खनन की शिकायतें फोटो और वीडियो बनाकर भी करते किंतु ग्रामीणों की शिकायत पर होने वाला अवैध खनन तो नहीं रुकता उन्हें उल्टे माफिया शिकायत करता को धमकाने जाते हैं पुलिस से माफियाओं की शिकायत करने पर पुलिस शिकायत करता को एक ही जवाब देती है खनन रोकना पुलिस का नहीं बल्कि खनन विभाग का काम है जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस एक खनन माफियाओं से वसूली करके संबंधित विभागों को उनका हिस्सा पहुंचती है

मामूली बात को लेकर आपस में भिड़े सगे भाई

एक घायल,हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल किया रेफर

समाज जागरण

परौर/शाहजहांपुर के परौर थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर निवासी रमेश व मुकेश पुत्र देवेन्द्र किसी बात को लेकर आपस में भिड गए और मारपीट करने लगे। जिससे दोनों भाइयों को चोटें आई हैं। वहीं राजेश ने डायल 112 को लड़ाई झगडे की सूचना दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र कलान पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल रमेश का इलाज किया। वहीं हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने रमेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल नेत्रपाल कांस्टेबल मुनिराज व चालक संजय मौजूद रहे।

साइबर अपराध रोकने को पुलिस ने किया जागरूक

समाज जागरण

शाहजहांपुर जैतीपुर थाना क्षेत्र में साइबर अपराधों को रोकने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर एसआई सूरज पाल पचौरी नें ग्रामीणों को जागरूक किया। कहा जागरूकता ही बचाव का कारगर तरीका है।जागरूक रह कर ही साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। बताया अगर किसी के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो वह तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।जिससे धनराशि उसके खाते में होल्ड कराई जा सके। कहा किसी अनजान व्यक्ति को अपने खाते की केवाईसी अपडेट कराने के लिए ओटीपी,सीवीवी या पिन नंबर नहीं दे।यह जानकारी बैंकों द्वारा नहीं मांगी जाती है।किसी भी वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जांच लें।ऑनलाइन खरीदारी विश्वसनीय वेबसाइट सही करें। कस्टमर केयर का नंबर गूगल सर्च से प्राप्त न करके आधिकारिक वेबसाइट से ही ले।मोबाइल पर आई किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। खुद जागरूक बनकर अपने आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध के प्रति सचेत करें।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक ग्राम बैहरी में सम्पन्न उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय होगी प्रतिनिधि सभा ।

मिंटू कुमार
समाज जागरण हजारीबाग।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की एक अहम बैठक सदर प्रखण्ड के ग्राम बैहरी में जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विदित है कि 09 नवम्बर 2025 को प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो के निर्देश पर अमृतनगर में प्रमंडल स्तर पर कुशवाहा समाज के उत्थान को लेकर प्रतिनिधि सम्मेलन होना निश्चित हुआ है। इस सम्मेलन को सफल बनाने हेतु यह बैठक की गई। बैठक में समाज को आगे बढाने हेतु विभिन्न विचार साझा किये गये।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, जिला महासचिव राजकुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, पुरन महतो, जानकी महतो, अशोक कुमार महतो, विकास कुमार कुशवाहा, भुनेश्वर प्रसाद, शिवनन्दन महतो, विनोद महतो, बिसुन कुमार महतो, जागेश्वर महतो सहित बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर अपने अपने विचार दिये। जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा बैठक को सफल बनाने के लिए समस्त कुशवाहा बन्धुओं को धन्यवाद।

कर्णपुरा इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ नशा मुक्ति कार्यक्रम

समाज जागरण कुलदीप कुमार
संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांवः कर्णपुरा इंटर कॉलेज बड़कागांव में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिकरी ओ.पी. के थाना प्रभारी रामकुमार राम थे।कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रो. रामसेवक ने अध्यक्षीय भाषण के साथ की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा आज युवाओं, विशेषकर किशोर अवस्था के विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। समाज से नशा जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।मुख्य अतिथि रामकुमार राम ने

विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को आत्म-सुरक्षा से संबंधित कई उपयोगी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में प्रो. आशा कुमारी, प्रो. अक्षय कुमार पांडे, प्रो. सुमेधा कुमारी, प्रो. शिवम कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। छात्र-छात्राओं में करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, नेहा, अर्जुन, मनजीत की सक्रिय भागीदारी रही।

गिद्दी सी फुटबॉल मैदान पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का बैठक आयोजित किया गया।

समाज जागरण
गुलचंद महतो डाड़ी प्रखंड।

डाड़ी प्रखंड में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रखंड स्तरीय बैठक गिद्दी सी फुटबॉल ग्राउंड में किया गया जिसका जिसके अध्यक्षता दिलीप कुमार महतो प्रखंड अध्यक्ष एवं संचालक प्रदीप महतो के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो, केंद्रीय संगठन महामंत्री कपिल देव महतो एवं केंद्रीय सदस्य रवि कुमार महतो एवं जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार थे

मुख्य बिंदुः- प्रस्ताव संख्या 1 संबंध में प्रखंड स्तरीय चल रहे अवैध कोयला खनन के संबंध में

प्रस्ताव संख्या 2 प्रखंड स्तरीय स्पंज फैक्ट्री में प्रदूषण एवं अन्य समस्या के संबंध में प्रस्ताव संख्या 3 संगठन मजबूती के संबंध में प्रस्ताव संख्या

4 प्रखंड में चल रहे भ्रष्टाचारों पर रोक प्रस्ताव संख्या 5 अन्य उपस्थितः- दीपेंद्र कुमार जिला संगठन सूचीव रामगढ़,सुधीर कुमार प्रखंड सचिव, तुलेश्वर महतो प्रखंड उपाध्यक्ष, दीपेंद्र राणा प्रखंड उपाध्यक्ष, कपिल कुमार युवा मोर्चा अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, प्रखंड प्रवक्ता विमल कुमार महतो दिलीप कुमार महतो दिनेश महतो,राहुल कुमार, शत्रुघ्न लोहार, सेवकी कुमार, सुरेश कुमार, उदय गोप, करमु कुमार, नरेश परेक, निखिल कुमार महतो

उप विकास आयुक्त ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा

मनरेगा,आवास एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक

अरविंद कुमार यादव
संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी।

उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में आज कटकमसांडी प्रखंड सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा सरकार की अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

झारखण्ड सरकार
प्रखंड सभागार
कटकमसांडी, हजारीबाग

साथ ही उन्होंने मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि लक्षित समयसीमा के भीतर सभी लाभुकों को आवास उपलब्ध कराया जाए। इसी प्रकार अन्य योजनाओं में भी नियमित प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बीडीओ, सीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बिरहोर समुदाय की किशोरी की मौत की घटना पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

सिविल सर्जन को चौपारण तलब कर मांगी विस्तृत रिपोर्ट

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ
समाज जागरण हजारीबाग।

चौपारण प्रखंड के जमुनियातरी गांव में बिरहोर समुदाय की 12 वर्षीय किशोरी सरस्वती कुमारी की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में हुई मौत की सूचना पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने सिविल सर्जन को चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलब करते हुए इस घटना से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। निदेर्शानुसार सिविल सर्जन तत्काल चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक कर घटना के कारणों की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि पूर्व में सभी प्रखंडों के पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए गए थे। 7 अक्तूबर को जमुनियातरी गांव में लगे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सरस्वती कुमारी की जांच की गई थी और बीमारी का इलाज भी किया गया था।

स्वास्थ्य में सुधार के बाद परिजनों द्वारा किसी अन्य चिकित्सक से इलाज करवाए जाने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. डी.एन. ठाकुर द्वारा बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल, हजारीबाग रेफर किया गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। उपायुक्त ने घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से कमजोर समुदायों के बीच बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने और दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

झारखंड एनएसएस के वॉलंटियर ने हरियाणा में मचाया धमाल

17 राज्य के वालंटियर ने अपने-अपने राज्य के कल्चर को किया प्रस्तुत किया

समाज जागरण कुलदीप कुमार
संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांव : नेशनल इंटीग्रेशन कैंप जो हरियाणा में ऑर्गेनाइज किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देश के 17 राज्य वालंटियर के द्वारा अपने-अपने राज्य के कल्चर को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के वालंटियर भी

NATIONAL SERVICE SCHEME
NATIONAL INTEGRATION CAMP
October 08-14, 2025
Youth for my Bharat

शामिल हुए और झारखंड राज्य की कल्चर को प्रस्तुत किया। झारखंड राज्य की ओर से कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश सत्यम के नेतृत्व में झारखंड एनएसएस के वॉलंटियर ने हरियाणा में धमाल मचाया। जिसमें बड़कागांव के कांडतरी ग्राम सतबहिया निवासी परमेश्वर महतो के पुत्र प्रकाश कुमार भी शामिल हुए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश कुमार , देवराज हंसदा , गौरव कुमार , सत्यम कुमार , अंतरा चक्रवर्ती , अंशू रीना ओझा , संजना कुमारी एवं अनुष्का कुमारी ने मंच साझा कर झारखंड राज्य के कल्चर को बहुत ही बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया।इन सभी को सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बड़कागांव से प्रकाश कुमार कि इस कार्यक्रम में शामिल होने पर जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवीयों ने बधाई दी है।साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी , बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी , उप प्रमुख वचनदेव कुमार , प्रभारी मुखिया राजदेव महतो , पूर्व मुखिया पारसनाथ महतो , पंसस

रंजीत चौबे , विशेश्वर नाथ चौबे , समाजसेवी भवानी प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार दांगी , मोहित कुमार , सुरेंद्र महतो , मोहम्मद आवेश , मोहम्मद यूनुस , शमशेर आलम , जुबेर आलम, तनवीर आलम , सीताराम राणा , खेमलाल राम , अहमद रजा ने बधाई दी है।

बी.एम. मेमोरियल स्कूल में स्किल डेवलपमेंट आर्ट प्रतियोगिता

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित करता है - निर्देशक संदीप कुशवाह

समाज जागरण कुलदीप कुमार
संवाददाता बड़कागांव

बड़कागांव : बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के निदेर्शानुसार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से

10 वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों पर आधारित - मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बनाए गए मॉडलों की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहना की तथा उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे गए।विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है।तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का विकास करने के उद्देश्य से मॉडल निर्माण कार्य करवाया गया।निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता की दिशा में प्रेरित करता हैं।प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्या पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा विद्यालय में बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए तरह-तरह की क्रियाकलाप कराए जाते हैं।ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके।मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा , विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार , ब्रह्मदेव सिंह चौहान,आनन्द राज, सुमित कुमार ,महेंद्र विश्वकर्मा ,मुकेश कुमार दास ,सोनू कुमार, कृष्ण यादव, राजेश कुमार ,ऋषभ अग्रवाल, शंकर महतो,कुलदीप रंजन, एरिका टोप्पो ,अनु कुमारी, देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा ,गंगा भारती,अफसाना परवीन ,स्नेहा

कुमारी ,अंजनी कुमारी, सावित्री टुडू , रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार,आदित्य कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कटकमदाग में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कार्यकताओं से किया संगठन मजबूत बनाने का आह्वान

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को हर गांव तक पहुँचाना है, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा- मुन्ना सिंह

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग कटकमदाग।

हजारीबाग जिलें के कटकमदाग प्रखंड के पसई पंचायत भवन में कटकमदाग प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ और संगठन सृजन कार्यक्रम में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझू ने किया। जबकि प्रखंड प्रवेक्षक रेणु देवी भी मौजूद रहीं। सैकड़ों कार्यकताओं ने मुन्ना सिंह का स्वागत पारंपरिक ढ़ोल-नगाड़ों के साथ किया। मंच पर उपस्थित सभी नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। वहीं मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का उद्देश्य सिर्फ.चुनावी जीतना

नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं और अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे संगठनात्मक मजबूती के साथ जनता तक अपनी पहुँच बढ़ाएं और लोकतंत्र की आवाज को सक्रिय रूप से बुलंद करें। जबकि कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक चर्चा के साथ हुआ। मुन्ना सिंह जी ने कार्यकताओं से एकजुटता बनाए रखने और पार्टी की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कटकमदाग बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील ओझा, कटक मसांडी प्रखंड अध्यक्ष नागरसिंह प्रजापति ,शारदा रंजन दूबे, अजय साव, ओमप्रकाश मिश्रा, राजू सिंह, खुर्शीद आलम, नरसिंह प्रजापति, बबलू मेहता, आशीष पासवान, धीरेंद्र दुबे, बाबर कुरैशी, नीरज यादव, मो जमाल, रंजीत यादव, प्रमोद गुप्ता, सुनील ओझा, शिवनदन, मो हाजी, प्रकाश तिर्की, दीपक सिंह, मो हाजी अनवर, मो मुबारक, मो इजहार, सरयू यादव, मार्शी टूटी , पोलिना टोप्पो, महावीर राम, मनोज मोदी, मो शम्मीम, शोहेल आलम , सहित वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संवेदना और सेवा का संकल्प बुजुर्गों और विशेष बच्चों के बीच पहुँची समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ
समाज जागरण हजारीबाग।

हजारीबागः त्योहारों से पहले समाज में खुशियाँ बाँटने और सेवा का संदेश देने के उद्देश्य से समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग के दीपूगढ़ा स्थित ओल्ड एज होम और हुरहुरू स्थित एस्पेस्टिक विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और विशेष बच्चों के साथ समय बिताकर संवेदना, स्नेह और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। दीपूगढ़ा स्थित ओल्ड एज होम पहुँचकर शेफाली गुप्ता ने वहाँ रह

रहे वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया। उन्होंने सभी बुजुर्गों को मिठाई खिलाई और उनके साथ आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी दिनचर्या एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला जो लंबे समय से अस्वस्थ थीं, उनके लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गईं। शेफाली गुप्ता ने कहा कि यदि आपके सिर पर बुजुर्गों का हाथ हो, तो आप जीवन में कभी हार नहीं सकते। उनका आशीर्वाद हर कठिन परिस्थिति में साथ देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी आप लोगों को मौका मिले तो सभी को यहां आ कर इनके साथ खुशियां बांटनी चाहिए। इसके बाद शेफाली गुप्ता हुरहुरू स्थित एस्पेस्टिक विद्यालय पहुँचीं, जहाँ मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई और देखभाल की जाती है। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें मिठाइयाँ खिलाईं और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। उन्होंने बच्चों की समस्याएँ भी सुनीं और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। शेफाली गुप्ता ने कहा कि ये बच्चे समाज से अलग नहीं हैं, बल्कि समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं बल्कि ईश्वर की देन है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को भी त्योहार मनाने और खुश रहने का पूरा अधिकार है, और समाज का दायित्व है कि उनकी सुविधाओं और शिक्षा की दिशा में पूरा सहयोग दे। त्योहारों से पूर्व इस पहल के माध्यम से शेफाली गुप्ता ने संदेश दिया कि त्योहार का असली अर्थ तभी पूरा होता है, जब खुशियाँ समाज के हर वर्ग तक पहुँचे – चाहे वह बुजुर्ग हों या विशेष बच्चे। उन्होंने कहा कि सेवा, संवेदना और सम्मान ही एक सशक्त और समरस समाज की पहचान है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ
समाज जागरण हजारीबाग।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समा हरणालय सभागार में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के ऐसे मामलों की समीक्षा की गई, जो अन्य विभागों से संबद्ध हैं तथा जिनका निष्पादन लंबित है।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आपसी संवाद एवं पत्राचार को प्रभावी बनाने पर बल देते हुए कहा कि सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से कार्य करें ताकि जनसामान्य से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सके। बैठक में पीजी पोर्टल एवं सीपीग्राम के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। झारसेवा के अंतर्गत लंबित जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्रों के शीघ्र निर्गत करने पर बल दिया गया। झार सेवा में 90 प्रतिशत से कम प्रगति वाले अंचलाधिकारियों को शोकॉज जारी किया गया। नगर निगम को अंतरराज्यीय बस अड्डा से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सेनेटरी लैंडफिल साइट के लिए भूमि चयन के संबंध में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। भू-अर्जन से जुड़े अभिश्रव सत्यापन एवं अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग के भू अर्जन से संबंधित समस्याओं के निष्पादन करने और भू अर्जन पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि विभागीय कार्यों में शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। बैठक के एजेंडा में शिक्षा विभाग के लंबित मामलों को शामिल न करने तथा प्रगति में ढिलाई बरतने पर डीईओ एवं डीएसई को शोकॉज जारी करते हुए उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। सभी बीडीओ को राशन कार्ड सत्यापन कार्य में पंचायत सचिव को सक्रिय रूप से शामिल करने का निर्देश दिया गया। अनुसूचित जनजाति से प्राप्त प्रश्नावली से संबंधित डाटा निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने को कहा गया। ओबीसी, जाति एवं जनजाति आयोग से जुड़े मामलों की जांच रिपोर्ट दो दिनों के अंदर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय पेंशन योजना के डीएलसी से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश सभी सीओ एवं बीडीओ को दिया गया। 50 प्रतिशत से कम प्रगति करने वाले पदाधिकारियों को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पानी, किराया एवं भवन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने तथा जिला योजना पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर फॉलोअप बैठक करने का निर्देश दिया। खेल विभाग से जुड़े स्टेडियम जीर्णोद्धार, छात्रावास निर्माण एवं डीपीआर निर्माण से संबंधित कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया। डीसीओ को बैठक से अनुपस्थित रहने एवं कार्य में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण जारी किया गया है। भूमि संरक्षण विभाग को तालाब निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए विशेष फोकस करने का निर्देश दिया। साथ ही पथ निर्माण, जल जीवन मिशन, लघु सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को क्रियान्वित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के साथ उपविकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस , सदर एसडीओ सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

झारखंड की राज्य हॉकी टीम ने नेहरू सब जूनियर टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में बनाई जगह।

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

रांचीःस्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की अगुवाई में दिल्ली गई झारखंड राज्य की हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरदार मनमोहन सिंह 42वां राष्ट्रीय नेहरू सब जूनियर हॉकी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। दिल्ली स्थित शिवाजी स्टेडियम में आयोजित यह प्रतियोगिता 8 से 18

OPPO Reno8 T 5G
16 October 2025 at 14:48

अक्टूबर तक चल रही है। अंडर-15 बालक वर्ग में झारखंड टीम ने अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए नामधारी हॉकी अकादमी, हरियाणा को 10-1 के विशाल अंतर से हराया। झारखंड टीम का सेमीफाइनल मुकाबला 17 अक्टूबर को नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर से होगा। खास बात यह है कि दोनों टीमें झारखंड राज्य की हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। गौरतलब है कि इस राष्ट्रीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में प्रत्येक राज्य से एक राज्य टीम और एक अकादमी टीम भाग लेती है। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सिंह ने बताया कि टीम के इस शानदार प्रदर्शन के पीछे विभाग द्वारा आयोजित 21 दिनों के विशेष प्रशिक्षण शिविर का बड़ा योगदान है। खिलाड़ियों ने पूरे समर्पण और मेहनत से खेला है। जिस तरह क्वार्टरफाइनल में शानदार जीत दर्ज की है, उसी उत्साह के साथ सेमीफाइनल में भी टीम विजयी होगी। राज्य की टिम झारखंड टीम के कोच सैयद मोहम्मद मसरूर और मैनेजर बिरयानी कोंगरी के नेतृत्व में भाग लिया है।क्वार्टरफाइनल में झारखंड की ओर से साहिल होरो और साकेत प्रधान ने तीन-तीन गोल, जबकि सचिन भेंगरा और सुकवान भेंगरा ने दो-दो गोल दागे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1,60,000, उपविजेता टीम को 96,000, और दो उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 25,000-25,000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

शोभा त्रिलोक मुनका दादी के दरबार में लगाएंगे हाजरी

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ
समाज हजारीबाग।

श्री रानी सती दादी जी की असीम अनुकंपा एवं आशीर्वाद से दादी मंगल ग्रुपह्व द्वारा आंवला नवमी के पावन अवसर पर श्री रानी सती दादी चरण पादुका महोत्सव का अलौकिक एवं ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में दादी भक्त शामिल होकर

आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करेंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ 29 और 30 अक्टूबर को होने जा रहा है !कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य मंगल पाठ रहेगा, जिसमें मंगल पाठ वाचक शोभा त्रिलोक मुनका अपनी मधुर वाणी से पूरे वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर देंगे।दादी मंगल ग्रुप की सभी सदस्याएं इस आयोजन को सफल और यादगार बनाने के लिए पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ तैयारी में जुटी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दे रही हैं : स्वेता अग्रवाल, नीतू फोगला,ज्योति चौधरी,शशि मुनका, कविता गोकुलका, शोभा मुनका, राखी मुनका, दीप्ति मुनका, अनीता लिसारिया, मीता बगरिया, रीतू खैतान, बिना मुनका, कुसुम खैतान, आशा मुनका और ममता खैतान।यह महोत्सव न केवल भक्ति का उत्सव होगा, बल्कि यह दादी की कृपा और नारी शक्ति के संगम का प्रतीक भी बनेगा।

बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम प्रत्याशी तौसीफ ने किया नामांकन दाखिल

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज जिले के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या-52 से एआईएमआईएम प्रत्याशी तौसीफ ने नामांकन दाखिल किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता लोगों की जो जन समस्या है उसे दूर करना है सबसे बड़ा मुद्दा पूरे हिंदुस्तान एवं किशनगंज में सबसे ज्यादा कैंसर का पेशेंट है अगर मेरा सरकार बनने में रहा तो मैं सबसे पहले कैंसर हॉस्पिटल खोलने का काम करूंगा , और अगर मजलिस की सरकार बनती है तो किशनगंज से किसी को भी बाहर रोजगार करने के लिए जाने नहीं दूंगा।

बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से बिरयानी भोज का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, आपस में धक्का-मुक्की करते दिखे लोग

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज ।

किशनगंज विधानसभा चुनाव 2025 में एक नया बिरयानी पार्टी का वीडियो सामने आया है। जिले के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में बिरयानी भोज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल यह वीडियो ए आईएम आईएम प्रत्याशी तौसीफ आलम के बिरयानी भोज का है। आलम ने बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से ठीक पहले अपने आवास पर फातिहा खानी और बिरयानी भोज का आयोजन किया था। जहां 10 हजार से ज्यादा लोग टूट पड़े। आपस में धक्का मुक्की करते दिखे लोग। एआईएमआईएम प्रत्याशी तौसीफ आलम से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बिरयानी पार्टी नहीं है फातिमा किए हैं उन्हीं का प्रसादी है जिस तरीके से आप लोग हनुमान चालीसा करते हैं तो कुछ खिलाते हैं प्रसादी बोलकर इस तरीके से फातिमा करके हम लोगों को प्रसादी खिलाएं हैं , उन्होंने बार-बार कहा कि जिस तरीके से आप लोग हनुमान चालीसा में प्रसादी खिलाते हैं इस तरह हम लोग भी फातिमा का प्रसादी खिलाए हैं और बहादुरगंज की जनता का प्यार है जो इतना भीड़ उमरपड़ी।

नबीनगर विधान सभा सीट पर जदयू ने बाहरी चेतन आनंद पर खेला दांव

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधानसभा सीट पर एनडीए ने चेतन आनंद को प्रत्याशी बनाकर एक बड़ा दांव चला है। चेतन आनंद पूर्व सांसद आनंद मोहन और सांसद लवली आनंद के पुत्र हैं ।लवली आनंद नबीनगर विधान सभा से एक बार विधायक भी चुनी जा चुकी है। चेतन आनंद को जदयू ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इस फैसले से इलाके की सियासत में हलचल मच गई है। एनडीए ने चेतन आनंद को टिकट देकर राजपूत मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। नबीनगर विधानसभा सीट पर राजपूत वोटरों का प्रभाव निर्णायक माना जाता है।हालांकि, जदयू के दो दावेदारों - विरेन्द्र कुमार सिंह और संजीव कुमार सिंह ने इस फैसले पर असंतोष जताया है। दोनों नेताओं ने महीनों तक नबीनगर की जमीन पर मेहनत की थी और उन्हें उम्मीद थी कि टिकट उन्हीं में से किसी एक को मिलेगा। अब चेतन आनंद को टिकट मिलने से उनके समर्थकों में नाराजगी है। पिछले दिनों नबीनगर से लेकर पटना तक वीरेंद्र कुमार सिंह के समर्थकों ने बाहरी उम्मीदवार को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया है।अब देखना यह है कि चेतन आनंद नबीनगर विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर पाते हैं या नहीं। साथ ही, यह भी देखना होगा कि स्थानीय असंतोष के चलते उनकी संभावनाओं पर कितना असर पड़ता है। विरेन्द्र सिंह और संजीव सिंह के समर्थक चेतन आनंद को बाहरी बता रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें स्थानीय नेताओं की तुलना में तरजीह दी गई है। अब यह देखना होगा कि यह मुद्दा चुनाव में कितना प्रभाव डालता है।

वक्फ संपत्ति पर अवैध निर्माण का लगा आरोप, सीमांचल सेवा फाउंडेशन ने की जांच की मांग

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत डेरामारी पंचायत के डेमार्केट स्थित मेन रोड पर मस्जिद के पास बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड की संपत्ति (वक्फ नंबर 1257) पर अवैध रूप से पक्का दुकान निर्माण किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) के संस्थापक हसीबुर रहमान ने अंचलाधिकारी कोचाधामन को लिखित शिकायत पत्र भेजकर तत्काल जांच एवं अवैध निर्माण रोकने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड की नामित संपत्ति है, जिस पर किसी भी व्यक्ति को न तो बिक्री करने का अधिकार है और न ही किराया वसूलने की अनुमति। बावजूद इसके, एक पूर्व वक्फ कमिटी सदस्य शफीकुर रहमान द्वारा अवैध रूप से उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर अन्य लोगों से अवैध राशि लेकर दुकान निर्माण कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, शफीकुर रहमान ने मौजाबाड़ी निवासी कौशर आलम से रुपये लेकर वक्फ भूमि पर पक्का दुकान बनाने की अनुमति दी है और वर्तमान में रातों-रात निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान ने बताया कि पहले भी इसी स्थान पर कई दुकानों का अवैध निर्माण हुआ था, जिसे जिला प्रशासन किशनगंज द्वारा बुलडोजर चलाकर खाली कराया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब दोबारा उसी भूमि पर अवैध गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, जिससे वक्फ संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचने की संभावना है। शिकायतकर्ता हसीबुर रहमान ने वक्फ अधिनियम के तहत दोषी व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक व दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड पटना, जिला पदाधिकारी किशनगंज, थानाध्यक्ष कोचाधामन, वक्फ बोर्ड कमिटी अध्यक्ष किशनगंज तथा राजस्व कर्मचारी डेरामारी को भेजी गई है।

पटना जिले पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में लोजपा प्रत्यासी का हुआ भब्य स्वागत

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 में राजनीति हलचल और सरगर्मियां एनडीए गठबंधन समर्थक लोजपा रामविलास फपार्टी से सुनील यादव को टिकट और सिंबल मिलने से तेज हो गयी है। वही एनडीए गठबंधन में कई दिनों से चल रही राजनीतिक उठापटक पर पूर्ण विराम लग गया। साथ ही सभी तस्वीरें साफ हो गई।। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की देर शाम सुनील यादव को लोजपा रामविलास पासवान (आर) के सुप्रीमों केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने टिकट और सिंबल सौंप दिया। वहीं गुरुवार को जब सुनील यादव सिंबल लेकर पालीगंज में पहुंचे तो जगह जगह पर एनडीए गठबंधन के हजारों की संख्या में जुटे कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जैसे ही सुनील यादव की काफिला पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के सीमा में प्रवेश किया तो दुल्हिन बाजार में जुटे सैंकड़ों कार्यकताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।इसके बाद उन्होंने पूरे दुल्हिन बाजार में भर्मण कर सबका आशीर्वाद लेते हुए शुक्रवार को होने वाले नामांकन के लिए आमंत्रण भी दिया। इसके बाद सुनील यादव ने ओलार्क गांव स्थित द्वापरकालीन पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरोहर सूर्य मंदिर पहुंच कर भगवान भास्कर का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जहां से चलकर काफिला पालीगंज पहुंची तथा अनुमंडल बाजार का भ्रमण करते हुए सभी लोगों से घर घर मिलकर अपने जीत के लिए आशीर्वाद लिया।

मौके पर सुग्रीव शर्मा, फुदन यादव, दुर्गेश नारायण, कृष्णा प्रसाद, संदीप गुप्ता, वार्ड पार्षद दीपक गुप्ता, मोहन चौधरी, राहुल सिंह, सोनू कुमार, आभा देवी, जितेंद्र पासवान, मिथलेश कुमार, राजीव रंजन, रामकिशोर शर्मा, मुखिया निकेश कुमार, अभय शर्मा, विनय यादव, राहुल, सतेंद्र शर्मा सहित हजारों की संख्या में एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

पटना पुलिस ने किया 10 जुआरियों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार की देर रात जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जुए के एक सक्रिय अड्डे पर छापेमारी की और मौके से 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 30 हजार रुपए नगद, 8 मोबाइल फोन, 3 मोटरसाइकिल और 2 प्लेइंग कार्ड की गड्डियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार बिहटा थाने की पुलिस को बुधवार की शाम गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के आनंदपुर और रायडी गांव में कुछ युवक लंबे समय से जुए का अड्डा चला रहे हैं। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने गुप्त टीम को लगाया। जैसे ही सूचना पक्की हुई, देर रात थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित एक टीम ने दोनों इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 10 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। सभी को तुरंत हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जबकि कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार जुआरियों की पहचान सुभाष रॉय, राजेश कुमार यादव, छोटू कुमार, अजय कुमार, सरबिंद पासवान, अमर कुमार, अनीश कुमार, सूरज कुमार, धनंजय कुमार और रणधीर कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहटा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इनमें से कुछ पर पहले भी अवैध जुए और सट्टेबाजी से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लग चुके हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 30 हजार रुपए नगद, 8 मोबाइल फोन, 3 बाइक और 2 प्लेइंग कार्ड बरामद किए हैं। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि दीपावली और छठ पूजा के समय अक्सर जुए और सट्टेबाजी का कारोबार तेजी पकड़ लेता है, जिससे आपराधिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इसीलिए पुलिस ने अवैध जुए, सट्टे और शराब कारोबार पर विशेष निगरानी अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया, बिहटा पुलिस को आनंदपुर और रायडी गांव में अवैध जुआ खेले जाने की जानकारी मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस की यह मुहिम त्योहारों तक जारी रहेगी। एसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी इलाके में जुआ, शराब या सट्टेबाजी जैसी गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पटना पुलिस ने किया जदयू प्रदेश महासचिव को गिरफ्तार

नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये ठगी का लगा आरोप

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना से जनता दल यूनाइटेड(जदयू)के प्रदेश महासचिव डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी को पुलिस ने ठगी के गंभीर मामले में गिरफ्तार किया है। उन पर दरभंगा जिले के एक युवक से नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपए ठगने का आरोप लगा है। यह गिरफ्तारी बुधवार की देर रात पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र से हुई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता दरभंगा के सकतपुर निवासी नितेश कुमार ने जक्कनपुर थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया कि डॉ. धर्मेंद्र ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे कई किश्तों में करीब 10 लाख रुपए वसूले। मामला वर्ष 2019 से 2020 के बीच का बताया जा रहा है। नितेश कुमार के अनुसार उनके बहनोई श्रवण कुमार डॉ. धर्मेंद्र की क्लिनिक में टेक्नीशियन के रूप में काम करते हैं। नितेश अक्सर क्लिनिक पर आते-जाते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात डॉ. धर्मेंद्र से हुई। नितेश ने बताया कि एक दिन बातचीत के दौरान धर्मेंद्र ने उनसे पूछा कि वे क्या करते हैं। जब उन्होंने बताया कि वे बेरोजगार हैं, तो धर्मेंद्र ने कहा कि वे उन्हें एक सरकारी नौकरी लगवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए कुछ पैसे खर्च करने होंगे। नितेश ने बताया कि नौकरी की लालच में उन्होंने डॉक्टर की बातों पर भरोसा कर लिया और 2019 से 2020 तक कई बार किश्तों में पैसे दिए। आरोप है कि कुल राशि लगभग 10 लाख रुपए तक पहुंच गई। हर बार जब उन्होंने नौकरी के बारे में पूछा, तो धर्मेंद्र कहते रहे कि बस दो से तीन महीने में काम हो जाएगा। काफी इंतजार के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली, तो नितेश ने अपने पैसे वापस मांगे। लेकिन डॉ. धर्मेंद्र ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद नितेश ने थाने में लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और बुधवार रात जक्कनपुर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जक्कनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि जदयू नेता डॉ. धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी को प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने किस विभाग या पद पर नौकरी दिलाने का वादा किया था। पुलिस इस मामले में लेन-देन के सबूतों और बैंक ट्रांजैक्शन की भी जांच कर रही है।

पटना में छात्रा के साथ छेड़खानी मामले में पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

PATNA COLLEGE
पटना कॉलेज

पटना/ राजधानी पटना के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान पटना कॉलेज में एक छात्रा के साथ लगातार छेड़खानी, अश्लील हरकत और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, पांच छात्र पिछले एक साल से उसे परेशान कर रहे थे। पहले ये छात्र गंदे कमेंट करते थे लेकिन धीरे-धीरे उनकी हरकतें बढ़ती गईं और उन्होंने खुलेआम अश्लील व्यवहार तक करना शुरू कर दिया। छात्रा ने बताया कि शुरूआत में उसे लगा कि ये सब मजाक में हो रहा है, लेकिन समय के साथ इन छात्रों का व्यवहार भयावह रूप लेता गया। उन्होंने बार-बार उसके साथ अशोभनीय हरकतें कीं और विरोध करने पर उसे डराने-धमकाने लगे। जब छात्रा ने कॉलेज प्रशासन के पास जाकर शिकायत की, तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे निराश होकर छात्रा ने पीरबहोर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताई कि आरोपितों ने उसके साथ न केवल अश्लील हरकतें कीं, बल्कि रेप और हत्या की धमकी भी दी। इतना ही नहीं, इन छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से छात्रा का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की भी धमकी दी थी। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थानेदार के अनुसार, आरोपित छात्रों की पहचान हो गई है और उनके मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के लिए कॉलेज प्रशासन से सहयोग लिया जा रहा है। सभी आरोपी पटना कॉलेज के ही छात्र हैं और विभिन्न संकायों में पढ़ते हैं।घटना के सामने आने के बाद कॉलेज कैंपस में हड़कंप मच गया है। कई छात्र संगठनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि वह पुलिस जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा है और आरोप सिद्ध होने पर सभी छात्रों को निलंबित कर दिया जाएगा। हालांकि, छात्राओं का कहना है कि अगर कॉलेज प्रशासन ने पहले ही शिकायतों पर गंभीरता दिखाई होती, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। छात्र संगठनों और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि कॉलेजों में महिला हेल्प डेस्क और एंटी-सेक्सुअल हरासमेंट सेल तो हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह भी कहा है कि जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी के अनुसार, जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति या कॉलेज स्टाफ की भूमिका रही है। साथ ही कॉलेज परिसर में सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, जिससे घटना की सटीक जानकारी मिल सके।

पटना में गुप्त सूचना के आधार पर सूमो वाहन से विदेशी शराब जब्त

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार की दोपहर गौतम बिहार कॉलोनी, थाना फुलवारी शरीफ के राष्ट्रीय गंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सूमो वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की। जानकारी के अनुसार निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान JH05BK-1657 नंबर की सूमो वाहन से 500 टेट्रापैक (10 लीटर) विदेशी शराब बरामद की गई, जिसे सीक्रेट बॉक्स बनाकर लाया जा रहा था। जब्त शराब पर फॉर सेल इन उतर प्रदेश अंकित था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आमोर कुमार और अभिषेक कुमार, दोनों निवासी महुआ, वैशाली के रूप में की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 8 हजार रुपये बताई गई है।छापेमारी टीम में निरीक्षक अजीत कुमार, एएसआई शमशाद हुसैन, एएसआई डब्लू. कुमार, डा. सोनम कुमारी, सिपाही अभिजीत और सिपाही सुरेंद्र शामिल थे। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त वाहन और शराब को जब्ती सूची बनाकर थाने में जमा कराया गया है और मामले की जांच जारी है।

800 बोतल देशी टनाका शराब बरामद तस्कर फरार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना अंतर्गत ग्राम बरियांवां धनर बिगहा स्थित कब्रिस्तान से गुप्त सूचना पर 8 प्लास्टिक के बोरा में रखे झारखंड निर्मित देशी टनाका शराब बरामद किया गया है। वहीं पुलिस को आने की भनक लगते ही तस्कर भागने में सफल रहे।थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना पर झारखण्ड निर्मित देशी टनाका शराब 800 बोतल कुल मात्रा 240 लीटर बरामद किया गया है। शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।

पटना में तेज रफ्तार तेल टैंकर ने स्कूल बस में मारी टक्कर

आधा दर्जन बच्चे घायल

**समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के जनकपुर मोड़ के पास पटना गया रोड पर गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार तेल टैंकर ने स्कूल बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार करीब आधा दर्जन स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर बच्चों को चेहरे और शरीर के निचले हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ से बस सड़क किनारे मोड़ दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बस चालक ने बताया कि आगे से एक बाइक सवार ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिसके चलते हमें भी गाड़ी रोकनी पड़ी उसी दौरान पीछे से आ रहे तेल टैंकर ने बस में टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद टैंकर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

ऊपरघाट के पेंक में स्वास्थ्य आरोग्य मंदिर का हुवा उद्घाटन।

**भुनेश्वर कुमार महातो,
संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पेंक पंचायत मे स्वास्थ्य आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया गया । स्वास्थ्य आरोग्य मंदिर का उद्घाटन डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार,मुखिया सुखमती देवी, पंचायत समिति सदस्य नवीन सोरेन, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गुरुप्रसाद पटेल ने संयुक्त रूप से किया। विधायक व सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से अब स्थानीय ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंक पंचायत मे स्थित यह उप स्वास्थ्य केंद्र प्रतिदिन नियमित रूप से खुले और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मरीज बिना इलाज और दवा के वापस न लौटे। इस मौके पर नावाडीह अस्पताल प्रभारी, विधायक निजी सचिव संजय कुमार, जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, जिला सचिव खगेन्द्र कुमार,आजसू प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो,प्रखंड उपाध्यक्ष जगरनाथ महतो, विजय महतो, भागीरथ महतो, जगरनाथ महतो सहित कई स्वास्थ्यकर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को तीन दिवसीय भारत स्काउंट एंड गाइड शिविर का समापन हुआ।

समाज जागरण दीपक सरकार

Shot on OnePlus
15 October 2025 at 2:05 pm

जिले के नौडीहा बाजार स्थित कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। जिला प्रशिक्षक के रूप में सुनील कुमार यादव ने प्रथम सोपान में कई तरह की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इसमें परिभाषा उपदेश, सिद्धांत, लक्ष्य, झंडा गीत, प्रार्थना, फस्टेड, विश्व स्काउट ध्वज, राष्ट्रीय ध्वज आदि की जानकारी दी गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि कॉलेज के सचिव प्रेम भसीन प्रधानाचार्य अजय कुमार यादव ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। सभी अतिथियों को कॉलेज परिवार की तरफ से बुके देकर सम्मानित किया गया. समापन समारोह में विद्यार्थियों ने शिविर के दौरान सीखी गई गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ सभी अतिथियों एवं कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका ने ध्वजारोहण कर किया गया। बच्चों ने रंगोली, हस्तकला,एसे राइटिंग,बुके एम्बुलेंस निर्माण, आग से बचाव, घायलों की सुरक्षा, रस्सी पर चलना, पिरामिड एवं पुल निर्माण जैसी जीवनोपयोगी दक्षताओं का सजीव प्रदर्शन प्रस्तुत किया। साथ ही, विभिन्न राज्यों की झांकियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत संदेश दिया। प्रतियोगिता में चार टोलियों ने शानदार प्रदर्शन किया.सभी उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस दौरान कॉलेज के सचिव प्रेम भसीन ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों में नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने कॉलेज में स्थायी स्काउट एवं गाइड यूनिट की स्थापना की घोषणा की। इस मौके पर प्रमुख रेशम कुमारी, कॉलेज सचिव प्रेम भसीन, प्राचार्य अजय कुमार यादव,जावेद अंसारी ,रुंजय कुमार, पत्रकार अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज प्रधानाचार्य अजय कुमार यादव, शिक्षक मनोहर यादव,विनय कुमार सिंह,चिंता कुमारी,शैलेश प्रजापति, मालती देवी एवं संपूर्ण स्टाफ का योगदान रहा।

छत से गिरकर किसान की मौत

समाज जागरण संवाददाता निगोहां

लखनऊ, निगोहां गांव में बुधवार की देर रात घर की छत से गिरने से किसान की मौत हो गई। परिजनों ने आनन फानन अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वही परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक निगोहा के रहने वाले 40 वर्षीय अम्बरीष कुमार पुत्र जोगेंद्र बीते रात में अपने घर की छत पर थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के मोहल्ले वालों ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उनकी पत्नी दोनों बच्चों बेटी शुभी और बेटा शुभम को लेकर मायके चली गई थी। तब से अम्बरीष घर पर अकेले ही रह रहे थे और मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि अम्बरीष पिछले कुछ समय से तनावग्रस्त थे और बुधवार शाम उन्होंने शराब भी पी रखी थी। उसी दौरान छत पर चढ़े तो पैर फिसलने से यह हादसा हो गया। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव में इस हादसे की खबर फैलते ही माहौल गमगीन हो गया।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही और तत्परता से एक युवक की जान बचा ली गई

विवेक कुमार संवाददाता
समाज जागरण

लखनऊ। गुरुवार को थाना नगराम पुलिस की त्वरित कार्यवाही और तत्परता से एक युवक की जान बचा ली गई, मेटा AI के माध्यम से एक महत्वपूर्ण अलर्ट प्राप्त हुआ, जिसमें ग्राम कपेरा मदारपुर निवासी एक लड़के द्वारा इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर जहर खाकर आत्महत्या करने की बात कही गई थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नगराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिना कोई समय गंवाए तत्काल एक्शन लिया। पुलिस बल मात्र 07 मिनट के भीतर ग्राम कपेरा मदारपुर में मौके पर पहुँच गया। जांच में पता चला कि ग्राम कपेरा मदारपुर निवासी युवक उम्र करीब 19 वर्ष ने अपनी महिला मित्र से हुए विवाद के कारण हताश होकर यह पोस्ट डाली थी। युवक ने वास्तव में कोई जहरीला पदार्थ नहीं खाया था, लेकिन उसकी पोस्ट गंभीर खतरे का संकेत दे रही थी। थानाध्यक्ष नगराम और मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्य के साथ युवक की काउंसलिंग की। उन्होंने हर्षित को समझाया-बुझाया और आत्महत्या जैसे गंभीर कदम के परिणामों के बारे में बताया। पुलिस की समझाइश और मानवीय दृष्टिकोण के चलते, पीड़ित युवक को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तत्काल अपनी वह आपत्तिजनक पोस्ट डिलीट कर दी और भविष्य में इस तरह की कोई गलती न करने का वादा किया। युवक के परिजनों ने नगराम पुलिस की इस तत्परता, समय पर की गई कार्रवाई और युवक की जान बचाने के लिए पुलिस टीम की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। यह घटना दशार्ती है कि सूचना प्रौद्योगिकी और पुलिस के सहयोग से किस प्रकार संकट की घड़ी में त्वरित और सकारात्मक परिणाम लाए जा सकते हैं।

बंदरों के आतंक से मिली राहत नगर पंचायत की बड़ी कार्रवाई अब तक 50 से ज्यादा बंदर पकड़े गए..

विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण

मोहनलालगंज नगर पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से बंदरों के आतंक से परेशान लोगों को अब राहत मिलने लगी है. हाल ही में मेगा स्टेट में बंदरों के हमले से कई बच्चे घायल हुए थे मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पाण्डेय सत्यम के निर्देश पर चलाया गया अभियान नगर पंचायत मोहनलालगंज टीम की सक्रियता से अब तक 50 से अधिक बंदर पकड़े जा चुके हैंअध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पांडेय सत्यमह्न ने बताया बंदरों के आतंक से बच्चे बाहर खेलने तक से डरते थे। अब जब पकड़ने का काम शुरू हुआ है, तो लोगों ने राहत की सांस ली है. पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जा रहा है क्षेत्र में अब धीरे-धीरे सामान्य स्थिति लौटने लगी है। नागरिकों ने नगर पंचायत की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है.

नगर पंचायत
मोहनलालगंज
GPS Map Camera
अतरौली, उत्तर प्रदेश, भारत
Mxfj+498, अतरौली, उत्तर प्रदेश 226301, भारत
Lat 26.672866° Long 80.980646°
16/10/2025 02:13 PM GMT +05:30
Google

80 वर्षीय वृद्धा से कलेक्टर ने पूछा: "अम्मा..कैसे आना हुआ..."

समाज जागरण विजय तिवारी

कटनी ।कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील कार्यालय का बुधवार को निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर आशीष तिवारी ने मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर की नजर तहसील प्रांगण में झुकी कमर के साथ आ रही करीब 80 वर्षीय वृद्धा पर पड़ी।

जिस पर कलेक्टर तिवारी स्वयं चलकर वृद्धा के पास जा पहुँचे और आत्मीयता से पूछा, "अम्मा...कैसे आना हुआ....?"

वृद्धा की पहचान ग्राम झिन्ना पिपरिया निवासी सखिया बाई पति बख्तू यादव के रूप में हुई। अपनी समस्या बताते हुए वृद्धा ने कलेक्टर को जानकारी दी कि वह अस्वस्थ हैं और उनकी जमीन पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसके निराकरण के लिए वह इतनी तकलीफ उठाकर तहसील आई हैं। वृद्धा की समस्या और उनकी स्थिति को देखते हुए, कलेक्टर श

ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद तहसीलदार नितिन पटेल को निर्देशित किया कि वह कल, शुक्रवार को ही ग्राम झिन्ना पिपरिया पहुँचकर मामले का त्वरित निराकरण करें।

इसके साथ ही, कलेक्टर ने वृद्धा सखिया बाई के अस्वस्थ होने की जानकारी पर संज्ञान लेते हुए, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल को वृद्धा का समुचित स्वास्थ्य उपचार सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया ।कलेक्टर द्वारा स्वयं वृद्ध महिला के पास जाकर समस्या सुनना और त्वरित कार्रवाई के निर्देश देना, जिला प्रशासन की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है।

महाराजा लाखन पासी जयंती समारोह धूमधाम से सम्पन्न , बच्चों को वितरित की गई पठन सामग्री

समाज जागरण

लखनऊ। गुरुवार को मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिकरासानी में महाराजा लाखन पासी सामाजिक उत्थान समिति द्वारा महाराजा लाखन पासी की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन में समाज के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार ने किया, जिन्होंने अपने सहयोगियों के साथ आए हुए समस्त सम्मानित अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। जयंती समारोह के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सपा सांसद आर.के. चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने महाराजा लाखन पासी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा सांसद आर.के. चौधरी ने महाराजा लाखन पासी और महाराजा बिजली पासी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पासी समाज के ये राजा शक्तिशाली, साहसी और कुशल योद्धा थे, जिन्होंने अपने समय में न्याय, समृद्धि और गौरवपूर्ण शासन स्थापित किया। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का मार्ग है। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अपने संबोधन में पासी समाज के इतिहास और सांस्कृतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लखनऊ का ऐतिहासिक नामकरण और इसके आस-पास के किलों का संबंध महाराजा बिजली पासी, सातन पासी, सुहैल देव पासी, डाल देव पासी जैसे महान राजाओं से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और गौरव की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पठन एवं लेखन सामग्री वितरित की गई, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़े और वे आगे चलकर समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष / सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, मधुकर यादव, दिलीप यादव, प्रधान ज्ञान सिंह यादव, हरिनाम यादव, अशर्फी लाल धीमान, सर्वेश रावत, हरी शंकर रावत, मनीष कुमार, शत्रोहन पासी, दीपक पासी, अवधेश पाल, कन्हैया रावत, समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। समिति ने संकल्प लिया कि यह आयोजन हर वर्ष और भी भव्य रूप में मनाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास और विरासत पर गर्व हो।

बच्चों ने सूर्योत्सव का आकर्षक झांकी निकाल कर दिया प्रकृति पूजन का संदेश:-- निवेदिता सिन्हा

समाज जागरण

R.C. CENTRAL SCHOOL

पटनाः-- राजधानी पटना के एजी कालोनी स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित सूर्योत्सव कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार प्रांत के सह कार्यवाहिका बड़ी बहन श्रीमती निवेदिता सिन्हा जी, अभिभाविका श्रीमती प्रियंका कुमारी ,श्रीमती रचना झा जी एवं श्री संदीप कुमार मिश्र जी के श्री कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम बच्चों ने सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तत्पश्चात दिवस कथन आद्या सिंह एवं हमारी प्रतिज्ञा शैल्वी श्रीवास्तव के द्वारा पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती अमृता सिन्हा जी के द्वारा किया गया जबकि आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र ने कराया।परिचयोपरांत अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सह राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार प्रांत के सह कार्यवाहिका बड़ी बहन श्रीमती निवेदिता सिन्हा ने कहा कि आर.सी.सेंट्रल स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने सूर्योत्सव की झांकी प्रस्तुत कर प्रकृति पूजन का संदेश दिया है। भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं और इनके द्वारा प्राप्त उर्जा से हम सब ऊर्जान्वित हो रहे हैं। यदि इनसे उर्जा प्राप्त न हो तो इस चराचर जगत में कुछ भी बच पाना संभव नहीं है। अतः आप सभी बच्चे, शिक्षक बंधु -भगिनी एवं अभिभावक बंधु-भगिनी प्रकृति द्वारा प्रदत्त सभी चीजों का अपव्यय करने से बचें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर चर्चित पंच परिवर्तन हम सबके जीवन में खुशहाली लाएगा ऐसा दृढ़ विश्वास है। वहीं अभिभाविका रचना झा ने भगवान भास्कर का गीत गाकर सबको अचंभित कर दिया। उपस्थित सभी लोगों में इनके द्वारा प्रस्तुत गीत चर्चा का विषय बन गया।इसी क्रम में अभिभाविका प्रियंका कुमारी ने सूर्योत्सव कार्यक्रम की भूरि -भूरि सराहना करते हुए कहा कि यहां के प्रतिभाशाली बच्चों में काफी प्रतिभा है,ये सब कुछ कर सकते हैं, आवश्यकता है इनके उचित मार्गदर्शन करने की ताकि ये सफलता के शीर्ष पर आसीन हो सकें।इसी क्रम में अपनी बात रखते हुए श्री संदीप कुमार मिश्र ने कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा देखकर मैं आश्चर्यचकित हूं क्योंकि इतने छोटे- छोटे बच्चे ऐसा व्यवस्थित और प्रेरणादायक कार्यक्रम कर सकते हैं। मैं भी इन बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर प्रेरित हो रहा हूं। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात शिक्षक बंधु -भगिनी ने भी अपनी बात कहकर सबको गौरवान्वित कर दिया।अंत में आभार ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक श्री शिवकुमार साहू ने बताया।इस अवसर पर डा.प्रज्ञान दीदी,काजल क, ज्योति कुमारी, रामविनय सिंह,आर्यन कुमार राकेश कुमार,, राजकुमार दूबे सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

जगत गुरु माऊली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट अमगवां पुष्पराजगढ़ लोकप्रियता और रोमांच के साथ ही शुक्रवार को होगा समापन

नर्मदा अंचल वीर युवा संगठन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह मित्र मंडली के नेतृत्व में गांव जोड़ो अभियान

समाज जागरण विजय तिवारी

अनूपपुर। जगत गुरु माउली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट अमगवां पुष्पराजगढ़ अनूपपुर में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ रही है दअरसल माउली सरकार ने इसका नाम गांव जोड़ो अभियान दिया है.नर्मदा अंचल वीर युवा संगठन एवं अनूपपुर जिला भाजपा अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम मित्र मंडली के नेतृत्व में आयोजित पुष्पराजगढ़ में जगत गुरु मौली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट 2025 अमगवां ग्राम जोड़ो अभियान का रोमांच जारी है, जिसमें देश के कोने-कोने से प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 3 अक्टूबर से जारी इस टूनार्मेंट का आज समापन हो जायेगा। पिछले 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित इस टूनार्मेंट में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, दिल्ली और अन्य राज्यों की टीमें शामिल हुई। जिसमें विजेता टीम को 51,000 रुपये और उपविजेता टीम को 25,000 रुपये की नगद राशि भी प्रदान की जाएगी।

टूनार्मेंट की कुछ झलकियां

जगत गुरु मौली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट में लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी पीछे नहीं हैं 60 अंडर-15 लड़कियों के मैच अमगवां ने भेजरी को हराकर जीत हासिल की.दमहेड़ी और जूनियर झरही के बीच मुकाबला रोमांचक रहा पूरे खेल में दोनों टीमें बराबरी पर डटी रही, लेकिन आखिरकार पेनाल्टी में धमेड़ी ने जीत हासिल की एक अन्य मैच में खेल का जोश देखने लायक था 2018 ,2023 और 2024 की चैंपियन टीम कोरबा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालाघाट को 6 गोल से हराया, वहीं इंदौर ने जबरदस्त मुकाबले में मुंबई को पेनाल्टी में मात दी.इस टूनार्मेंट में बिहार बनाम अमरपाटन ऋ मैहर का जबरदस्त मुकाबला पहले हाफ में बिहार 2 पॉइंट से आगे थी लग रहा था मैच उन्हीं का होगा। लेकिन अंत में अमरपाटन ने मैदान पलट दिया पेनल्टी तक मुकाबला बराबर चला, और अंत में अमरपाटन ने गोल दागकर जीत अपने नाम की.एक मौके पर दर्शक फुटबॉल प्रेमी और भी रोमांचित हो उठे जब मैदान पर हमारे देश के अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ी अपना हुनर दिखा रहे थे, वहीं नाइजीरियन प्लेयर भी इस भव्य मंच पर खेलने पहुंचा इसे देखने के बाद भीड़ में जोश देखा गया , युवाओं में उत्साह था और माहौल पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय बन गया ।

फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा

जिला भाजपा अध्यक्ष युवा नेता हीरा सिंह ने प्रतियोगिता पर टिप्पणी करते हुए कहा की ये सिर्फ खेल नहीं है, ये हमारे गांव-क्षेत्र की युवा ऊर्जा और जुनून का प्रतीक है। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के लाभ पर चर्चा करते हुए बताया की यह इससे फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा फुटबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने से युवाओं में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं की खोज हो सकती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है।इस आयोजन ने अब सीमाओं को पार करते हुए फुटबॉल को एक नई पहचान दी है-अमरकंटक की धरती अब सिर्फ भारत नहीं, पूरे विश्व के खिलाड़ियों का केंद्र बनता जा रहा है.

सकारात्मक पहलू

खेल आयोजन समुदाय को एक साथ लाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। खेल आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकते हैं, जैसे कि स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों में शामिल करने से उन्हें नशीले पदार्थों और अन्य नकारात्मक प्रभावों से बचाया जा सकता है।

स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के अवसर

आगे की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए हीरा सिंह श्याम ने कहा नियमित रूप से इस तरह के आयोजनों का आयोजन करने से खेलों को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास होता है खेल बुनियादी सुविधाओं का विकास करने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के अवसर मिल सकते हैं।

ग्राम जोड़ो अभियान की भूमिका

समुदाय को एकजुट करनाः फुटबॉल प्रतियोगिता जैसे आयोजनों से समुदाय के लोगों को एक साथ लाने में मदद मिल सकती है, जिससे ग्राम जोड़ो अभियान को मजबूती मिल सकती है।फुटबॉल प्रतियोगिता जैसे आयोजन सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं, जिससे ग्राम जोड़ो अभियान को सफल बनाने में मदद मिल सकती है।ऐसे आयोजन ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं और ग्राम जोड़ो अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक हो सकते हैं। टूनार्मेंट के आयोजक और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि यह टूनार्मेंट विगत कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य क्षेत्र के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करना है। इस टूनार्मेंट में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं।

राजनीतिक चर्चा

वैसे तो फुटबाल टूनार्मेंट पूर्णतया गैर राजनितिक और सामाजिक गतिविधि है। पर फिर भी किसी राजनितिक दाल के जिम्मेदार के शामिल होने पर राजनितिक नफा नुकसान की चर्चा होना लाजिमी है गांव में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता हीरा सिंह श्याम को एक राजनेता की तरह सफल बनाने में कई तरह से मदद कर रही है.फुटबॉल प्रतियोगिता जैसे आयोजनों के माध्यम से हीरा सिंह का आस पास के गांव के लोगों का सीधा जुड़ाव हुआ हैं और उनकी लोकप्रियता दिनों- दिन बढ़ रही है.इस तरह के आयोजनों से हीरा सिंह को समुदाय की भावनाओं को समझने में मदद मिलेगी लगातार मिल रही मीडिया कवरेज से श्री श्याम को अपनी छवि बनाने और अपने कार्यों को उजागर करने का अवसर मिला है। युवा को आकर्षित हो रहे हैं और उनका समर्थक वर्ग में निरंतर इजाफा हो रहा है हीरा सिंह लगातार अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे जा रहे हैं ।

SBI शाखा स्थापित करने के उद्देश्य से गुवाहाटी में सेवानिवृत्त एडीसी निलमनी दास का क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास।

श्रीभूमि संवाददाता,
दैनिक समाज जागरण :

असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले दुल्लभछड़ा-निविया-चेरागी-रंगपुर के सैकड़ों गांवों की जनता का लेन-देन का एकमात्र भरोसा PNB शाखा है, जिसके कारण सुबह से ही दूर-दूर के शाखा के ग्राहकों को प्राकृतिक कठिनाइयों का सामना करते हुए खड़ा होना पड़ता है। इससे रोजमर्रा की नियमित हाजिरी से वंचित होना पड़ता है। इस मुद्दे को लेकर जनता की समस्या से जुड़े होने और अपने जन्मभूमि की याद के चलते, वे पिछले दो वर्षों से जनता के प्रतिनिधि के रूप में दौड़-धूप कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, गत 2016 में स्थानीय लोगों की ओर से SBI शाखा स्थापित करने की मांग के साथ एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। लेकिन अज्ञात कारणों से इसे लंबित रखा गया और लोगों की उम्मीद भी टूट गई। हालांकि जनता को संवेदनशील सेवानिवृत्त एडीसी निलमनी दास पिछले दो वर्षों से रामकृष्णनगर-शिलचर-गुवाहाटी-मुंबई के विभागीय अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को उठाते आए हैं। इसके अलावा, गत 14 अक्टूबर को वृद्धावस्था से संबंधित समस्याओं के बावजूद दुल्लभछड़ा क्षेत्र के जनता के प्रतिनिधि के रूप में वे सक्रिय रहे। दुल्लभछड़ा क्षेत्र की जनता के प्रतिनिधि के रूप में गुवाहाटी के दिसपुर स्थित एसबीआई शाखा के अधिकारियों से मुलाकात की। और भौगोलिक दृष्टि से कुछ चाय बागान, गुवाहाटी-दुल्लभछड़ा रेलवे संपर्क सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों और जनसंख्या का उल्लेख दोबारा किया। शाखा के कर्मचारियों से बातचीत में पता चला कि लंबे समय से जनता की मांग पर दुल्लभछड़ा में एक शाखा स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। और स्थापना को लेकर वे आशावादी हैं।

सलगांवा मुखिया मधु रानी पर लगाया पंचायती राज अधिनियम की धज्जियां उड़ाने का गंभीर आरोप

,बीडीओ से लगाया प्रशासनिक कार्यवाही करने की गुहार

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के सालगांवा पंचायत में एक सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। सालगांवा पंचायत के कार्यकारणी सदस्यों में वार्ड सदस्यों में सविता देवी, रीना देवी, बिंदो देवी ,सुमित्रा देवी,स्वेता कुमारी ,सुनीता देवी,विजय राम, ऊषा देवी ,जितेंद्र कुमार और उप मुखिया अवधेश प्रसाद ने कटकमदाग प्रखंड के बीडीओ को लिखित आवेदन देकर सालगांवा पंचायत की मुखिया मधु रानी पति महेश प्रसाद पर जांच कर प्रशासनिक कार्यवाही करने की गुहार लगाया है। प्रतिनिधियों ने आवेदन में लिखा है कि स्थानीय मुखिया द्वारा पंचायती राज अधिनियम 2001 धारा 26 के तहत नियमावली को धज्जियां उड़ाई जा रही है और मुखिया फंड में आए हुए विभाग की ओर से योजना संबंधी राशि पूछे जाने पर आना कानी कर टाल कर देती है । आशंका जताया जाता है कि यदि बीडीओ द्वारा योजना राशि की ब्यौरा मुखिया से मांग की जाए तो पदार्फाश होने की निश्चित संभावना हो सकती है। पंचायत के कार्यकारिणी सदस्यों ने आवेदन में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं में 1. समयानुसार कार्य कारिणी सदस्यों की बैठक नियमित और सुचारू रूप से नहीं होना 2.कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक किए बिना योजना को अपने मन मर्जी से पास करना। 3.कार्य कारिणी सदस्यों के बिना बैठक आयोजित किए फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर योजना राशि की निकासी करना। 3. अपने निजी चहते संवेदक को ठीकेदारी देना जिसमे स्वयं का ठीकेदारी में भागीदारी एवं कमीशनखोरी होना। 4. योजनाओ में गरीब परिवार के योग्य लाभुकों से रुपए लेना और बिना रुपए लिए कार्य नहीं करना। 5. पीएम आवास एवं अबुआ आवास योजना के अयोग्य लाभुकों से कमीशन लेकर आवास मुहैया करवाना तथा योग्य लाभुकों को योजना से वंचित रखना। 6. पंचायत सचिवालय के सरकारी सामग्री होम थियेटर को अपने निजी स्कूल में उपयोग करना।7. मुखिया बनने से पूर्व की ब्यौरा और वर्तमान ब्यौरा की जांच समेत अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीर आरोप आवेदन लिखकर जांच की गुहार लगाया है।



हजारीबाग में 90% अनुदान में 33 कुम्हारों के बीच इलेक्ट्रिक चाक का वितरण

माटी शिल्पकारों को मिली सौगात

मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा चयनित लाभुकों को झारखंड माटीकला बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग के महाप्रबंधक सर श्री शंभू शरण बैठा द्वारा 33 कुम्हारों के बीच इलेक्ट्रिक चाक एवं टूलकिट का वितरण किया गया। यह वितरण राज्य सरकार की उस योजना का हिस्सा है जिसके अंतर्गत पारंपरिक माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि पारंपरिक रूप से हमारे कुम्हार भाई-बहन लकड़ी के चाक का उपयोग कर बर्तन एवं दीये बनाते आए हैं। अब उन्हें 90 प्रतिशत अनुदान पर प्रदत्त इस इलेक्ट्रिक चाक के माध्यम से कार्य करने में अधिक सहजता एवं कम मेहनत लगेगी। इससे न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। इस अवसर पे जिला समन्वयक मुखयमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड श्री श्रीश त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार की पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं आय में वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे, वोकल फार लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा मिलेगा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा । जिला समन्वयक ने कहा माटीकला बोर्ड द्वारा समय समय पे प्रशिक्षण भी कुम्हार लोगों को दी जा रही है । कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक सर ने कहा कि मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड राज्य के ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्यरत है। इस योजना से न केवल पारंपरिक कुम्हारों को लाभ मिलेगा, बल्कि अन्य ग्रामीण शिल्पकारों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे अपनी कला को निखारें और बाजार से जुड़ें।कार्यक्रम के अंत में लाभुकों ने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इलेक्ट्रिक चाक मिलने से अब वे बेहतर गुणवत्ता वाले दीये, बर्तन व सजावटी सामग्री तैयार कर सकेंगे, जिससे त्योहारी सीजन में उनकी बिक्री और आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

डीएम की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक – सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग सुधारने के दिए निर्देश

लक्ष्य के सापेक्ष गुणात्मक प्रगति लाने और सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने पर जोर

कासगंज, 16 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण /अजय यादव मुनन अहमद): जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त ग्रेडिंग और रैंकिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष गुणात्मक प्रगति सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर बेहतर हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनके अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम ने विशेष रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सीटी स्कैन और टेली-रेडियोलॉजी सेवाओं में सुधार लाने तथा अधीक्षण अभियंता (विद्युत) को विल सुधारने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही फैमिली आईडी निर्माण की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की गई। डीएम ने सभी बीडीओ एवं नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है, उन्हें शत-प्रतिशत फैमिली आईडी योजना में शामिल किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स, निर्माण कार्यों और योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्ण हो चुके कार्यों को संबंधित विभाग समय से हैंडओवर करें तथा चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य अधिकारी स्वयं अपनी देखरेख में करें, किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई होगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियंता विद्युत, उप कृषि निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दरगाह शाह जलाल साहब बाबा का 37वां सालाना उर्स शुरू

चार दिवसीय उर्स में सूफियाना कलाम और धार्मिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

एटा/मारहरा (समाज जागरण): कस्बा मारहरा स्थित प्रसिद्ध दरगाह शाह जलाल साहब बाबा का 37वां सालाना उर्स श्रद्धा और आस्था के माहौल में शुरू हो गया है। यह चार दिवसीय उर्स हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। पहले दिन रात को मीलाद की महफिल आयोजित की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं में तबर्रुक (प्रसाद) वितरित किया गया। दूसरे और तीसरे दिन कव्वाली की महफिलें होंगी, जिनमें दूर-दराज से आए प्रसिद्ध कव्वाल अपने सूफियाना कलाम पेश करेंगे। उर्स का समापन अंतिम दिन कुल की महफिल के साथ किया जाएगा। मेला अध्यक्ष इलियास कुरैशी ने बताया कि सभी दिनों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम

छात्राओं ने ली जल संरक्षण और स्वच्छ गंगा की शपथ

एटा (समाज जागरण): हरचंदपुर कलां स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'नमामि गंगे' कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति एटा के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने जल संरक्षण और स्वच्छ गंगा का संकल्प लेते हुए शपथ ली। इस अवसर पर गंगा गीत, जल संरक्षण पर भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने गंगा नदी की महत्ता और जल की बबार्दी रोकने के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रशासन और जिला गंगा समिति के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी नरेश को पालिका ने किया सम्मानित

8 लाख 54 हजार रुपये और फूल मालाओं के साथ किया स्वागत

एटा/मारहरा (समाज जागरण): मारहरा नगर पालिका परिषद ने सफाई कर्मचारी नरेश चंद्र के सेवानिवृत्त होने पर स्वागत समारोह आयोजित किया। समारोह में नरेश चंद्र को 300 दिन का वेतन 6 लाख 54 हजार रुपये और भविष्य निधि के रूप में 1 लाख 50 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। उन्हें फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

पालिका अध्यक्ष शशि प्रभा ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों को आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान नगर की सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। पूर्व पालिका अध्यक्ष परवेज जुबैरी ने सफाई व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि जनता की शिकायत का तुरंत निस्तारण सुनिश्चित करना आवश्यक है। चेयरमैन प्रतिनिधि धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सीमा विस्तारित गांवों में भी निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं।

समारोह में अशोक बाल्मीकि, अनिल जमादार, प्रधान लिपिक चंद्रपाल सिंह, सचिन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी, तथा सभासद यूनुस सिद्दीकी, अभिषेक टीटू, प्रेम राज, मूनिस, सोमेंद्र उपस्थित रहे।

व्यापार मंडल जसराना की नई टीम का हुआ गठन, त्योहारों को देखते हुए हुई जिम्मेदारियों की घोषणा

समाज जागरण जसराना! त्योहारों की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि व्यापार मंडल की बैठक नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई टीम के दायित्वों की घोषणा की गई। घोषित पदाधिकारियों में संजय सिंघल को जिला उपाध्यक्ष, गौरव हिंदू को नगर अध्यक्ष, सुमित जैन और संजय बघेल को नगर महामंत्री, जबकि पीयूष गुप्ता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में डीओ चंदन पांडे, चीफ मनोज कुमार और एफएसओ विनोद वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान बाजार की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, व्यापारिक एकता को मजबूत करने और संगठन के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित रहकर कार्य करने पर चर्चा हुई। अंत में उपस्थित व्यापारियों ने नवगठित टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, मनु सैनी, शायल संजीव अग्रवाल, उपेंद्र राजपूत, सुमित जैन, संजय बघेल, पीयूष गुप्ता, रवि राजपूत, नीरज चौहान और मोहित राठौर सहित नगर के अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

अधिकारी बन लोगो को ठगने वाला पुलिस गिरफ्त में पुलिस

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह विभिन्न विभागों का अधिकारी बन लोगो को ठगता है। पुलिस ने उसके पास से सामन बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्णस्वरूप पाल थाना बसई मौहम्मदपुर ने पुलिस बल के साथ एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे चन्द्रवार किला चौकी क्षेत्र चन्द्रवार थाना बसई मौहम्मदपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकडे गए अभियुक्त का नाम धीरज उर्फ लकी पुत्र नरेन्द्र सिंह बताया है। नगला उदी, थाना बसई मोहम्मदपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक लैनेवो लैपटाप, दो मोबाइल फोन, 03 सिमकार्ड बरामद किए है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ धारा 318(4)बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

कई अधिकारी बन करता है ठगी

फिरोजाबाद। पकड़ा गया अभियुक्त कभी आवासीय योजनाधिकारी, शादी अनुदान अधिकारी, डीडीसी अधिकारी फोन पे अधिकारी बन लोगों के साथ ठगी करता था।

आवासीय योजना की वेबसाइड से डाटा निकाल लेता है

फिरोजाबाद। थाना प्रभारी ने बताया धीरज आवासीय योजना की वेबसाइड खोल जिला व राज्य डाल देता है। जिससे लाभार्थियों के नाम आ जाते है। अधिकारी का भी नाम आ जाता है। अधिकारी बन वह लोगो को ढाई लाख रुपया दिलाने के नाम पर रुपए ठग लेता है। उसके खिलाफ साइबर क्राइम थाने में कई मुकदमे दर्ज थे।

आबकारी की टीम ने की फुटकर एं कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण

दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न करने देने के दिये निर्देश

समाज जागरण

शिकोहाबाद। आबकारी निरीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को नगर की फुटकर देशी मदिरा एवं कंपोजिट दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टाक की जांच की गई। आबकारी निरीक्षक ने दुकानदारों से दुकान पर शराब ना पिलाने के निर्देश दिये। चेतावनी दी अगर जांच के दौरान कोई भी दुकान के बाहर शराब पीता हुआ मिलने पर दुकानदार के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

आबकारी निरीक्षक शिकोहाबाद ने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान तथा उप आबकारी आयुक्त आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -2 शिकोहाबाद मय स्टाफ द्वारा क्षेत्र की फुटकर देशी मदिरा एवं कंपोजिट दुकानों पर आकस्मिक रूप से टेस्ट परचेज कराते हुए दुकानों का निरीक्षण कर उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकान एवं कैंटीन परिसर में साफ सफाई रखने, दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न करने देने, दुकान पर मांग के अनुरूप ब्रांडो की उपलब्धता बनाए रखने, पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किए जाने,सीसीटीवी कैमरा निरंतर संचालित रखने, पोस मशीन से शत.प्रतिशत बिक्री किये जाने' अभिलेखों को अद्यतन रखने, ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री किए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट ने मनाया महाराजा लाखन पासी की जयंती

समाज जागरण

जनपद बहराइच विकास खण्ड विशेश्वर गंज ग्राम गुलारिहा में राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट बहराइच द्वारा महाराजा लाखन पासी की जयंती मनाया गया। राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट पासी समाज को एकजुट करने के लिए गांव- गांव कार्यक्रम आयोजित कर पासी समाज को राजाओं-महाराजाओं के इतिहास का परिचय कराने का कार्य कर रही है

साथ ही समाज में व्याप्त अन्धविश्वास, नशाखोरी से मुक्ति रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पासी समाज को सरकारी गैरसरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है लखनऊ महाराजा लाखन पासी के नाम से बसाया गया था। आज जिस टीले पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज की भव्य इमारत खड़ी है। उसी टीले पर महाराजा लाखन पासी का किला हुआ करता था। लाखन पासी का राज्य 10-11वीं शताब्दी में था। लखनऊ का टीला बताता है कि यह किला डेढ़ किलोमीटर लम्बा तथा उतना ही चौड़ा था। यह किला धरातल से 20 मीटर ऊंचा था। उक्त किले के मुख्य भाग पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज स्थापित है। यही स्थान महाराजा लाखन पासी किला के नाम से जाना जाता है। टीले पर ही बड़ा इमाम बाड़ा मेडिकल कॉलेज, मच्छी भवन टीलें वाली मस्जिद तथा आस पास का क्षेत्र है। महाराजा लाखन पासी की पत्नी का नाम लखनावती था। संभवतः कुछ दिनों तक इसीलिए लखनऊ का नाम भी लखनावती चलता था। महाराजा लाखन ने लखनावती वाटिका का निर्माण कराया था। जिसके पूर्वी किनारे पर नाग मंदिर भी बनवाया था। लाखन राजा नाग उपासक थे। कार्यक्रम में राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष पारस पासी,लाखन आर्मी टीम के देवी पाटन मंडल गोंडा के मंडल उपाध्यक्ष गुलाब चन्द्र पासी, अरविंद पासी,पिंटू पासी,हरिकेश पासी,रामसेवक पासी,छोटेलाल पासी, कर्मवीर पासवान, राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट के ब्लाक अध्यक्ष विशेश्वर गंज बहराइच रंजीत पासी,रामेश्वर बाबूलाल,गंगाराम मौर्य,शेषाराम विश्वकर्मा,शिवनाथ पासी,अनिल पासवान, राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट के जिला महासचिव बहराइच अखिलेश पासी, गोपाल बौद्ध,विनय रावत,डॉक्टर हरिराम मौर्य, राष्ट्र रक्षक मार्शल समाज संघ ट्रस्ट के तहसील अध्यक्ष पयागपुर बहराइच शिवदयाल पासी, राकेश सरोज, शिवपूजन पासी,अरविंद कुमार, सचिन पासवान, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

त्योहारी सीजन को लेकर प्रशासन सख्त – शराब की दुकानों पर हुई संयुक्त जांच

अवैध बिक्री, मिलावट और ओवररेटिंग पर होगी सख्त कार्रवाई: क्षेत्राधिकारी

कासगंज/कस्बा गंजडुंड वारा (समाज जागरण): आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। गुरुवार देर शाम उपजिलाधिकारी पटियाली प्रदीप कुमार विमल, क्षेत्राधिकारी संदीप वर्मा और आबकारी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से कस्बा गंजडुंडवारा क्षेत्र की मॉडल और देशी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों की स्टॉक पंजिका, अभिलेखों और सीसीटीवी कैमरों की जांच की तथा साफ-सफाई और व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

देशी शराब की
गंजडुण्डवारा नं. 2

उपजिलाधिकारी ने ठेका संचालकों को निर्धारित समय पर दुकान खोलने और बंद करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी संदीप वर्मा ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री, ओवररेटिंग या मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आबकारी निरीक्षक ने इस दौरान दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर रजिस्टरों का मिलान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने त्योहारी सीजन में पैदल गश्त कर सुरक्षा का लिया जायजा

समाज जागरण

गाजियाबाद, 16 अक्टूबर 2025 (दीपक कुमार त्यागी): त्योहारी सीजन के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान वे पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिण्डन जोन निमिष पाटील, सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष रवेंद्र गौतम एवं अन्य पुलिस बल के साथ परशुराम चौक, अटल चौक, अग्रसेन चौक और अन्य संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया।

गश्त के दौरान पुलिस आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने, एंटी रोमियो स्कॉड की सक्रियता बढ़ाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से भी संवाद कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया।

पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने कहा, "पैदल गश्त का उद्देश्य न केवल कानून-व्यवस्था की निगरानी करना है, बल्कि जनता में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना भी है। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से पुलिस बल में उत्साह आता है और आमजन का विश्वास बढ़ता है।"

आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी की बैठक!

फिरोजाबाद! जिला मजिस्ट्रेट रमेश रंजन ने बताया है कि आगामी दीपावली व छठ के पर्वो के परिप्रेक्ष्य में पटाखों के निर्माण, भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग के सम्बन्ध में एडवाइजरी एंव शासन तथा भारत सरकार पैट्रोलियम एंव विस्फोटक सुरक्षा संगठन, पूर्ववर्ती-विस्फोटक विभाग, कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जनपद फिरोजाबाद में संचालित आतिशबाजी दुकानों का संयुक्त निरीक्षण कर विस्फोटक के भण्डारण के सम्बन्ध में गहनता से जाँच कर प्रत्येक दुकान का विस्फोट भण्डारण का भौतिक सत्यापन करते हुए शर्तो का अनुपालन तथा इसका कड़ाई से अनुपालन कराये जाने के निर्देश दिये गये है, इस क्रम में निर्देश दिये गये हैं जो निम्नवत है।

01-दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत अस्थाई शेड़ से आतिशबाजी भण्डारण एव विक्रय हेतु विस्फोट नियम 2008 (यथासंशोधित) के अन्तर्गत जारी किये जाने के सम्बन्ध में विस्फोटक नियम की प्रति, चेतावनी-क्या करें, क्या न करें के सम्बन्ध में निर्देश दिये जा चुके हैं, जिसका अनुपालन करायें।

02-जनपद फिरोजाबाद में पूर्व से जारी किये गये लाइसेंसधारियों द्वारा निर्धारित चौहद्दी में ही बिक्री की जायेगी, अन्य स्थान पर बिक्री किया जाना अवैध माना जायेगा। आतिशबाजी की बिक्री एंव स्टॉक की प्रतिदिन चौकिंग की जायें, जिसमें माल के क्रय की रसीद अवश्य देखी जाये कि माल किस दिनांक को एंव कहाँ से क्रय किया गया है।

03-दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंसों को केवल चयनित स्थान पर ही बिक्री हेतु लाइसेंस निर्धारित प्रारूप पर निर्गत किये जायें, जिसमें केवल कम्पनी निर्मित पटाखों की ही बिक्री की जायें, हस्त निर्मित पटाखों की बिक्री नहीं करेंगें।

कलेक्ट्रेट सभागार

04-जनपद में पूर्व से जारी स्थायी लाइसेंस जो कम्पनी निर्मित आतिशबाजी पटाखों की बिक्री के लिए जारी किये गये है, उक्त लाइसेंस धारकों द्वारा केवल कम्पनी निर्मित पटाखों की ही बिक्री करेंगें। देशी/हस्त निर्मित पटाखों की बिक्री/भण्डारण करना पूर्णतः अवैध माना जायेगा।

05-विशेष बिन्दु देशी हस्त निर्मित आतिशबाजी पर विशेष ध्यान दिया जाये कि कोई भी विक्रेता देशी हस्त निर्मित/कम्पनी निर्मित पटाखों की विक्री एक साथ न करने पाये। प्रायः देखा गया है कि जो भी घटनायें घटित होती है वह देशी हस्त निर्मित पटाखों से ही घटित होती है। अतः इस बिन्दु पर विशेष ध्यान रखा जाये।

06- नगर मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद एंव उप जिला मजिस्ट्रेट शिकोहाबाद, सिरसागंज एवं टूण्डला को दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस (दिनांक-19.10.2025 से दिनांक-22.10.2025 तक) चयनित स्थलों के लिए निर्गत करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

आप अवगत ही है कि दिये गये निदेर्शो का अक्षरशः अनुपालन करते हुए दीपावली के त्यौहार पर अस्थाई लाइसेंस आतिशबाजी की बिक्री हेतु एवं भण्डारण के सम्बन्ध में खुले मैदान में बिक्री कराये जाने हेतु सुरक्षित स्थान चयन करना, भण्डारण को चौक करना, अवैध भण्डारण किसी भी स्थिति में न हो तथा विक्रय स्थल पर मानक के अनुरूप सुरक्षा के पुख्ता इन्ताजाम कराये जाने, पानी, प्राथमिक चिकित्सा एम्बुलेन्स तथा अग्निशमन सुरक्षा के उपकरणों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये आदि निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों का पूर्णरूपेण दायित्व होगा कि उपरोक्त व अन्य आवश्यक बिन्दुओं का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायें। इस सम्बनध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फिरोजाबाद को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है, जो कि प्रत्येक दशा में उपरोक्त निदेर्शो एवं अन्य समस्त ज्वलनशील बिन्दुओं/निदेर्शो का कड़ाई से जनपद में प्रत्येक स्थल पर अनुपालन स्वयं सुनिश्चित करायेंगें और अनुपालन न होने की दशा में, तथा यदि कोई भी दुर्घटना घटित होती है, तो वे उसके लिए सीधे उत्तरदायी भी होंगे।

उन्होने अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया है कि जनपद में किसी भी दशा में अवैध आतिशबाजी का निर्माण/भण्डारण/बिक्री न हो सके। इसके लिए निरन्तर सघन चौकिंग अभियान जारी रखा जाये, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो पाये, यदि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उस क्षेत्र के सम्बन्धित मजिस्ट्रेट / क्षेत्राधिकारी पुलिस/थाना प्रभारी / मुख्य अग्निशमन अधिकारी पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होगें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही / उदासीनता न बरती जाये। साथ ही जनपद में स्वीकृत / निर्गत आतिशबाजी लाइसेंसियों की सूची, जो पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है, का आप समय-समय पर संयुक्त रूप से निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर आख्या समय से प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए भी मुख्य अग्निशमन अधिकारी, फिरोजाबाद को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है, जो कि समय से संयुक्त निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु उत्तरदायी होंगे।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज में खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन नामावली के लिए जागरूकता अभियान आयोजित

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

सिरसागंज फि रोजाबाद! कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो कांती शर्मा, ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ हिमांशु शर्मा एवं समस्त प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो कांती शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश के कर्णधार है और विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंग है। आपका एक वोट देश की उन्नति में भागीदार होगा। इसलिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं और अन्य लोगों को प्रेरित करें। इस प्रकार के अभियान शिक्षित वर्ग को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब शिक्षित नागरिक मतदान प्रक्रिया में सक्रिय होंगे तो लोकतंत्र और भी अधिक मजबूत होगा।

डॉ हिमांशु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आगामी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसागंज में एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पात्र स्नातकों एवं शिक्षकों को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की प्रक्रिया से अवगत कराना था, ताकि अधिक से अधिक सुशिक्षित वर्ग लोकतंत्र की इस महती प्रक्रिया में सहभागी बन सके।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु Form–18 तथा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतु Form–19 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से पात्र अभ्यर्थी अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करा सकते हैं।

डॉ हिमांशु शर्मा ने बताया कि "खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में वही व्यक्ति मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकता है, जिसने कम से कम तीन वर्ष पूर्व किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा वह निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निवास करता हो।

वहीं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए वे शिक्षक पात्र हैं जो किसी मान्यता प्राप्त माध्यमिक या उच्च शिक्षण संस्था में कम से कम तीन वर्ष से निरंतर शिक्षण कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया का डेमो दिखाया गया तथा उन्हें यह बताया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल एक ही निर्वाचन क्षेत्र में नाम दर्ज करा सकता है। 18 वर्ष की आयु के युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के विस्तृत रूप से जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में छात्राओं तथा स्थानीय शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।अंत में डॉ हिमांशु शर्मा ई.एल.सी. सहायक नोडल अधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक क्लब प्रभारी डॉ शालिनी ने किया।उन्होंने अपने सहज एवं प्रभावशाली संचालन से पूरे आयोजन को सार्थक और प्रेरणादायक बना दिया।डॉ. शालिनी ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को निर्वाचन साक्षरता से जुड़ने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उनके संचालन में कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और जागरूकता से भर गया।इस अवसर पर प्रो राधेश्याम सिंह,प्रो सुरेश चंद्र,डॉ आशुतोष राय,डॉ अभिषेक प्रकाश,डॉ सोनल भार्गव,डॉ कृष्ण मोहन पाठक,डॉ आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

जिला स्तरीय हितधारक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

जनपद बहराइच। देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में सुरोखित शैशव परियोजना के अंतर्गत मिशन वात्सल्य एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों के संदर्भ में एक दिवसीय जिला स्तरीय हितधारक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन रीजेंसी होटल, बहराइच में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के साथी मुजम्मिल जी द्वारा प्रतिभागियों का परिचय कराते हुए और कार्यशाला की रूपरेखा साझा करते हुए किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री सूरज तिवारी ने सभी हितधारकों को एक मंच पर आकर जिले के विभिन्न हिस्सों में गोष्ठियों का आयोजन कर, बच्चों से संबंधित समस्याओं का विश्लेषण एवं समाधान हेतु चिंतन करने की आवश्यकता बताई। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सतीश श्रीवास्तव जी ने बच्चों की समस्याओं पर आधारित उदाहरण प्रस्तुत किए और कहा कि ह्नसरकार व गैर सरकारी संगठन के लोगो की मेहनत से ही बच्चों का कल्याण हो सकता है ह्न बच्चों की असीम क्षमताओं पर बल देते हुए उन्होंने सभी से मिलजुलकर कार्य करने की अपील की। देहात संस्था से श्री दिव्यांशु चतुवेर्दी जी ने मिशन वात्सल्य की गाइडलाइन पर चर्चा करते हुए वर्ष 2022 से 2023 तक के सरकारी आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों से संबंधित योजनाओं में प्रस्तावित बजट का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है, इसलिए सभी को ग्रासरूट पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

लोनी तिराहे पर अतिक्रमणकरियो पर बड़ी कार्रवाई, लोगों ने ली राहत की सांस

समाज जागरण

लोनी,16 अक्टूबरः गुरुवार को लोनी तिराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई. आवागमन में बाधा बने सड़क किनारे विभिन्न सामान के ठेले तथा दुकानदारों के अन्य अवैध कब्जे को हटाते हुए अधिकारियों द्वारा ऐसे लोगों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी गई है. कार्रवाई के बाद यात्रियों ने रात के साथ ली है.

लोनी में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया. लोनी तिराहा और उसके आस-पास सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को पुलिस टीम ने हटवाया. यह अभियान लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम और एसीपी ट्रैफिक भास्कर वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में अतिक्रमणकरियो के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम के अलावा भारी पुलिस बल साथ रहा. उक्त कार्यवाही के दौरान जहां अधिकारियों ने सड़क किनारे लगाए गए ठेले, रेहड़ी-पटरी और दुकानदारों द्वारा रखा गया सामान हटवाया. इसके साथ ही अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें यह चेतावनी दी गई हैं कि दोबारा अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही समझ में नहीं जाएगी।

तिराहे के जाम से परेशान हैं लोग

गौरतलब हैं कि लोनी तिराहा से निकलने वाले नागरिक और वाहन चालक लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे है. जिसका मुख्य कारण यहा शाहदरा, सीलमपुर और लोनी बार्डर की ओर जाने वाले मार्गों पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहना हैं. मुख्य रूप से ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा चालक तिराहे पर मनमाने तरीके से अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह अवरुद्ध होता है. हालांकि इसके आलावा फल विक्रेता और सीमेंट-सरिया आदि सामान बेचने वाले दुकानदार भी सड़क पर अपना सामान रख देते हैं. इससे सड़क संकरी हो जाती है और वहा अधिकांश पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

विधायक भी जता चुके नाराजगी

कुछ दिन पूर्व ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर तिराहे पर लगा जाम खुलवाया था. उन्होंने थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा था कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं. लगता है विधायक की सख्ती के बाद ही पुलिस ने अब यह कार्यवाही की है. अब देखना है कि लोनी तिराहे के जाम को लेकर पुलिस आगे भी इसी प्रकार मुस्तैद रहेगी अथवा नहीं.!

6 दिवसीय त्यौहार आये... घरों में उमंग और बाजारो में बाहर लाये

समाज जागरण

लोनी, 16 अक्टूबरः दीपावली के 6 दिवसीय त्योहारो को लेकर शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, तैयारियां जोरों पर है. उत्साहित लोगों ने अपने घरों की सफाई, रंगाई, पुताई कर आकर्षक रूप से सजावट कर दी है तो दुकानदार भी अपनी दुकानों में नई-नई सामग्री सजाकर ग्राहकों को लुभाने में लगे हुए हैं. कस्बे सहित क्षेत्र के सभी मुख्य बाजारो में फर्नीचर, इलेक्ट्रोनिक सामान, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन व वाहन आदि की दुकानें सजने लगी है. जहां अपनी जरूरत का सामान खरीदने वाले नागरिकों की चहल-पहल बनी हुई है.

नगरपालिका का सफाई अभियान

कस्बे में दीपावली के त्यौहार को देखते हुए नगरपालिका की ओर से रोड लाइटों को दुरस्त कर रोशनी व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया गया हैं. नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धाम व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कस्बे के मुख्य मार्गों पर लगी लाइटों को ठीक करवाकर रोशनी व्यवस्था को सुचारु किया गया हैं. क्षेत्र में स्थित विभिन्न गली मोहल्लों में सफाई व्यवस्था को भी अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए हैं.

जीएसटी कम होने से बाजारों में दिखा उत्साह

माना कि गत वर्षों से महंगाई चरम पर है, लेकिन गत माह जीएसटी में बदलाव और की गई कमी से आमजन में उत्साह देखने को मिल रहा है. बाजारों में अच्छी खरीदारी से दुकानदार भी उत्साहित नजर आ रहे है. धन तेरस से पूर्व ही लोग बाजारों में अपनी मनपसंद खरीदारी करने पहुंच रहे है. इसके अलावा कार, मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रोनिक सामान की बुकिंग भी हो रही है.

विभिन्न सामान बिक्री के लिए सजी हैं दुकाने

कस्बे में इस बार दीपावली पर्व के मौके पर विभिन्न सामान बिक्री को लेकर दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के आगे रंग-बिरंगे शामियाने लगाकर दुकानों के आगे तरह-तरह के सामान बिक्री के लिए सजाये है. दुकानदारों ने जिस तरह विभिन्न रंग-बिरंगी लाइट आदि की चकाचौंध से ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के जतन किए है उसे देखकर लगता है मानो इसके लिए उनके बीच कोई होड़ सी लगी हो. बाजार में विभिन्न प्रकार की पूजा सामग्री व गणेश, लक्ष्मी आदि की मूर्ति के आलावा स्टील बर्तन, कपडे, साज-सज्जा, लकड़ी के फर्नीचर, प्लास्टिक आइटमों तथा इलेक्ट्रीकल सामान सहित सैकड़ों आइटम बिक्री के लिए अपने प्रतिष्ठानों के आगे सजाये हुए है.

सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी

घर की आम जरूरतों के अलावा लोगों द्वारा सोने-चांदी के आभूषण भी विशेष तौर से खरीदे जाते हैं. इसके लिए मुख्य रूप से धनतेरस व दीपावली के दिन को शुभ मानते हुए लोग अपने घरों में होने वाले विवाह या अन्य मांगलिक कार्यों पर उपयोग के लिए सोने-चांदी के आभूषणों को खरीदकर रख लेते है. यही कारण है कि कस्बे में सोने-चांदी के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को सजाकर रखा है.

वाहनों की खरीद में भी रुचि

दीपावली पर्व पर वाहनों की खरीदारी को लेकर भी लोगों के बीच खूब रूचि देखने को मिल रही है. आजकल जिस तरह महिलाओं, बालिकाओं व युवतियों के साथ घरेलू कार्य के लिए स्कूटी का प्रचलन बढ़ गया है, इसको देखते हुए वाहन शो-रूमों के बाहर बिक्री के लिए रखी स्कूटियों की संख्या अधिक देखी जा रही है. इसी तरह अलग-अलग तरह की मोटरसाइकिलों के आलावा कार की खरीदारी को लेकर भी उत्साह देखा जा रहा है.

प्रभु राम की खुशियों के लिए दीपावली पर केवल स्वदेशी चीजे ही खरीदे: जाकिर अली

समाज जागरण

लोनी, 16 अक्टूबरः "दुनिया में भारत की मजबूत पहचान बनाने के लिए स्वदेशी से बेहतर कोई माध्यम नहीं है" इसलिए प्रभु राम को खुश देखना चाहते हैं तो दीपावली पर केवल स्वदेशी चीज ही खरीदें. यह बात लोनी के पूर्व विधायक चौधरी जाकिर अली ने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भैया दूज एवं छठ पूजा पर्व की बधाई देने के दौरान कही.

त्योहारों की लड़ी के इस खास अवसर पर हुई भेंट के दौरान अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए चौ0जाकिर अली ने कहा कि आजादी के समय से अब तक देश ने स्वदेशी के लिए लंबा संघर्ष किया है, अब समय आ गया है कि भारत अपने विभिन्न उत्पादको की वैश्विक पहचान स्थापित करे. मगर स्वदेशी विजन को साकार करने के लिए हमें भारतीय

ब्रांडों की विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में भी काम करना होगा ताकि उनका उपयोग पूरी दुनिया में हो सके. उन्होंने कहा ह्लदेश को आगे बढ़ाने वाली हर तकनीक में भारतीयों की भागीदारी और योगदान आवश्यक है.ह्व भारत को न केवल अपनी जरूरत की हर चीज का निर्माण करना चाहिए, बल्कि दुनिया को उसकी आपूर्ति करने की क्षमता भी रखनी चाहिए. हम वर्षो से विदेशी ब्रांडों का उपयोग करते आए हैं, लेकिन अब समय है कि भारतीय ब्रांडों की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को विश्व स्तर पर स्थापित किया जाए. ताकि पूरी दुनिया ह्यमेड इन इंडियाह्व पर भरोसा करे.ह्व

श्री अली ने देशवासियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा हैं कि यदि हम 100 प्रतिशत स्वदेशी को अपनाने का संकल्प ले तो कोई देश हमें चुनौती नहीं दे सकता.

दीपावली के पवित्र त्यौहार पर अगर आप प्रभु राम की खुशियां प्राप्त करना चाहते हैं तो स्वदेशी चीजें ही खरीदें. इस पर्व में भारत माता की सेवा सबसे बड़ी सेवा होगी।ह्व राजनीतिक क्षेत्र में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता उन्हें एक बार फिर विधायक के रूप में देखना चाहती है. मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यदि पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वह उनकी ख्वाहिश को जरूर पूरा करेंगे '

बेड पर सो रहा था पांच साल का फैजान, खिड़की से आए सांप ने काटा, अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़

समाज जागरण

बागपत। छपरौली थाना क्षेत्र के ककौरकलां गांव में गुरुवार सुबह एक मासूम की मौत ने सभी को झकझोर दिया। नींद में सो रहे पांच साल के फैजान को सांप ने काट लिया, जिससे कुछ ही मिनटों में उसकी मौत हो गई। परिवार का इकलौता बेटा फैजान अपने माता-पिता की दुनिया का केंद्र था। उसकी अचानक मौत से गांव में मातम का माहौल है। गांव निवासी आसिफ ने बताया कि बुधवार रात उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर कमरे में बिस्तर पर सो रही थी। करीब तीन बजे अचानक फैजान नींद में ही चिल्लाया और रोने लगा। जब लाइट जलाई गई तो परिवार ने देखा कि कमरे की खिड़की से एक काला सांप बाहर निकलता हुआ जा रहा है। उस वक्त तक किसी को अंदाजा नहीं था कि फैजान को वही सांप काट गया है। कुछ ही देर में फैजान की तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया। आसिफ अपने बेटे को गोद में लेकर घर से निकला, लेकिन रास्ते में ही मासूम की सांसें थम गईं। जब तक वे जिला अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर फैलते ही गांव के लोग आसिफ के घर पहुंचे। किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि चंचल फैजान अब इस दुनिया में नहीं रहा। पूरे गांव में मातम पसर गया है। परिवार के लोग बेसुध हैं, मां बार-बार बेहोश हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में क्षेत्र में कई बार सांप निकलने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इतनी दर्दनाक घटना पहली बार हुई है। सीएमएस डॉ. अनुराग ने बताया कि बच्चे को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उन्होंने लोगों से बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

जिलाधिकारी ने नैथला में धान की क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण

--कृषि उत्पादन की स्थिति जानी, पारदर्शिता के निर्देश दिए

समाज जागरण

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को ग्राम नैथला में किसान प्रकाश पुत्र लाल सिंह के खेत में धान की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्पादन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंकड़े पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ दर्ज किए जाएं, ताकि किसानों को वास्तविक उत्पादन के आधार पर लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग राज्य सरकार की प्राथमिकता है, जिससे बीमा मूल्यांकन और कृषि नीति निर्माण में सटीकता आती है। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए और किसानों से आह्वान किया कि वे योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसल की गुणवत्ता, उपज और मौसम के प्रभाव की जानकारी ली तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारी तथा किसान मौजूद रहे।

रामायण काल की झलक दिखाएगा पुष्पक विमान

-राम की पैड़ी पर बनेगा नया सेल्फी प्वाइंट, जगमग अयोध्या में जीवंत होगी त्रेतायुग की महिमा

-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जगमगाएगी अयोध्या, पुष्पक विमान में मोर की राजशाही डिजाइन

-दीपों और लेजर लाइट के संग पुष्पक विमान में अनुभव करें रामराज्य की दिव्यता

-आधुनिक तकनीक और पारंपरिक कला का संगम,दीपोत्सव 2025 का यह दृश्य बना विश्वभर के लिए आकर्षण केंद्र

अयोध्या,16 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस वर्ष का दीपोत्सव 2025 केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि रामायण काल के जीवंत पुनर्प्रस्तुतीकरण का प्रतीक बनने जा रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में इस बार राम की पैड़ी पर बनाया जा रहा भव्य पुष्पक विमान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण और सेल्फी प्वाइंट बनने जा रहा है।

रामायण काल की झलक, आधुनिक तकनीक का संगम

त्रेतायुग की उस अलौकिक कथा को, जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे, इस दीपोत्सव में वास्तविक रूप में साकार किया जा रहा है। राम की पैड़ी के किनारे बन रहा यह राजशाही लुक वाला पुष्पक विमान अयोध्या की पहचान को नया आयाम देगा। इसकी लंबाई 32 फीट, ऊंचाई 25 से 30 फीट, और चौड़ाई 20 फीट होगी। मोर की आकृति पर आधारित इस डिजाइन को ईपीसी सीट पर तैयार किया जा रहा है, जिससे विमान हल्का, आकर्षक और लंबे समय तक संरक्षित रह सके।

राम की पैड़ी बनेगी श्रद्धा और सौंदर्य का संगम स्थल

पुष्पक विमान के सामने रामायण काल के दृश्यों को उकेरा जाएगा जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या आगमन की झांकी सजाई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान सेल्फी प्वाइंट के रूप में खोला जाएगा, ताकि हर आगंतुक इस दिव्य दृश्य को अपनी यादों में सहेज सके। संध्या के समय लेजर लाइट शो, दीपों की रेखा और पुष्पवर्षा के साथ यह स्थान अयोध्या के सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र बनेगा।

योगी सरकार की परिकल्पना अयोध्या बने विश्व की सांस्कृतिक राजधानी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दीपोत्सव का हर दृश्य रामायण की भावभूमि को सजीव करे। इसी क्रम में राम की पैड़ी, धर्मपथ और रामकथा पार्क को थीम आधारित सजावट से अलंकृत किया जा रहा है। योगी सरकार का उद्देश्य अयोध्या को न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करना है।

कारीगरों का समर्पण, आस्था का सौंदर्यबोध

अयोध्या, लखनऊ और वाराणसी के कुशल शिल्पकार मिलकर इस पुष्पक विमान को आकार दे रहे हैं।पारंपरिक कला में आधुनिक तकनीक का संगम इस कृति को अनोखा बना रहा है। स्वर्णिम रंगों, मोरपंखी डिजाइन और राजशाही शैली का यह विमान दीपोत्सव की शोभा में चार चांद लगाएगा।

आस्था और आकर्षण का संगम ,दीपोत्सव की नयी पहचान बनेगा पुष्पक विमान

दीपोत्सव के दौरान जब लाखों दीपों से जगमग अयोध्या में पुष्पक विमान की झलक दिखाई देगी, तब ऐसा लगेगा जैसे त्रेतायुग की अयोध्या पुनः लौट आई हो।श्रद्धालु, पर्यटक और कलाकार सभी के लिए यह स्थान अयोध्या के आध्यात्मिक वैभव और रामराज्य की परंपरा को अनुभव करने का अवसर बनेगा।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा चयनित कार्यदाई संस्था सार्क मीडिया के मालिक सौरभ कुमार सिंह का कहना है कि उनका लक्ष्य दीपोत्सव के दौरान ऐसा वातावरण तैयार करना है, जो न केवल दर्शनीय रूप से आकर्षक हो बल्कि अयोध्या के समृद्ध सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करे।

त्योहारों पर 'मिलावटखोरों' पर कड़ी कार्रवाई जारी, 3,394 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त

- दीपावली विशेष अभियान के तहत पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर की गई छापेमारी

- अब तक प्रदेशभर में 5,464 निरीक्षण और 2,448 छापों के दौरान 3,369 नमूने संग्रहीत किए गए

- 4.76 करोड़ की मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त, 2.34 करोड़ की 1,463 क्विंटल सामग्री की गई नष्ट

- मथुरा में 4 डेयरी पर एफआईआर, लाइसेंस निलंबित, अलीगढ़ में ड्40.92 लाख की सामग्री जब्त

- बदायूं, गाजीपुर और बुलन्दशहर में भी हुई कार्रवाई, प्रयागराज, सम्भल, कानपुर, सहारनपुर में भी बड़ी जब्ती

- योगी सरकार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग चला रहा अभियान

लखनऊ, 16 अक्टूबर। त्योहारों पर मिलावटखोरों के खिलाफ योगी सरकार की सख्त कार्रवाई जारी है। दीपावली के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ह्यदीपावली विशेष अभियानह्व (8 से 17 अक्टूबर 2025) के तहत पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर छापेमारी की जा रही है। अब तक प्रदेशभर में 5,464 निरीक्षण और 2,448 छापों के दौरान 3,369 नमूने संग्रहीत किए गए हैं। कुल 3,394 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री (476 लाख मूल्य) जब्त की गई है, जबकि 1,463 क्विंटल सामग्री (234 लाख मूल्य) नष्ट कराई गई।

जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश को मिलावट मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार प्रभावी परिणाम दे रहा है। 16 अक्टूबर को की गई कार्यवाही में प्रदेश के कई जनपदों में भारी मात्रा में मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त और नष्ट किए गए। उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ जैसे त्योहारों के पावन अवसरों पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कई जनपदों में प्रभावी एक्शन

मथुरा में बाजना क्षेत्र की चार डेयरियों में अपमिश्रक का प्रयोग पाए जाने पर चार एफआईआर दर्ज की गईं और छह लाइसेंस निलंबित किए गए।अलीगढ़ में 19,500 किलोग्राम मिलावटी खाद्य पदार्थ (17.37 लाख) नष्ट कराए गए और 4,188 किलोग्राम सामग्री (23.55 लाख) जब्त की गई। वहीं बदायूं में 2,100 किलोग्राम छेना मिठाई और 960 किलोग्राम पनीर, गाजीपुर में 1,439 किलोग्राम मिलावटी देशी घी, बुलंदशहर में 1,325 किलोग्राम मिलावटी पनीर, प्रयागराज में 5,295 किलोग्राम मिलावटी खाद्य तेल, सम्भल में 2,500 लीटर दूध, सहारनपुर में 1,060 किलोग्राम मिठाइयां तथा कानपुर नगर में 550 किलोग्राम मिलावटी खोया नष्ट कराया गया।

छोटी दुकानों, स्टाफ या मजदूरों पर किसी भी प्रकार की नहीं होगी कार्रवाई

डॉ रोशन जैकब ने बताया कि आगरा के गबाना, खैर और मथुरा के बजना क्षेत्र ऐसे संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहाँ बड़ी डेयरियां और पनीर फैक्ट्रियां संचालित हैं, जो मुख्यतः दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में दूध और पनीर की आपूर्ति करती हैं। मुख्यमंत्री जी की इच्छा के अनुरूप इन क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों में मिलावट के गिरोहों और माफिया तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी कमर तोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार नकली दवाओं के गिरोहों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि छोटे कारोबारियों जैसे पनीर और मिठाई की छोटी दुकानों, स्टाफ या मजदूरों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

मिलावट या संदेहास्पद वस्तु की जानकारी हेल्पलाइन पर दें

खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनमानस से अपील की है कि मिठाई या खाद्य पदार्थ खरीदते समय बिल अवश्य लें, खुली मिठाई या संदिग्ध रंग-गंध वाले उत्पादों से बचें, और किसी भी प्रकार की मिलावट या संदेहास्पद वस्तु की जानकारी हेल्पलाइन 1800-180-5533 या व्हाट्सएप नंबर 9793429747 पर दें।

जनता की राय जुटाने के लिए पोर्टल पर अब तक 42 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त

- ग्रामीण क्षेत्रों से मिले 32.9 लाख और नगरीय क्षेत्रों से 9.36 लाख सुझाव

- 31 वर्ष से कम आयु के 20.5 लाख, 31-60 वर्ष आयु वर्ग के 19.7 लाख लोगों ने दिए सुझाव, 2.06 लाख वरिष्ठ नागरिकों ने भी दी राय

- फीडबैक देने में संभल, जौनपुर, प्रतापगढ़, बिजनौर और गोरखपुर जनपद शीर्ष पर

- नागरिकों ने विकास की दिशा तय करने के लिए ग्रामीण विकास, संस्कृति संरक्षण और सिंचाई प्रणाली के सुझाव दिए

- जन-सहभागिता से उभर रहा विकास का नया मॉडल, ह्यविकसित उत्तर प्रदेश @2047ह्व ने बदली नीति निर्माण की सोच

- अब तक 206 नगर पालिकाओं में बैठकें और 205 में सम्मेलन, 15 नगर निगमों में बैठक व सम्मेलन, 55 जिला पंचायतों में सम्मेलन और 51 में बैठकें, 512 नगर पंचायतों में बैठकें और 515 में सम्मेलन, 666 क्षेत्र पंचायतों में सम्मेलन और 637 में बैठकें सम्पन्न

समाज जागरण

लखनऊ, 16 अक्टूबरः- उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित करने के बड़े लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारम्भ 'विकसित उत्तर प्रदेश@2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियानह्व लगातार जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में शुरू हुआ यह महाभियान प्रदेश के विकास की दिशा तय करने में जनता की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित कर रहा है।

जनता की राय जुटाने के लिए बनाए गए पोर्टल अब तक कुल 42,27,215 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें 32,90,660 ग्रामीण क्षेत्रों से और 9,36,556 नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। आयु वर्ग के अनुसार 20,49,797 सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वालों के हैं, 19,70,776 सुझाव 31 से 60 वर्ष के बीच के नागरिकों के हैं, जबकि 2,06,646 सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों से मिले हैं।

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त सुझावों में कृषि क्षेत्र से 10,11,706, पशुधन एवं डेरी से 1,59,893, उद्योग से 1,43,969, आईटी एवं टेक्नोलॉजी से 1,20,859, पर्यटन से 95,841, ग्रामीण विकास से 8,58,509, अवसंरचना से 36,397, संतुलित विकास से 63,153, समाज कल्याण से 3,11,951, नगरीय एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से 2,99,631, शिक्षा से 10,47,621 और सुरक्षा से 77,692 सुझाव शामिल हैं।

जनपदवार फीडबैक में संभल (1,81,255) पहले स्थान पर रहा, इसके बाद जौनपुर (1,80,671), प्रतापगढ़ (1,57,966), बिजनौर (1,49,973) और गोरखपुर (1,47,902) शीर्ष पाँच जिलों में शामिल हैं। वहीं महोबा (10,119), इटावा (18,546), फतेहपुर (19,697), फिरोजाबाद (21,311) और बागपत (21,631) जिलों से न्यूनतम फीडबैक प्राप्त हुए हैं।

प्रदेश के विभिन्न जिलों से मिले सुझावों में लोगों ने विकास की दिशा स्पष्ट की है। अयोध्या के आलोक द्विवेदी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हर गाँव में सड़क, बिजली, पानी, डिजिटल कनेक्टिविटी, स्वरोजगार और कृषि आधारित उद्योगों की सुविधा बढ़ाई जाए तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को टेली-एजुकेशन और टेली-मेडिसिन से जोड़ा जाए। लखनऊ के ऋषभ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सनातन संस्कृति और विरासत का वैश्विक केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने प्राचीन मंदिरों के संरक्षण, संस्कृत व योग शिक्षण संस्थानों की स्थापना और धार्मिक पर्यटन को विश्वस्तरीय पहचान देने का सुझाव दिया। वाराणसी के ज्ञान प्रकाश पांडे ने कहा कि सिंचाई प्रणाली को आधुनिक बनाना आवश्यक है। उन्होंने नहरों को पक्का करने, सूक्ष्म सिंचाई तकनीक अपनाने, तालाबों के पुनर्जीवन और सौर ऊर्जा पंपों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

महाभियान के अंतर्गत जनजागरण और संवाद के लिए प्रदेशभर में बैठकें, गोष्ठियाँ और सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक 206 नगर पालिकाओं में बैठकें और 205 में सम्मेलन, 15 नगर निगमों में बैठकें व सम्मेलन, 55 जिला पंचायतों में सम्मेलन और 51 में बैठकें, 512 नगर पंचायतों में बैठकें और 515 में सम्मेलन, 666 क्षेत्र पंचायतों में सम्मेलन और 637 में बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं। इसके अलावा 41,476 ग्राम पंचायतों के स्तर पर भी बैठकों का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया है। इन आयोजनों से नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने में बड़ी मदद मिली है।

इससे पहले, अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर तक राज्य के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, किसान, स्वयंसेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया प्रतिनिधि और आम नागरिकों के साथ संवाद किया। इन मुलाकातों में प्रदेश की पिछले आठ वर्षों की विकास यात्रा साझा की गई और आने वाले वर्षों के रोडमैप पर चर्चा करते हुए नागरिकों से सुझाव लिए गए।

मोदी-योगी के नेतृत्व में विश्व पटल पर दिव्य स्वरूप में उभर रही अयोध्या : माणिक साहा

अयोध्या, 16 अक्टूबर : त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के दर्शन कर देश-प्रदेश की शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचकर संकटमोचक बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। अयोध्या आगमन पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साहा ने अयोध्या के तीर्थक्षेत्र के बदलते स्वरूप और तीव्र विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या आज एक नए, भव्य और दिव्य स्वरूप में विश्व पटल पर उभर रही है।

उत्तर प्रदेश में छोटे किसानों के लिए 'रेज़िलिएंस मॉडल' बना उदाहरण: अजय बंगा

- विश्व बैंक अध्यक्ष ने एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में कृषि को तकनीक से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा

- अजय बंगा बोले- उत्तर प्रदेश में देखा ह्यरेज़िलिएंट एग्रीकल्चरह्व का जीवंत मॉडल

- छोटे किसानों के लिए यूपी का कृषि मॉडल बना वैश्विक मिसालः बंगा

- गर्मी-सहनशील बीज और डिजिटल तकनीक से बदल रहा यूपी का ग्रामीण परिदृश्यः विश्व बैंक अध्यक्ष

- बोले- उत्तर प्रदेश ने दिखाया रास्ता, एक खराब सीजन अब नहीं बिगाड़ेगा कृषक की पूरी जिंदगी

- डिजिटल प्लेटफॉर्म बना किसानों की मजबूती की रीढ़, यूपी में तकनीक, बीमा और वित्त का अनूठा संगम

- विश्व बैंक प्रमुख बोले — उत्तर प्रदेश का मॉडल पूरी दुनिया अपना सकती है

समाज जागरण

लखनऊ, 16 अक्टूबर। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने एक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे छोटे किसानों के कृषि मॉडल की सराहना करते हुए कहा है कि ह्लयह सिद्धांत नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है जिसे मैंने अपनी आँखों से देखा है ह्व उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि प्रणाली को इस तरह से तैयार किया गया है कि उसमें रेज़िलिएंस (लचीलापन) शुरूआत से ही निहित है, यह बाद में जोड़ा गया तत्व नहीं है।

अजय बंगा एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे और यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश और योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ जो प्रयोग हो रहे हैं, वे अद्भुत हैं। यहाँ गर्मी सहन करने वाले बीज, मिट्टी के अनुकूल उर्वरक, पुनर्जीवित करने की तकनीकें, कुशल सिंचाई व्यवस्था और मजबूत बीमा-फाइनेंसिंग प्रणाली किसानों के जीवन को स्थिरता देती है। इसका मकसद यही है कि एक खराब मौसम या एक खराब सीजन किसी किसान के लिए पूरी ज़िन्दगी का संकट न बन जाए।

डिजिटल तकनीक है प्रणाली की रीढ़

विश्व बैंक अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस पूरी प्रक्रिया का केंद्र डिजिटल तकनीक है। उन्होंने कहा कि डिजिटल ही वह ग्लू (गोंद) है जो पूरे सिस्टम को जोड़ता है। एक साधारण एआई टूल और बेसिक मोबाइल फोन किसान की फसल की बीमारी की पहचान कर सकता है, उर्वरक की जानकारी दे सकता है, मौसम की चेतावनी पहले ही दे सकता है और भुगतान को सुरक्षित बना सकता है। यही डेटा आगे चलकर किसान की क्रेडिट हिस्ट्री बन जाता है, जिससे उसे सस्ता ऋण और बेहतर वित्तीय पहुंच मिलती है। उन्होंने इसे ह्यवर्चुअस लूपह्व (सकारात्मक चक्र) बताया, जहां डेटा आधारित विश्वास बेहतर अंडरराइटिंग को बढ़ाता है, ऋण सस्ता होता है और अधिक निवेशक इस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ते हैं।

उत्तर प्रदेश बना उदाहरण

अजय बंगा ने कहा कि उन्होंने कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश का दौरा किया था, जहां उन्होंने इस मॉडल को वास्तविक रूप में क्रियान्वित होते देखा। उन्होंने कहा कि मैंने वहाँ देखा कि नींव से लेकर सहकारी संस्थाओं तक, किसानों की रेज़िलिएंस और सबसे बढ़कर डिजिटल प्रणाली, सबने मिलकर एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया। यह एक प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट है, यह मॉडल काम करता है। अब इसे बड़े पैमाने पर लागू करने की आवश्यकता है, और यह पूरी तरह स्केलेबल है। उन्होंने कहा कि इस तरह का मॉडल तभी सफल हो सकता है जब सरकार, व्यवसाय और डेवलपमेंट पार्टनर्स एक ही दिशा में आगे बढ़ें।

उत्तर प्रदेश और विश्व बैंक की साझेदारी हाल ही में विश्व बैंक और उत्तर प्रदेश सरकार ने मिलकर ह्यूपी एग्रीजह्व परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य राज्य में कृषि प्रणाली को तकनीकी और वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है।